सुप्रभात
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
रांची, मंगलवार
08.11.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12
प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं
www.dailykhabarmantra.com कार्तिक, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 115

झारखंड में आज शाम 5:07 से 6:18 बजे तक चंद्र ग्रहण




## न्यूज डायरी

### सीएम को इसी का जवाब दूसरी राय नहीं मांगी गयी

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग (इसी) ने सोमवार को झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को सूचित किया कि राज्यपाल रमेश बैस ने उन्हें अयोग्य ठहराने के मामले में दूसरी राय नहीं मांगी है। सूत्रों ने बताया कि आयोग ने सोरेन को एक पत्र भेजा है जिसमें कहा गया है कि उसे राज्यपाल की ओर से ऐसा कोई संदेश नहीं मिला है। रविवार को रांची में सोरेन ने कहा था कि उन्होंने इसी से कहा है कि वह खनन पट्टा मामले में राज्यपाल द्वारा दूसरी राय मांगे जाने के अनुरोध की एक प्रति उन्हें प्रदान करे।

### यतींद्र कुमार दास को ईडी का समन

**रांची।** अवैध खनन मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही इडी ने गलत तरीके से कंसेंट टू आपरेट (सीटीओ) मामले में राज्य प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के सदस्य सचिव यतींद्र कुमार दास को पूछताछ के लिए समन किया है। उनपर अपने ही आदेश को रद करने का आरोप है। उन्होंने पहले 69 स्टोन क्रशर का सीटीओ रद कर दिया पर कुछ दिनों के बाद ही 23 का सीटीओ बहाल कर दिया था। इडी इसी मामले में उनसे पूछताछ करेगी।

### करोड़ों के विदेशी सांप के साथ महिला धरायी

**जमशेदपुर।** आरपीएफ की टीम ने दिल्ली जाने वाली ट्रेन से भारी संख्या में सांप और अन्य वन्य जीव के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। महिला के पास से विदेशी सांप और अन्य जीव बरामद किया गया है। इसकी कीमत करोड़ों में बताया जा रही है। दिल्ली जाने वाली नीलांचल की जनरल बोगी से उसे दबोचा गया। उसने बैग में काफी संख्या में विदेशी सांप और डिब्बे में हरे रंग की गिरगिट, जहरीली मकड़ी और काला कीड़ा मिला। गया। वह नागालैंड से गुवाहाटी हावड़ा होकर दिल्ली जा रही थी।

### लातेहार : पड़ोसी ने बच्ची से किया दुष्कर्म

**लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र के एक गांव में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आयी है। यहां एक दरिंदे ने 4 साल की बच्ची से दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार 4 वर्ष की बच्ची अपने घर के पास खेल रही थी। इसी बीच पड़ोस में रहने वाला एक युवक ने बच्ची को गोद में उठाकर अपने साथ घर लेकर गया और दुष्कर्म किया।

### यूपीए की सभा में नेताओं बिगड़े बोल

**रांची।** राजभवन के समक्ष सोमवार को केंद्र सरकार के खिलाफ यूपीए का धरना प्रदर्शन जारी रहा। इसमें नेताओं के बिगड़े बोल भी देखने को मिले। बंधु तिर्की ने पहले तो भाजपा कार्यकर्ताओं को पटक-पटक कर मारने की बात कही। फिर मंत्री मिथिलेश ठाकुर भाजपा को चेतावनी देते हुए यह कहते नजर आये कि टांग अड़ाओगे तो तोड़ देंगे। दोनों नेता धरना प्रदर्शन में आये लोगों को संबोधित करते समय अपना आपा खो बैठे। विपक्षी दलों ने इन पर कड़ी आपत्ति जतायी है।

# सीएम को सुप्रीम राहत

## खनन लीज केस : शीर्ष कोर्ट ने कहा याचिका सुनवाई योग्य नहीं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**नयी दिल्ली, रांची।** सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने सीएम हेमंत सोरेन को बड़ी राहत देते हुए खनन पट्टा लीज और शेल कंपनी मामले को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में दर्ज पीआइएल को सुनवाई योग्य नहीं माना है। सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश, जस्टिस दिनेश माहेश्वरी और जस्टिस सुधांशु धुलिया की बेंच ने फैसला सुनाया। दोनों ने माना कि सीएम के खिलाफ इडी जांच के लिए झारखंड उच्च न्यायालय में दायर जनहित याचिकाएं सुनवाई योग्य नहीं हैं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने आदेश पारित करते हुए अपील की अनुमति दी और झारखंड उच्च न्यायालय का आदेश निरस्त कर दिया। सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने पर रांची एयरपोर्ट से जमशेदपुर जाते वक्त मुख्यमंत्री ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से एक ट्वीट कर लिखा- सत्यमेव जयते।

### हाईकोर्ट का आदेश निरस्त



याचिकाकर्ता शिवशंकर शर्मा द्वारा दाखिल पीआइएल को झारखंड हाईकोर्ट ने सुनवाई योग्य माना था। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सीएम हेमंत ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। सीएम का पक्ष रख रहे एडवोकेट जनरल राजीव रंजन ने बताया कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में बताया कि शिवशंकर शर्मा का पीआइएल राजनीति से प्रेरित है। इसका कोई कानूनी आधार नहीं है। इससे पूर्व में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस यूयू ललित, जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस सुधांशु धुलिया की पीठ में मामले पर सुनवाई हुई थी। सरकार की तरफ से पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने याचिका पर सवाल उठाते हुए कहा था कि झारखंड हाईकोर्ट में शिव शंकर शर्मा की तरफ से दो जनहित याचिका दायर की गयी हैं, जो भयादोहन के लिए किया गया है। (शेष पेज 11 पर)

### मुख्यमंत्री ने लिखा सत्यमेव जयते



इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई वाली राहत भरी खबर को रिट्वीट करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लिखा - सत्यमेव जयते। वहीं, मुख्यमंत्री की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में पक्ष रख रहे झारखंड हाईकोर्ट के एडवोकेट जनरल राजीव रंजन ने कोर्ट के फैसले की विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बताया कि याचिकाकर्ता शिवशंकर शर्मा की याचिका मोटिवेटेड है। उसका कोई भी कानूनी आधार नहीं है। कोई सबूत या साक्ष्य नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि याचिकाएं सुनवाई योग्य नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के उस आदेश को निरस्त कर दिया जिसमें उन्होंने याचिका को सुनवाई योग्य माना था।

# सवर्ण गरीबों को 10% आरक्षण जारी रहेगा



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के लोगों को 10% आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मुहर लगा दी। इस फैसले का फायदा सामान्य वर्ग के लोगों को शिक्षा और सरकारी नौकरी में मिलेगा। 5 न्यायाधीशों में से 3 ने इकोनॉमिकली वीकर सेक्शंस (इडब्लूएस) रिजर्वेशन पर सरकार के फैसले को संवैधानिक ढांचे का उल्लंघन नहीं माना। यानी अब यह आरक्षण जारी रहेगा। सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान बेंच ने 3-2 के बहुमत फैसला सुनाया। जस्टिस दिनेश माहेश्वरी, जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस जेबी पारदीवाला ने इडब्लूएस आरक्षण को वैध करार दिया जबकि चीफ

### सुप्रीम कोर्ट की संविधान बेंच का 3-2 के बहुमत से फैसला

जस्टिस यूयू ललित और जस्टिस एस रविंद्र भट्ट ने इससे असहमति जतायी। भाजपा ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर हर्ष जताया वहीं कांग्रेस ने भी स्वागत किया है। तीनों जजों ने कहा कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण संविधान की मूल भावना का उल्लंघन नहीं करता है। तीनों जजों ने संविधान के 103वें संशोधन को वैध करार दिया है। बेंच के सदस्य जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि आरक्षण अनिश्चित काल के लिए नहीं बरकरार रखा जा सकता है। वहीं जस्टिस बेला त्रिवेदी ने कहा कि आरक्षण की नीति की दोबारा पड़ताल करने की जरूरत है। (शेष पेज 11 पर)

# भाड़े पर लोग जुटा कर हंगामा करा रहे हैं

**जमशेदपुर (विशेष संवाददाता)।** खनन मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद सीएम हेमंत सोरेन सोमवार को जमशेदपुर दौरे के दौरान पूरी तरह चार्ज दिखे। उन्होंने विपक्ष को खुलकर आइना दिखाया। सीएम ने कहा कि अब विपक्ष के पास कोई मुद्दा ही नहीं बचा। भाड़े पर लोगों को जुटा कर धरना प्रदर्शन कर रहा है। विपक्षी दल लोगों आपस में लड़ा कर झारखंड को अस्थिर करना चाहता है। आपकी योजना,आपकी सरकार ,आपके द्वार समारोह के दौरान उन्होंने पूर्वी सिंहभूम की जनता को अरबों रुपये की सौगात दी। (शेष पेज 11 पर)

### विपक्ष पर बरसे सीएम









गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 48,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 63,000 रु./प्रति किलो |

# दो माह से चली आ रही राजस्व उप निरीक्षकों की हड़ताल समाप्त

**अब हो सकेंगे म्यूटेशन समेत अन्य कार्य, छह मांगों पर बनी सहमति**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के राजस्व उप निरीक्षकों की की करीब दो माह से चली आ रही हड़ताल सोमवार को समाप्त हो गयी। सात नवंबर को राजस्व उप निरीक्षक संघ और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के संयुक्त सचिव दशरथ चंद्र दास के साथ हड़ताल समाप्ति को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किया गया। समझौते पर संघ के अमर सिन्हा ने हस्ताक्षर किया है। सोमवार को हुई वार्ता के तहत 24 सौ रुपये का ग्रेड पे देने को लेकर उच्च स्तरीय कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा 10 अक्तूबर 2022 को ली गयी संयुक्त परीक्षा के आधार पर राजस्व उप निरीक्षकों को अंचल निरीक्षक के पद पर प्रमोशन देने पर सहमति बनी।

कुल 49 राजस्व उप निरीक्षकों को इस पद पर प्रमोशन दिया जायेगा। खाली पड़े पदों पर जल्द ही सरकार की तरफ से सभी जिलों से अधियाचना भी मांगी गयी है। राजस्व उप निरीक्षकों को सरकारी कार्य करने के लिए लैपटॉप देने का निर्णय भी लिया गया। राजस्व उप निरीक्षकों की हड़ताल में 11 सूत्री मांगे शामिल थीं। वार्ता को लेकर अन्य मांगों पर बाद में निर्णय लिया जायेगा।

300 अंचलों का कामकाज हो गया था प्रभावित राजस्व उप निरीक्षकों की हड़ताल की वजह से 300 अंचलों का कामकाज प्रभावित हो गया था। 30 लाख आवेदन प्रमाण पत्र के लंबित हो गये थे। लगभग एक लाख दाखिल खारिज के आवेदन भी अंचलों में लंबित हो गये थे। राजस्व कर्मियों का आंदोलन खत्म होने के बाद अब अंचल के कार्य सुचारु रूप से चलेंगे। इसके साथ ही राज्य भर में लम्बित म्यूटेशन के मामलों का भी निष्पादन तेजी से होगा। एक अनुमान के मुताबिक राजस्व कर्मचारियों के आंदोलन के कारण हजारों म्यूटेशन के मामले लम्बित पड़े हुए हैं। इससे सरकार को राजस्व का भी नुकसान हो रहा था।


फाइल फोटो

## राजभवन के सामने सत्ता पक्ष ने भरी हुंकार, लगाया आरोप

# राज्य सरकार को अस्थिर करने का हरसंभव प्रयास कर रहा केंद्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय एजेसिंयों के दुरूपयोग किये जाने के खिलाफ झारखंड की राजनीति गरमाई हुई है। इसी को लेकर सोमवार को राजभवन के सामने झामुमो, कांग्रेस और राजद ने एकजुट होकर महाधरना दिया। सत्ताधारी दल के नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार एक लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने का षड्यंत्र कर रही है। केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग किया जा रहा है। सत्तारूढ़ गठबंधन ने राज्यपाल के माध्यम से राष्टपति के नाम ज्ञापन भी सौंपा। कार्यक्रम में झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो, झामुमो प्रवक्ता विनोद पांडे, झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, विधायक बैजनाथ राम, मथुरा प्रसाद महतो, अनूप सिंह, बंधु तिर्की, अजय नाथ शाहदेव समेत महागठबंधन के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।



महाधरना में नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग कर राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्री को परेशान कर रही है। महागठबंधन के विधायकों को भी परेशान किया जा रहा है।

सत्ताधारी दल के नेताओं द्वारा राष्ट्रपति के नाम राज्यपाल को सौंपे गये ज्ञापन में लिखा गया है कि गठबंधन की सरकार को केंद्रीय एजेंसियों की मदद से अपदस्थ करने की कोशिश की जा रही है। विधायकों को तोड़ने की कोशिश की जा रही है। सरकार अपने वादों के अनुरूप तेजी से जनहित के कार्य कर रही है तो विपक्ष की हताशा बढ़ती जा रही है। इसलिए सरकार को अस्थिर करने के लिए चुनाव आयोग, ईडी और इनकम टैक्स विभाग की गतिविधियां तेज हो गई है।

सत्ताधारी दलों ने आरोप लगाया है कि पिछले छह माह से यह साजिश चल रही है। एजेंसियों के गोपनीय कदम की जानकारी भाजपा नेताओं के ट्वीट से मिलती है। दिशोम गुरू शिबू सोरेन को भी बदनाम करने की साजिश की जा रही है। एक साजिश के तहत उनके खिलाफ लोकपाल में शिकायत दर्ज करवाई गई। इससे साफ है कि केंद्र सरकार के इशारे पर केंद्रीय एजेंसियां चुनी हुई सरकार को अस्थिर करना चाह रही हैं।

## भाजपा के आक्रोश मार्च में प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश बोले

# डूबती हुई नैया साबित हो रही झारखंड की गठबंधन सरकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा है कि राज्य की गठबंधन सरकार अब डूबती नैया है। श्री प्रकाश सोमवार को पूर्वी सिंहभूम जिला के डुमरिया प्रखंड के आक्रोश मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आक्रोश मार्च में इतनी बड़ी संख्या में अपने घर से बाहर आये उसे देखते हुए यह कहा जा सकता है कि जल्द ही गठबंधन सरकार की कुर्सी जा सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की विफलता से जनता त्राहिमाम कर रही है। राज्य सरकार अपने मेनिफेस्टो में झूठे वादे करके सत्ता हासिल की है। महागठबंधन दलों ने सत्ता में आते ही 5 लाख लोगों को रोजगार देने का वादा किया था। स्नातकों को प्रति माह 5 हजार



एवम स्नातकोत्तरों को 7 हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता दिया जायेगा। किसानों के 2 लाख तक का लोन माफ किया जायेगा। किसानों को मुफ्त में बिजली दी जायेगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा की पूर्व की सरकार के द्वारा राज्य के आदिवासी, पिछड़े को अनुबंध पर जो नौकरी दी गयी थी, उसे भी छिनने का कार्य इस सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड कायम किया है। एक जिला में एक हजार करोड़ का घोटाला उजागर हुआ है। बहन बेटियां अब अपराधियों और गुंडों से अपने घरों में सुरक्षित नहीं है।

## दस जिलों में करीब 20 हजार लोग आक्रोश मार्च में हुए शामिल : भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को 10 जिलों के 12 प्रखंडों में लगभग 20 हजार लोग आक्रोश प्रदर्शन में शामिल हुये। उन्होंने बताया कि रांची जिला के नामकुम, पलामू के पीपरा, हजारीबाग के दारु, चतरा के पत्थलगड्डा, हंटरगंज, गिरिडीह के गांडेय, पूर्वी सिंहभूम के डुमरिया सरायकेला खरसावां के कुचाई, पाकुड़ के हिरणपुर, पश्चिमी सिंहभूम के बंदगांव, देवघर के मोहनपुर और देवघर नगर प्रखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन हुये। डुमरिया में प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने नेतृत्व किया। गांडेय में नेता विधायक दल बाबूलाल मरांडी शामिल हुये। अन्य स्थानों पर विधायक नवीन जायसवाल, समरी लाल, बीडी राम, मनीष जायसवाल, किशुन दास सहित अन्य शामिल हुये। उन्होंने बताया कि कल मंगलवार को 7 जिलों के 11 प्रखंड में आक्रोश प्रदर्शन आयोजित है। पलामू के विश्रामपुर, हरिहरगंज, छत्तरपुर, मेदनीनगर, लातेहार के बालूमाथ, गिरिडीह के बेंगाबाद, दुमका के रानेश्वर, जामताड़ा के कुंड हित साहेबगंज के तलझारी, प. सिंहभूम के आनंदपुर प्रखंड शामिल है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को बेंगाबाद प्रखंड में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी शामिल होंगे।

## कांग्रेस नेता बंधु तिर्की के बिगड़े बोल- जरूरत पड़े तो भाजपा कार्यकर्ताओं को पटक-पटक कर मारो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय एजेंसियों के दुरूपयोग के नाम पर सूबे का राजनीतिक परा गर्म है। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष दोनों सड़क पर हैं। सोशल मीडिया पर चलनेवाली जंग अब सड़क पर आ गयी है। इसी कड़ी में झारखंड में ईडी एक्शन के खिलाफ राजभवन के सामने झारखंड के सत्ताधारी दलों का जुटान सोमवार को हुआ। केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग और लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने के षड्यंत्र के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के भाजपा के खिलाफ बोलकर चर्चा में आ गये हैं।



महाधरना में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को पटक-पटक कर मारने की जरूरत पड़े तो पटक पटक कर मारो। उन्होंने कहा कि राज्यपाल रायपुर में जाकर बयान देते हैं, जिस भाषा का प्रयोग राज्यपाल ने रायपुर में किया है वह कतई माफ करने लायक नहीं है। उन्होंने कहा कि हमलोग जांच का विरोध नहीं करते हैं, भ्रष्टाचार के खिलाफ हमलोग भी हैं, लेकिन अगर राजनीतिक प्रतिशोध झारखंड में करोगे तो कुचल दिए जाओगे। भाजपा कार्यकर्ताओं के एक-एक काले कारनामों को जनता के बीच रखो। डरना नहीं है ये लोग 2024 का ताना बाना कर रहा है। हेमंत सोरेन सरकार का कार्यकाल पूरा होगा।

**भाजपा की प्रतिक्रिया :** बंधु तिर्की के बिगड़े बोल पर बीजेपी उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने ट्विट कर कहा– पहले भ्रष्टाचार करो, पकड़े जाओ तो हिंसा के लिए उकसाओ। कांग्रेस को नहीं पता है कि भाजपा कार्यकर्ता किस मिट्टी के बने हैं। केरल–बंगाल में हमें हिंसा डरा नहीं सकी है। भाजपा कार्यकर्ता अब मार नहीं खाता है, बराबर में जवाब देता है। गलती से कोई हाथ मत लगा देना।

## राज्य में संवैधानिक संकट का माहौल हस्तक्षेप करें राज्यपाल : रघुवर दास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने राज्यपाल को पत्र लिखकर कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मजमा लगाकर राज्य में हिंसा भड़काने की साजिश कर रहे हैं। इससे राज्य संवैधानिक संकट की तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसी के द्वारा राज्य में हुये व्यापक भ्रष्टाचार के मामले में की जा रही जांच के संदर्भ में मुख्यमंत्री को समन जारी किया गया है। संवैधानिक व्यवस्था एवं कानून के शासन के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति बड़ा या छोटा नहीं होता। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने प्रवर्तन निदेशालय के द्वारा जारी किये गये समन का पालन करने के बजाये एक ओर तो प्रवर्तन निदेशालय से समय की मांग की है। लेकिन, दूसरी ओर अपने आवास के बाहर अपने कार्यकर्ताओं को बुलाकर प्रदर्शन में हिस्सा लिया और भीड़ को संबोधित करते हुए ललकारा। इडी जांच के विरोध में झामुमो के लोगों को सीएम ने प्रदर्शन करने का निर्देश दिया इसलिये सीएम के भाषणों की जांच होनी चाहिये।

### हाइकोर्ट के वकील राजीव कुमार की बेल पर अब कल होगी सुनवाई

**रांची।** पीएलआई मैनेज करने में लिए कैश लेने के आरोपी अधिवक्ता राजीव कुमार की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट अब बुधवार को सुनवाई करेगा। सोमवार को इस केस की सुनवाई नहीं हो पायी। बता दें कि पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने बेल पिटिशन पर सुनवाई करते हुए इडी से जवाब मांगा था। बता दें कि कैश कांड में फंसे अधिवक्ता राजीव कुमार ने जमानत के लिए झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। वहीं 1 अक्टूबर को रांची इडी की विशेष कोर्ट ने उन्हें बेल देने से इंकार करते हुए बेल पिटीशन रिजेक्ट कर दिया था। निचली अदालत से राहत नहीं मिलने के बाद राजीव कुमार ने हाईकोर्ट से बेल देने की गुहार लगायी है।


**Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd.**
(CIN: U40108JH2013SGC001703)
Regd. Office:- Engineering Building H.E.C, Dhurwa, Ranchi- 834004 Email- cegenjuunl@gmail.com

2nd Time Extension Notice

NIT No.- 13/PR/JUUNL/2022-23

E-Tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part-II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works:-

| | |
|---|---|
| Name of Work | Appointment of consultant for supporting (SRHP, Sikidiri) JUUNL for filing Petition of True-Up from F.Y. 2016 -17 to F.Y. 2020 -21 & Business Plan and MYT, APR/ARR for Control Period (F.Y. 2021 -22 to F.Y. 2025 -26) and subsequent Annual Petitions for True up from F.Y. 2021 -22 to F.Y. 2023 -24 with Jharkhand State Electricity Regulatory Commission. |
| Revised Calendar of Events | |
| Last date/ Time of receipt update | 18.11.2022 at 04:00 PM |
| Date & Time for opening of Technical Bid | 23.11.2022 at 04:00 PM |

All other terms & condition will be remain the same.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतें को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 277553 — Sd/- General Manager (Technical)JUUNL

PR 281651 (Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd)22-23*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**एन0 आर0 ई0 पी0–II, रॉंची**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–03/2022–23**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता एन0 आर0 ई0 पी0–II, रॉंची।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 12.11.2022 से 24.11.2022 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 25.11.2022 के अपराह्न 03:00 बजे तक। जिला नियंत्रण कक्ष, रांची।
4. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 25.11.2022, 3:30 बजे अपराह्न तक। जिला नियंत्रण कक्ष, रांची।
5. परिमाण विपत्र की ब्रिकी का स्थान :– (1)कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन0 आर0 ई0 पी0– II, रॉंची। (2) परियोजना निदेशक का कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, रॉंची।
6. निविदा का मद :– अल्पसंख्यक बालक छात्रावास के मरम्मति/जीर्णोद्वार
7. कार्य की विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

| क्रम सं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रू में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू में) | अग्रधन की राशि (रू में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 100 शैय्या अल्पसंख्यक छात्रावास फातिमा गर्ल्स एकेडमी, ईटकी, रॉंची में किचेन–सह–डायनिंग स्पेष का निर्माण। | 9,86,000.00 | 1,250.00 | 19,800.00 | 03 माह |

निविदा की अन्य शर्तें सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, एन0 आर0 ई0 पी0–II, रॉंची

PR 281620 NREP(22-23)#D

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, अवर प्रादेशिक नियोजनालय,रॉंची**
**भर्ती–कैम्प दिनांक–10.11.2022 एवं 11.11.2022**

**सूचना**

अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, रॉंची के कार्यालय परिसर में दिनांक 10.11.2022 एवं 11.11.2022 को पूर्वाहन 10:30 बजे से अपराहन 4:00 बजे तक भर्ती कैम्प का आयोजन किया जाना है। जिसमें निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठान ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है, कैम्प में भाग लेने वाले अभ्यर्थी उपरोक्त तिथि को 10 से 11:30 बजे तक अपनी उपस्थिति निश्चित रूप से दर्ज करेंगें।

| SL. NO | NAME AND ADDRESS OF THE EMPLOYER | POST | NO OF VACANCIES | QUALIFICATION | AGE | SALARY | REMARKS | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Date- 10-11-2022 | | | | | | | | |
| 01. | WALKAROO INTERNATIONAL PVT. LTD. | TRAINEE MACHINE OPERATOR | | 8TH TO 12TH PASS | 20-40 YRS | 11800.00 | 01. ESIC, EPF, BONUS, GRATUITY 02. VARIABLE PAY - OVERTIME ALOOWANCE, INCENTIVE, SHIFT ALLOWANCE, PRODUCTION INCENTIVE ETC. 03. OTHER BENEFITS- ACCOMODATION FACILITY, CANTEEN FACILITY AS PER COMPANY POLICY. | Bengaluru |
| Date- 11-11-2022 | | | | | | | | |
| 02. | INTERNATIONAL PROTECTION SECUSAFE | TRAINEE ENGINEER | 50 | DIPLOMA/B.TECH IN MECHANICAL ENGINEER | 18-30 | RS. 15300 CTC PER MONTH+OVER TIME EXTRA | 01. PF DEDUCTION . 02. SUBSIDIZED FOOD RS 10 PER DITE ON DUTY TIME. | AHMEDABAD |
| | | TRAINEE OPERATOR | 150 | 10TH/12TH/ITI (TECHNICAL TRADES) | 18-35 | RS. 11300 GROSS PER MONTH+OVER TIME EXTRA. | 01. PF DEDUCTION . 02. SUBSIDIZED FOOD RS 10 PER DITE ON DUTY TIME. | |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www. _ पर 10:00 से 12:00 बजे तक अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प मे नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा। रिक्तियों की संख्या घट/बढ़ सकती है। कोविड–19 हेतु निर्गत दिशा निर्देशों/SOP का दृढतापूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक है अतः सामाजिक दूरी का पालन, फेस मास्क, सेनिटाइजर एवं ग्लब्स इत्यादि का उपयोग करेंगें।

सहायक निदेशक (नियो0), अवर प्रादेशिक नियोजनालय, रांची

PR 281684 Labour Employment and Traning(22-23)#D

**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**
**निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पूर्व में विज्ञापित ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :–25/2022–23 (PR 280580 District (22-23)_D के सहपठित ज्ञापांक 1554 दिनांक 18.10.2022 द्वारा निकाले गये निविदा को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है :–

जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।

PR.NO.281656 District(22-23):D

**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(समाज कल्याण शाखा)**

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए कोडरमा जिला अन्तर्गत सभी परियोजना कार्यालय में निः शक्त व्यक्तियों को विशेश यंत्र एवं उपकरण उपलब्ध कराने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता /एजेन्सी अपनी निविदा का आवेदन मुहरबंद लिफाफे में उपायुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए स्थान–जिला समाज कल्याण कार्यालय कोडरमा में दिनांक–14/11/2022 को पूर्वाहन/अपराहन 12:00 बजे तक हाथों–हाथ जमा कर सकते है। उक्त निविदा उसी दिन अपराहन 01:00 बजे समाहरणालय सभा कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा।

विशेष यंत्र एवं उपकरणों के नाम निम्न है :–

| क्र0 सं0 | सामग्री का नाम |
|---|---|
| 1. | ट्राईसाइकिल (वयस्क) |
| 2. | व्हील चेयर (वयस्क) |
| 3. | बैशाखी (वयस्क) |
| 4. | बैशाखी (मध्यम) |

नोटः– उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट www. koderma.nic.in तथा जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा से प्राप्त की जा सकती है।

उपायुक्त, कोडरमा

PR 281611 (Social Welfare,Women and Child Development)22-23*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, रॉंची।
**अतिअल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

टेन्डर रेफरेन्स नं0–प0नि0वि0/रॉंची–28/2022–23 दिनांक :– 05.11.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | बिरसा राज पथ में सहजानन्द चौक के चारो तरफ पथ का एवं अरगोड़ा चौक के चारो तरफ पथ का सतहनवीकरण कार्य वर्ष 2022–23. |
| 2. | प्राक्कलि राशि (रू0 लाख में) | रू0 120.00 लाख (रूपये एक करोड़ बीस लाख) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि (रू0 लाख में) | रू0 2.40 लाख (रूपये दो लाख चालिस हजार) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 01 (एक) महीना |
| 5. | वेबसाईड पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 08.11.2022 10.30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/ समय | 14.11.2022 12.00 बजे दोपहर तक |
| 7. | निविदा खोलने तिथि/ समय | 16.11.2022 12.30 बजे |
| 8. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल रॉंची, मोहराबादी, रॉंची–834008. |
| 9. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651–2361018 |
| 10. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2403007 |

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे *Tender Online Upload* में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव *http://jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए *UCAN* निबंधन आवश्यक है।
- नियम एवं शर्तें के लिए वेबसाईट *http://jharkhandtenders.gov.in* पर देखें।

कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल,रॉंची।

PR 281594 Road Construction Dept Road Division Ranchi(22-23)D

**BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING).
KUTCHERY CHOWK, RANCHI -834001

**OA CASE NO.08 OF 2022**

BETWEEN

BANK OF INDIA,TANGAR BRANCH, TANGAR, RANCHI. ----APPLICANT BANK

Vs

MD.HASBUL ........DEFENDANTS

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993

| Sr. No. | DEFENDANTS | ADDRESSS |
|---|---|---|
| 1 | MOHAMMAD HASBUL S/O MD.HAIDER ALI | R/O VILLAGE TANGAR,P.O.TANGAR P.S.CHANHO, DISTT RANCHI-835214. |
| 2 | AFSANA KHATOON W/O MD HASBUL | R/O VILLAGE TANGAR, P.O.TANGAR P.S. CHANHO, DISTT-RANCHI JHARKHAND-835214 |
| 3 | MD.HAIDER ALI S/O LATE SHEIKH MADIN | R/O VILLAGE-TANGAR P.O. TANGAR P.S. CHANHO,DISTT RANCHI-835214 |

Whereas, the Applicant has instituted an application u/s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for recovery of sum of **Rs.2004628.00 (Rupees TWENTY LAKHS FOUR THOUSAND SIX HUNDRED TWENTY EIGHT ONLY** together with current and future interest, cost and for other reliefs

The above mentioned Defendant(s) is/are therefore directed to **appear before the Registrar** in person or through an advocate or duly authorized agent, in support of his/their defence to show-cause on **5TH DAY OF JANUARY 2023 at 10.30 A.M.** as to why the reliefs prayed for should not be granted and to file show cause in the matter.

Take notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **28TH DAY OF SEPTEMBER 2022.**

Sd/- D.K. Mahto, Registrar

# पिता ने डेढ़ वर्षीय बच्ची को धुर्वा डैम में फेंका था, जुर्म स्वीकारा, शव बरामद

**पत्नी का अवैध संबंध होने के शक में दो दिन पूर्व घटना को दिया था अंजाम**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पत्नी का किसी अन्य युवक से संबंध होने के शक में पति ने अपनी ही डेढ़ साल की बच्ची को धुर्वा डैम में फेंककर हत्या दी। मामला जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र का है। सोमवार को धुर्वा डैम से एनडीआरएफ की टीम के साथ पुलिस ने बच्ची का शव बरामद कर लिया। हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा ने कहा कि जांच में खुलासा हुआ कि पिता ने ही बच्ची को डैम में फेंका है। एनडीआरएफ की सहायता से बच्ची का शव सोमवार को बरामद किया गया।

**दो दिन से गायब थी बच्ची :** एचईसी कॉलोनी के धुर्वा सेक्टर टू साइड फोर से शनिवार से ही डेढ़ साल की मासूम बच्ची अचानक लापता हुई थी। पुलिस के सहयोग से लापता बच्ची को खोजा जा रहा था लेकिन बच्ची का कोई सुराग नहीं मिल रहा था। इसके बाद वस्तु स्थिति को जानने के लिए पुलिस बच्ची के माता-पिता को पूछताछ के लिए थाने में बुलाया। दोनों से हुई अलग-अलग पूछताछ में पुलिस को यह जानकारी मिली कि बच्ची के पिता ने ही उसे धुर्वा डैम में फेंक दिया है, उसे इस बात का शक था कि वो बच्ची उसकी संतान नहीं है। इसी उधेड़बुन में बच्ची को शनिवार को घर के बाहर से उठाया और उसे धुर्वा डैम में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी पिता अमित कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

**पत्नी पर अवैध संबंध का शक :** आरोपी पिता ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी का दूसरे के साथ अवैध संबंध के शक में अक्सर विवाद हुआ करता था। आरोपी ने पुलिस को घटना की पूरी जानकारी दी। उसने बताया कि शनिवार की शाम उसकी बेटी क्वार्टर के बाहर खेल रही थी, उस वक्त उसकी पत्नी क्वार्टर के भीतर किसी काम में उलझी हुई थी। बाजार जाने के बहाने वह क्वार्टर से निकला और बच्ची को गोद में लेकर निकल गया। वो बच्ची को लेकर सीधे धुर्वा डैम पहुंचा और उस वक्त डैम के आसपास कोई नहीं था। उसे फेंक कर वहां से निकल गया, काफी देर बाद जब उसकी पत्नी का फोन आया कि बच्ची नहीं मिल रही है तब वह घर पहुंचा। इसके बाद वह पत्नी के साथ बच्ची को खोजने का नाटक भी करता रहा। इसके बाद दोनों जगन्नाथपुर थाना पहुंचे और पुलिस को मामले की पूरी जानकारी दी। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच शुरू की थी।आरोपी अमित मूलरूप से लातेहार का रहने वाला है, वह एक निजी कंपनी में काम करता है। धुर्वा सेक्टर टू साइड फोर स्थित एक क्वाटर में वह किराए पर पत्नी व पुत्री के साथ रहता है।

**धरना-प्रदर्शन से राजधानी की लगभग हर मार्ग में रेंगती रहीं गाड़ियां**

# सड़क पर उतरे सत्ताधारी दल, खतियानी मोर्चा, सहिया और सीपीआइ कार्यकर्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजनीतिक दलों के विरोध प्रदर्शन के कारण सोमवार को राजधानी में दिनभर जाम लगा रहा। राजधानी की सड़कों पर राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं के अलावा सहिया दीदी भी उतरी हुईं थीं। सभी दल और संगठन अपनी मांगों को लेकर राजभवन मार्च कर रहे हैं। घेराव और प्रदर्शन के लिए राज्यभर से आये कार्यकर्ता सुबह से ही रांची में जुटने लगे थे। इसके कारण राजभवन पहुंचने वाली सभी मुख्य सड़कों में सुबह 9 बजे से ही जाम लगना शुरू हो गया था। एक तरफ लोग स्कूल-कॉलेज, दफ्तर और दुकानों के लिए निकले, तो दूसरी तरफ कार्यकर्ता घेराव में शामिल होने के लिए निकले। इससे सभी प्रमुख सड़कों पर जाम लग गया। सुबह 9 बजे से 12 बजे तक कांटाटोली से राजभवन पहुंचने वाली सड़क पर गाड़ियां रेंगकर चलती रही। वहीं बरियातू, कोकर, पिस्का मोड़, किशोरगंज और कांके रोड से राजभवन तक पहुंचने वाली सड़क पर भी भारी जाम लगा रहा। जाम के कारण एंबुलेंस और स्कूल बसों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। करमटोली चौक पर एक एंबुलेंस जाम में फंस गया, वहीं मंत्री रामेश्वर उरांव का काफिला भी कुछ देर के लिए जाम में फंस गया।





बता दें कि सत्ताधारी दल झामुमो, कांग्रेस और राजद मुख्यमंत्री को ईडी द्वारा समन भेजने के खिलाफ राजभवन के सामने प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं खतियान जमीन बचाओ संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर 9 सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता सीएनटी-एसपीटी, मुंडारी-खुंटकट्टी अधिकार समेत कई मुद्दों को लेकर राजभवन मार्च कर रहे हैं।

उधर पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता के नेतृत्व में सीपीआई के भी कार्यकर्ता राजभवन पहुंचे हुए थे। पोषण सखी और सहिया भी अपनी मांगों को लेकर राजभवन के सामने प्रदर्शन कर रही हैं।

# जेएसपीसीबी के सदस्य सचिव को इडी का समन

**अवैध खनन मामला**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव यतींद्र कुमार दास को अवैध पत्थर खनन मामले में नोटिस जारी किया है। सूत्रों के अनुसार साहिबगंज जिले में प्रदूषण मानकों का पालन नहीं करने के नाम पर 69 स्टोन क्रशर इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई के सिलसिले में पूछताछ की जायेगी। इन इकाइयों के संचालन की सहमति वापस ले ली गई। बाद में जेएसपीसीबी ने 23 स्टोन क्रशर इकाइयों के सीटीओ को बहाल कर दिया। आरोप है कि पंकज मिश्रा ने जेएसपीसीबी पर दबाव डाला कि खनन संबंधी गतिविधियों के लिए केवल उन्हीं लोगों को सहमति दी जाये जो सिंडिकेट के करीबी हैं। जेएसपीसीबी की कार्रवाई का उद्देश्य संथाल परगना की खनन लॉबी के हितों को पूरा करना था, जो कथित तौर पर पंकज मिश्रा द्वारा नियंत्रित है।

**सरयू राय ने उठाया था मामला :** यह मामला विस के बजट सत्र के दौरान निर्दलीय विधायक सरयू राय ने उठाया था। इसका बचाव करते हुये सरकार ने कहा था कि यह नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के मद्देनजर किया गया था। साहिबगंज में जिले के कठिन इलाके में फैले 200 से अधिक स्टोन क्रशर और स्टोन माइनिंग साइट हैं। यह आदेश यतींद्र कुमार दास ने जारी किया था।

## झारखंड में आज शाम 5:07 से 6:18 बजे तक चंद्र ग्रहण

**रांची।** भारत समेत दुनिया के कई देशों में मंगलवार, 8 नवंबर को चंद्र ग्रहण लग रहा है। चूंकि यह साल का दूसरा और अंतिम चंद्र ग्रहण है, इसलिए इसे देखने के लिए दुनिया भर की निगाहें प्रतीक्षारत हैं। झारखंड की राजधानी रांची में मंगलवार शाम 5:07 बजे से शाम 6:18 बजे तक इस चंद्र ग्रहण को देख सकते हैं। इसी समय यह अद्भुत खगोलीय घटना को जमशेदपुर, धनबाद, हजारीबाग, पलामू, गढ़वा, बोकारो, कोडरमा, चाईबासा, सरायकेला खरसावां, दुमका, गिरिडीह आदि जिलों में भी देख सकते हैं। झारखंड से सटे बिहार में यह अदभुत नजारा शाम 5:05 बजे से शाम 6:18 बजे तक देखा जा सकता है। खगोल विज्ञानियों की मानें तो भारत में यह चंद्र ग्रहण शाम 4.23 बजे से 6.19 बजे तक विभिन्न राज्यों में देखा जायेगा।

**सीएम के अधिवक्ता ने पत्र लिख किया अनुरोध**

# राज्यपाल को इसीआइ दोबारा मंतव्य नहीं दे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अधिवक्ता वैभव तोमर ने भारत निर्वाचन आयोग को 31 अक्टूबर 2022 को एक बार फिर चुनाव आयोग को पत्र भेजा है। पत्र में केस संख्या 3-2022 मामले में राज्यपाल द्वारा आयोग से मांगी गयी दूसरे मंतव्य की कॉपी उपलब्ध कराने की मांग की है। अधिवक्ता ने पत्र में झारखंड के राज्यपाल द्वारा इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया को 27 अक्टूबर के दिन छत्तीसगढ़ के रायपुर में दिए बयान का भी उल्लेख किया है।इसमें राज्यपाल ने अपने बयान में कहा था कि निर्वाचन आयोग से उपरोक्त मामले में दोबारा मंतव्य मांगा गया है। यह भी लिखा है कि उनके मुवक्किल को निर्वाचन आयोग से इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। इसलिए जानकारी उपलब्ध करायी जाये। साथ ही, संविधान के अंतर्गत गठित निर्वाचन आयोग एक स्वतंत्र संस्थान है और उनके मुवक्किल की बात को निष्पक्ष और प्रभावी ढंग से सुने बिना राज्यपाल द्वारा आयोग से मांगे गये दूसरे मंतव्य पर राय न दें।




# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को लेकर अधिकारियों को निर्देश जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल होंगी। राष्ट्रपति 14 और 15 नवंबर को रांची और खूंटी जिले में रहेंगी। इसे लेकर तैयारी तेज कर दी गयी है। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर विभिन्न विभागों के सचिवों और आईएएस अधिकारियों को जिम्मेवारी दी गयी है। अधिकारियों का काम विभिन्न विभागों और जिलों से समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित कार्यक्रम स्थलों पर सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करना है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव मनीष रंजन को योजना के शुभारंभ के लिए जनसंपर्क विभाग द्वारा तैयार किए जा रहे ऑडियो विजुअल क्लिप संबंधित विभागों से लेना और उसे 15 नवंबर को एवी क्लिप के प्रदर्शन की तैयारी करना है। मीडिया संबंधी गतिविधियों के संचालन तथा कार्यक्रम के लगने वाले होर्डिंग, बैनर, इलेक्ट्रानिक विज्ञापन, भीड़ नियंत्रण सुनिश्चित करना है। जल संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार को मोरहाबादी मैदान पर सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करना है। कल्याण विभाग के सचिव के श्रीनिवासन खूंटी में आयोजित कार्यक्रमों तथा इसका केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय सरकार से समन्वय स्थापित करेंगे। परिमाप निदेशालय के निदेशक उमाशंकर सिंह को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को प्रोटोकॉल संबंधी कार्यों में सहायता देना है। वहीं, खान एवं भूतत्व विभाग के निदेशक अमित कुमार 15 नवंबर को उद्घाटन और शिलान्यास के प्रस्तावित योजनाओं की सूची तैयार करना है। मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी को रांची और खूंटीद्ध से समन्वय स्थापित करत लाभुकों की सूची तैयार करना है।

**15 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस समारोह की मुख्य अतिथि हैं राष्ट्रपति**



## भवन निर्माण विभाग के सचिव को हाई कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश

**रांची।** पंडरा स्थित कृषि बाजार की दुकानों के जिला प्रशासन द्वारा इस्तेमाल किए जाने के मामले का झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई में भवन निर्माण सचिव को सशरीर कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश दिया है। स्ट्रॉन्ग रूम के निर्माण एवं दुकान के इस्तेमाल पर विभाग की ओर से जवाब दाखिल नहीं होने पर अदालत ने नाराजगी भी जाहिर की है। अब अदालत इस मामले की अगली सुनवाई 29 नवंबर को करेगा।

## छह आरोपियों को सशर्त मिली जमानत

**रांची।** अपर न्यायायुक्त दिनेश राय की अदालत ने जानलेवा हमले के छह आरोपियों योगेंद्र कुमार, प्रकाश कुमार, चंद्रिका राम, शंभू शरण कुमार उर्फ शंभू कुमार, अरमान कुमार उर्फ गोलू कुमार एवं शत्रुघ्न कुमार को सशर्त अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की है।

# मेनहर्ट मामले में रघुवर दास पर कार्रवाई का आदेश जारी हो : सरयू

**विधायक सरयू राय ने मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग को पत्र लिखा**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधायक सरयू राय ने मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय ;निगरानी विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखा है। श्री राय ने कहा है कि अगर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने उनके खिलाफ प्राथमिक जांच करने की मांग की है, तो विभाग जल्द से जल्द आरोपों की जांच करने का आदेश एसीबी को दे। उन्होंने कहा कि अगर विभागीय जांच में उनपर लगाए गये आरोप आधारहीन पाये जाते हैं। तब भी एसीबी को इसकी गहन जांच करने का आदेश दिया जाये।

उन्होंने कहा कि बेहतर होगा इस मामले में पीई दर्ज करने के बदले एफआईआर दर्ज करने का आदेश एसीबी को दिया जाये। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के खिलाफ हुए एसीबी जांच की रिपोर्ट के आधार पर उनके खिलाफ भी मुकदमा दायर करने की मांग की। उन्होंने कहा कि एसीबी ने मेनहर्ट घोटाला में रघुवर दास एवं अन्य की भूमिका के बारे में जांच पूरा कर एक साल पहले ही रिपोर्ट जमा कर दिया है। जांच में रघुवर दास को अभियुक्त नंबर वन बनाया गया है। इसपर विभाग ने महाधिवक्ता से राय भी मांगी है। इसलिए इस मामले में एसीबी को आगे की कार्रवाई करने का आदेश दिया जाये। उन्होंने कहा कि 2016 में हुए झारखंड राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम में टॉफी टी.शर्ट बांटने और सुनिधि चौहान का कार्यक्रम कराने में भ्रष्टाचार हुआ था। यह भ्रष्टाचार रघुवर दास और जमशेदपुर में रहने वाले उनके करीबियों ने मिलकर किया था।

**न्यूरो वार्ड में ओवरलोड और बढ़ा, मरीजों को जमीन पर इलाज**

# रिम्स में सेंट्रल इमरजेंसी के चालू होने के बाद भी घायल मरीजों की कम नहीं हो रही परेशानी

**स्वास्थ्य मंत्री ने कहा था- मरीजों का इलाज जमीन पर नहीं होगा और मरीजों को खाली पड़े वार्डों में बेड दिये जायेंगे लेकिन यह निर्देश ठंडे बस्ते में चला गया...**




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रिम्स में व्यवस्था सुधारने के दावे स्वास्थ्य मंत्री से लेकर रिम्स निदेशक और कई बड़े अधिकारी कर रहे हैं। वहीं मरीजों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने की भी बात अधिकारी कर रहे हैं लेकिन हॉस्पिटल में अव्यवस्था कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। इसका अंदाजा लगाया जा सकता है कि 100 बेड के न्यू ट्रामा सेंटर सह सेंट्रल इमरजेंसी के चालू होने के बावजूद एक्सीडेंट में घायल मरीजों की परेशानी कम नहीं हो रही है। वहीं न्यूरो वार्ड में अब पहले से ज्यादा ओवरलोड हो गया है। मरीजों का जमीन पर ही इलाज हो रहा है। मरीजों को टाइम से दवाएं और इंजेक्शन भी नहीं मिल पा रही है।

**गैलरी में अब पहले से ज्यादा मरीज :** न्यूरो वार्ड में मरीजों के लिए लगभग 90 बेड है। इसमें आइसीयू से लेकर नार्मल बेड शामिल है। इसके अलावा 100 मरीज जमीन पर मैट्रेस बिछाकर इलाज करा रहे हैं। चूंकि वार्ड में बेड की तुलना में लगभग दोगुने मरीज हैं। वहीं पहले की तुलना में अब मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है। हालांकि स्वास्थ्य मंत्री ने कहा था कि मरीजों का इलाज जमीन पर नहीं होगा और मरीजों को खाली पड़े वार्डों में बेड दिए जाएंगे लेकिन यह निर्देश भी ठंडे बस्ते में चला गया।

**न्यू ट्रामा सेंटर में 50-50 बेड सेपरेट :** हॉस्पिटल में न्यू ट्रामा सेंटर सह सेंट्रल इमरजेंसी बनाया गया है। यहां के दोनों ही विभागों के लिए 50-50 सेपरेट बेड है। वहीं हर बेड पर हाइटेक सुविधाएं है। जहां पर गंभीर मरीजों के इलाज की सारी सुविधाएं मौजूद है। पैथोलॉजी टेस्ट से लेकर सीटी स्कैन, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड सब एक ही छत के नीचे है, फिर भी मरीजों का लोड अधिक है।

# एनआइए ने चार आरोपियों की कोर्ट में करायी पेशी

**एनआइए पूर्व भाजपा विधायक गुरुचरण नायक पर हुए माओवादी हमले की कर रही जांच**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व भाजपा विधायक गुरुचरण नायक पर हुये माओवादी हमले की जांच एनआईए कर रही है। इसी के तहत मामले में गिरफ्तार मंगल सिंह दिग्गी, शीराम तुबिद, सुनिया सूरी एवं रंगिया लुगुन को पूछताछ के लिए एनआईए ने चार दिनों की पुलिस रिमांड पर लिया था। अदालत के आदेश पर एनआईए ने चारों को जेल से अपने साथ ले गई। पूछताछ पूरी होने के बाद चारों को सोमवार को अदालत के समक्ष पेश किया गया। एनआईए ने चारों को चार नवंबर को पुलिस रिमांड पर लिया था। गोयलकेरा थाने में दर्ज केस को एनआईए ने टेक ओवर करते हुए अलग से केस संख्या आरसी 3/22 दर्ज की है। मालूम हो कि 4 जनवरी 2022 को गोइलकेरा के झिलरूआ गांव में एक फुटबॉल प्रतियोगिता में अतिथि गुरुचरण नायक थे। ग्राम विकास समिति द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के दौरान भाकपा माओवादियों ने हमला कर दिया था। प्रतिबंधित भाकपा माओवादियों के द्वारा किए गए हमले में गुरुचरण नायक ने किसी तरह ग्रामीणों की मदद से मौके से भागकर अपनी जान बचायी थी। वहीं मौके पर उनके दो सरकारी अंगरक्षक शंकर नायक और ठाकुर हेंब्रम की माओवादियों ने हत्या कर दी थी। जबकि एक अंगरक्षक गंभीर रूप से जख्मी हुआ था। हमले में माओवादियों ने अंगरक्षकों के हथियार भी लूट लिये थे। घटना के बाद पूर्व विधायक के बयान पर गोयलकेरा थाने में केस दर्ज किया गया था।

**गोइलकेरा के झिलरूआ गांव में फुटबॉल प्रतियोगिता कार्यक्रम में गुरुचरण नायक पर हुआ था हमला**

**नियोजन नीति लागू करने की पहल के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखा पत्र**

# विधानसभा में खतियान आधारित नियोजन नीति को भी पास कराये राज्य सरकार : सुदेश महतो

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड में नियोजन नीति लागू किए जाने के लिए पहल करने का आग्रह किया है। इसे लेकर आज उन्हें एक पत्र भी लिखा। इसमें कहा कि खतियान आधारित नियोजन नीति झारखंडी जनभावना से जुड़ा एक अति महत्वपूर्ण विषय है। हाल ही में सरकार ने 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति लागू करने के प्रस्ताव को कैबिनेट से मंजूरी दी है। अब इसे विधानसभा से पास कराने की तैयारी है। इसके लिए सरकार ने 11 नवंबर को विशेष सत्र बुलाया है। राज्य की स्थानीय नीति में संशोधन की मांग पुरानी है। सरकार हां-ना करते हुए अपने कार्यकाल के लगभग तीन साल पूरे होने पर इस मुद्दे पर आगे बढ़ रही है लेकिन नियोजन नीति लागू करने की निहायत जरूरत को सरकार पीछे छोड़ रही है। खतियान आधारित नियोजन नीति झारखंडी युवाओं की बहुप्रतीक्षित मांग है और यह उनके हक अधिकार से जुड़ा सवाल है।



## वेकेंसी, परीक्षा के इंतजार में लाखों युवा निराश

वेकेंसी, परीक्षा के इंतजार में लाखों युवाओं को वैसे ही सरकार अब तक निराश करती रही है। सीएम और सरकार के मंत्रियों के लगातार बयानों और विभिन्न मंचों से भाषणों में लगातार भरोसा दिलाया जाता रहा है कि जल्द ही अलग-अलग विभागों में नियुक्तियां होंगी और इसके लिए नियमावली बनाई जा रही है। लेकिन इसके संतोषजनक परिणाम नहीं दिखते। नियुक्तियों की मामूली प्रक्रिया शुरू भी है, तो बगैर नियोजन नीति तय हुए। इससे युवाओं में भारी असंतोष है। आजसू पार्टी खतियान आधारित स्थानीय नीति के साथ नियोजन नीति लागू करने की पक्षधर रही है। खतियान के आधार पर स्थानीय नीति के साथ नियोजन नीति बनने से ही यहां के लोगों को नौकरी में वाजिब हक मिल सकेगा। इन परिस्थितियों में आग्रह होगा कि 11 नवंबर को होने वाले झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में सरकार जन भावना से जुड़े इस झारखंडी विषय के तहत खतियान आधारित स्थानीय नीति के साथ नियोजन नीति का प्रस्ताव भी पारित कराए, जिससे मूलवासियों और आदिवासियों की आकांक्षा पूरी हो सके।

# 13 नवंबर तक सुबह में कोहरे के बाद छाए रहेंगे आंशिक बादल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 13 नवंबर तक रांची में सुबह में धुंध के बाद आंशिक बादल छाए रहेंगे। वहीं राज्य में अगले तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। उसके बाद अगले दो दिनों में धीरे-धीरे तापमान में (2-3) डिग्री सेंटिग्रेट की गिरावट आ सकती है।

**रामगढ़ सबसे ठंडा जिला :** पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 32.0 डिग्री सेल्सियस डाल्टेनगंज में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 15.1 डिग्री सेल्सियस रामगढ़ में दर्ज किया गया।



**राजधानी रांची का मौसम पूर्वानुमान**

**08 नवम्बर** : सुबह में कोहरे की धुंध और बाद में आंशिक बादल छाये रहेंगे एवं मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा।

**09 नवम्बर** : सुबह में कोहरे की धुंध और बाद में आंशिक बादल छाये रहेंगे एवं मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा।

**10 नवम्बर** : सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में मुख्य रूप से आसमान साफ एवं मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा।

**11 नवम्बर**: सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में मुख्य रूप से आसमान साफ एवं मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा।

**12 नवम्बर**: सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में मुख्य रूप से आसमान साफ एवं मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा।

**13 नवम्बर**: सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में मुख्य रूप से आसमान साफ एवं मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा।

# गरीब सवर्णों के पक्ष में आया इडब्ल्यूएस पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला : राजेश गुप्ता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ईडब्ल्यूएस पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला गरीब सवर्णों के पक्ष में आया है। इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि गरीब सवर्णों को 10% आरक्षण दिए जाने से 50% का सीमा रेखा अब टूट चुका है। इसलिए केंद्र कि सरकार अध्यादेश लाकर ओबीसी समुदाय को जनसंख्या अनुपात में 50% आरक्षण प्रस्ताव को पारित करें जिससे ओबीसी समुदाय को उनका हक मिल सके। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा गरीब सवर्णों को आरक्षण देने के विरोध में नहीं है, बल्कि उस मानसिकता का विरोधी है की जब जब ओबीसी एससी एसटी का मामला न्यायालय में आता है तो हमेशा सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इंदिरा साहनी मामले में लगी 50% सीमा पार नहीं की जा सकती है।

न्यायालय ओबीसी एससी एसटी के मामले आते हैं तो न्यायालय कुछ ना कुछ अड़ंगी लगा देता है। हाल ही में देश में पंचायत चुनाव और नगर निकाय चुनाव में ओबीसी के डाटा (ट्रिपल टेस्ट) के नाम पर आरक्षण को समाप्त करने की काम की जा रही है। वहीं, ईडब्ल्यूएस के लिए केंद्र सरकार ने कोई भी डाटा सुप्रीम कोर्ट को नहीं दे सकी बावजूद सवर्ण आरक्षण के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट फैसला देता है। और ओबीसी के मामले में अनावश्यक अड़ंगा लगाया जाता है। मैं इस मानसिकता का विरोध करता हूं। अगर 5 जजों के पैनल में सभी सवर्ण जाति के हैं। अगर उसमें एससी एसटी ओबीसी के जज होते तो क्या ऐसा फैसला होता? जब भी ओबीसी आरक्षण बढ़ाने की बात आती है तो इंदिरा साहनी के फैसले का आधार बनाकर ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने पर 50% की सीमा रेखा का हवाला दिया जाता है।

आज ईडब्ल्यूएस का आरक्षण 10% पर मुहर लग जाने से 50% की सीमा रेखा पार करता है। तो अब ओबीसी को भी जनसंख्या अनुपात में 52% आरक्षण केंद्र सरकार को अध्यादेश लाकर अविलंब करना चाहिए। मराठा जाट गुर्जर पटेल जाति के कई बड़े बड़े आंदोलन हुए जिससे सैकड़ों लोगों की जानें गई देश के लाखों करोड़ों की संपत्ति की क्षति हुई उन्हें आरक्षण यह कह कर नहीं दिया गया कि 50% का कैप लगा हुआ है। और आज बिना कोई आंकड़ा के ईडब्ल्यूएस का आरक्षण देने का मुहर लगाया जाता है यही बड़ा प्रश्न है? इसलिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा केंद्र सरकार जजों की नियुक्ति कॉलेजियम सिस्टम को हटाकर राष्ट्रीय न्यायिक आयोग का गठन कर करें।

## निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में मनी गुरु नानक जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में गुरु नानक जयंती के अवसर पर बच्चों को गुरु नानक देव जी के बारे में जानकारी दी गयी। इस दौरान प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने गुरु नानक देव की बताई गुरुवाणी के पथ पर चलने कि बच्चों को प्रेरणा दी और बताया कि वर्तमान समय में जहां बच्चों में ईर्षा तथा हिंसा बढ़ता जा रहा है, वहीं हमें प्रेम भाव से रहने की ज्यादा जरूरत है। आंख के बदले आंख दुनिया अंधी हो जाती है।

वहीं नफरत के बदले नफरत दुनिया नफरत से भर जाती है। जहां इस कलयुग में सबके मन में द्वेष भरा रहता है, वहीं हमें हिंसा से नहीं धैर्य एवं प्रेम से अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए काम करना चाहिए। वहीं, विद्यालय प्रबंधन समिति की सचिव सीमा शर्मा ने पुष्प अर्पित करते हुए खुद भी शपथ लिया और बच्चों को भी शपथ दिलाई।

वह सदैव गुरु नानक जी के बताए गए रास्ते पर चलेंगे और उनके बताए गए 10 मूल्य उद्देश्यों पर भी काम करेंगे। इस मौके पर शिक्षक गोपाल चन्द्र दास, विनोद कुमार निषाद, सिद्धि मुखर्जी, किरण कुमारी, अंजली कुमारी, अनिमा इक्का तथा अन्य शिक्षकों ने भी बढ़ चढ़कर बच्चों को प्रेरित किया।

## स्पीड न्यूज

### प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन 13 को

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अष्टम अधिवेशन का उदघाटन मारवाड़ी भवन में 13 नवंबर को राज्यपाल रमेश बैस करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास मुख्य अतिथि के बतौर शामिल होंगे।जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री ललित कुमार पोद्दार एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि कोरोना काल के बाद पहली बार झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का भव्य आयोजन हो रहा है। इसके कारण सदस्यों में काफी उत्साह है। अधिवेशन के दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल अपने पद की शपथ लेंगे। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन गाड़ोदिया के नेतृत्व में सम्पन्न होगा। पूरे राज्य में 1001 नए सदस्य जोड़ने का संकल्प है। इस आलोक में रांची में भी नए सदस्य बनाने की दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें 87 साल पुरानी अपनी सामाजिक संस्था पर गर्व है।

### शौंडिक समाज की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका : समीर महासेठ

**रांची।** बिहार सरकार के उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ ने कहा है कि शौंडिक समाज का राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है। श्री महासेठ सोमवार को पटना के शौंडिक भवन में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शौंडिक समाज ने अमिट छाप छोड़ी है। इस अवसर पर वीरेंद्र साहु ने बताया कि समाज के प्रतिभाशाली लोगों को सम्मानित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा अध्यक्ष दिलीप नाथ साहु को भी सम्मानित किया गया। नेपाल जनकपुर के मेयर दिलीप कुमार शाह ने सभी अतिथियों को मोमेंटम व शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया।

### भाजपा नेता वरुण साहू को मातृशोक

**रांची।** भाजपा महानगर के महामंत्री वरुण साहू की मां के निधन पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने गहरा शोक प्रकट किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि भगवान उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करें। नेता विधायक दल बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह अत्यंत दुखदायी खबर है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि भगवान उनकी आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें। शोक व्यक्त करने वालों में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी शोक व्यक्त करते हुए आत्मा की शांति केलिए प्रार्थना की है।

## रांची विवि : स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग एवं ज्योतिर्विज्ञान विभाग में हुई परिचयात्मक सभा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग एवं ज्योतिर्विज्ञान विभाग में सोमवार को सत्र 2022-24 के प्रथम समसत्र आरंभ करने के लिए एक परिचयात्मक सभा की गयी। जिसमें विभागाध्यक्षा प्रो अर्चना कुमारी दुबे ने छात्रों का स्वागत करते हुए संस्कृत में नानाविध संभावनाओं से परिचय कराया तथा सर्वतोभावेन समुन्नति हेतु शुभकामनाएं दी। मौके पर डॉ मधुलिका वर्मा, डॉ उषा टोप्पो, डॉ श्रीप्रकाश सिंह, डॉ भारती द्विवेदी, डॉ धीरेन्द्र कुमार दुबे, एसके घोषाल, जागन्मय विश्वास और मुरारी मंडल विभागीय शिक्षक उपस्थित हुए। सभा का संचालन धर्मवीर आर्य ने किया।

## प्रोग्रेसिव हाई स्कूल बड़गाईं में क्विज कांटेस्ट हुआ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एसआइओ बड़गाईं यूनिट की ओर से भारत रत्न और देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन्मदिन पर प्रोग्रेसिव हाई स्कूल (मदरसा)बड़गाईं में एक राउंड टेबल क्विज कांटेस्ट का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 100 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। क्विज को दो चरणों में बांटा गया। पहला चरण लिखित और दूसरा चरण मौखिक था। पहले चरण में सफल 8 ग्रुपों को दूसरे चरण के लिए जगह मिली। इसमें पहले स्थान पर जिशान और सरोज रहे। दूसरे स्थान पर जुनैद और राशिद तथा तीसरे स्थान पर तरन्नुम और खुशनुमा रहे। इस प्रोग्राम के मुख्य अतिथि डॉ तसव्वर साहब थे, जिन्होंने मौलाना आजाद की कुर्बानियों के बारे में बताया और छात्रों को मोटिवेट भी किया। प्रोग्राम के अतिथि एडवोकेट रेजाउल्लाह साहब, एडवोकेट मिनहाज अख्तर साहब, मदरसा के प्रिंसिपल निजातुल्लाह साहब, सज्जाद सर और नदीम सर भी उपस्थित थे। इस क्विज कांटेस्ट के संयोजक मुरतजा साहिल और शाह जफर थे। इस प्रोग्राम को सफल बनाने में एसआइओ के सदर ब्रदर हसीब सेक्रेटरी मुसद्दीक मसूद और मेंबर और एसोसिएट तौसीफ, शमशाद, शाहिद, इरफान, ओबेदुल्ला, कामरान, दानिश, अदनान, साहिल, कमर, तसद्दीक, नुमान का योगदान रहा।

## खबर एक नजर में

### कंडकटिंग वकील को कंप्यूटर मॉनिटर उपलब्ध कराने की मांग

रांची। सिविल कोर्ट में गवाहों के परीक्षण एवं प्रति परीक्षण के दौरान कंडकटिंग वकील को भी कंप्यूटर मॉनिटर उपलब्ध कराने की मांग हाईकोर्ट से रांची जिला बार एसोसिएशन की ओर से की गई है। इस संबंध में बार एसोसिएशन के महासचिव संजय कुमार विद्रोही ने झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के नाम हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को पत्र लिखा गया है। इसमें कहा गया है कि गवाहों के परीक्षण व प्रति-परीक्षण के लिए दो कंप्यूटर मॉनिटर उपलब्ध कराये गये हैं। इसका प्रयोग न्यायालय एवं कम्प्यूटर टाइपिस्ट द्वारा किया जाता है। कई बार गवाहों के बयान को टंकन के समय देखना संभव नहीं है। इससे कई बार भ्रम एवं अनिश्‍चितता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। सुनने में चूक के कारण अप्रासंगिक बयान टाइप हो जाता है। जो विरोधाभासी स्थिति उत्पन्न करता है। इस संबंध में सैकड़ों वकीलों की शिकायत एवं अनुरोध पर एक मॉनिटर प्रार्थी के वकील को भी उपलब्ध कराना न्यायहित में आवश्यक प्रतीत होता है।

### डीएवी बरियातू में सम्मान समारोह आयोजित

**रांची।** डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटि के निदेशक (पीएस-1) जेपी शूर ने डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु कैंपस में सोमवार को उनके सम्मान में आयोजित संक्षिप्त सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखण्ड जोन के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम कुछ भी काम करते हैं, उसमें हमेशा अच्छे परिणाम की अपेक्षा रखते हैं। अच्छे परिणाम के साथ ही उसमें उत्तरोतर बेहतर करते रहने का प्रयास करते रहना चाहिए। हीरा को भी जितना तराशा जाता है, उतनी चमक उसमें आती है। उन्होंने डीएवी बरियातु की उपलब्धता की प्रशंसा की तथा भविष्य में उज्ज्वल कीर्ति की शुभकामनाएं दीं।

### अग्रसेन भवन में सवा लाख अखंड हनुमान चालीसा पाठ 13 से

रांची। श्री बालाजी धाम बर्नपुर के तत्वावधान में राजधानी रांची में श्री श्री बालाजी महाराज का अखंड सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ होने जा रहा है। 13 नवंबर को इसकी शुरुआत महाराजा अग्रसेन भवन में होगी। यह जानकारी मुख्य संरक्षक सुरेश सरावगी ने दी। श्री नरसिंह बांध बालाजी धाम रांची शाखा के अनिल अग्रवाल ने बताया कि 13 नवंबर को अग्रसेन भवन में 31 जोड़ों द्वारा सामूहिक पूजन के साथ अखंड हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ होगा। श्री बालाजी धाम बर्नपुर के संतोष भाई जी के सानिध्य में अखंड सवा लाख हनुमान चालीसा का पाठ होगा। इस अवसर पर कथावाचक राम मोहन महाराज द्वारा श्री राम हनुमत कथा का वाचन भी होगा। 15 नवंबर मंगलवार से 19 नवंबर शनिवार तक सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक भक्तों द्वारा सामूहिक सुंदरकांड का पाठ भी किया जायेगा। पाठ में शामिल होने के लिए विशेष कार्ड की व्यवस्था की गयी है। 20 नवंबर को शाम 6 बजे से प्रख्यात भजन गायकों द्वारा भजनों की अमृत वर्षा भी होगी। 21 नवंबर को दिन में 10:00 बजे से आयोजन स्थल पर महिलाओं द्वारा श्री रानी सती दादी का मंगल पाठ भी किया जायेगा। इसके लिए भी विशेष कार्ड जारी किये जा रहे हैं।

### चंद्रग्रहण के कारण हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर आज प्रात: 8:00 बजे बंद हो जायेगा, कल सुबह 5:00 बजे खुलेगा

**रांची।** चंद्रग्रहण के कारण हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर मंगलवार (8 नवंबर) को प्रात: 8:00 बजे बंद हो जायेगा, जो बुधवार (9 नवंबर) को प्रात: 5:00 बजे खुलेगा। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि प्रात: 8:03 बजे से चंद्रग्रहण का सूतक प्रारंभ होगा और मोक्ष सायंकाल 6:19 बजे होगा। इसके बाद सभी आचार्य एवं मंदिर के कर्मचारी स्नान करने के बाद मंदिर की साफ-सफाई करेंगे। इसलिए भक्तजन बुधवार को प्रात: 5:00 बजे के उपरांत ही पूजा वंदन और दर्शन के लिए श्री श्याम मंदिर पधारे। श्री नारसरिया ने बताया कि चंद्रग्रहण के बाद खाटू नरेश का महास्नान होने के बाद बुधवार को केसर चंदन तिलक श्रृंगार भी किया जायेगा। मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि सोमवार को देव दीपावली के अवसर पर ग्वाल आरती के बाद मंदिर परिसर में देव दीपावली पर्व मनाया गया। 51 शुद्ध घी के दीपक प्रज्वलित कर खुशियां मनायी गयीं। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को श्रृंगार आरती प्रात: 7:15 बजे होगी।श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर 36वां श्री श्याम भंडारा शनिवार को संध्या 5:00 बजे से हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में होगा।

## राष्ट्रपति तक पहुंचायी जायेगी बात, अनुसूचित जाति के साथ घोर अन्याय : डॉ रीझू नायक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य घासी समाज संघ के बैनर तले जमशेदपुर की नौंवी क्लास की स्व छात्रा रितु मुखी को न्याय दिलाने के लिए सोमवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन केंद्रीय अध्यक्ष डॉ रिझू नायक की अध्यक्षता में हुई। संघ के सभी लोग सर्वप्रथम बापू वाटिका, मोरहाबादी से पैदल मार्च करते हुए राजभवन परिसर पहुंचे और स्व रितु मुखी की आत्मा की शांति के लिए 3 मिनट का मौन रखा गया। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष डॉ रिझू नायक ने शासन प्रशासन को आरोप लगाते हुए कहा कि मानवीय संवेदना की कमी है। वे पक्षपात रवैया रखते हैं। डॉ नायक ने कहा कि स्व रितु मुखी के परिजनों को उचित मुआवजा एवं सरकारी नौकरी नहीं देना अनुसूचित जातियों के साथ घोर अन्याय और तमाचा है। मात्र 50,000 हजार रुपये और आउट सोर्सिंग में नौकरी दिलाने की घोषणा छलावा और भद्दा मजाक है। संघ के संरक्षक पद्मश्री मुकुन्द नायक ने कहा कि शिक्षक के द्वारा मासूम छात्रा के साथ किया गया वर्ताव काफी निंदनीय है। छोटी सी गलती के चलते समाज ने एक होनहार बेटी को खो दिया। पद्मश्री नायक ने कहा कि इस बात की शिकायत वे स्वयं राष्ट्रपति से मिलकर करेंगे। मौके पर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम पर मेमोरेंडम सौंपा गया। इसमें 50 लाख रुपए मुआवजा, एक सदस्य को सरकारी नौकरी, 10 डीसमिल जमीन एवं रहने के लिए एक पक्का मकान, दोषी शिक्षिका चन्द्रा दास पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में लाकर आजीवन कारावास की सजा के साथ साथ पीड़ित शोषित परिवार को सुरक्षा दिलाने की मांग की गयी है। मौके पर संघ के प्रधान महासचिव राजेश नायक, महासचिव राजन नायक, उपाध्याय लालधन नायक, राजेन्द्र नायक, रंजीत नायक, प्रवक्ता सुदर्शन नायक, सचिव जगु नायक, किरण नायक, कोषाध्यक्ष सोनी नायक, विनीता पाठक नायक, संजय नायक, फेकू नायक, बीर सिंह नायक, अंजु देवी, रशांति देवी, छत्तीसगढ़ के एस एस हरिवंशी, केश्वर सोनवाणी , रामकुमार बघेल, राजेश जनता के अलावा काफी संख्या में सिमडेगा, बोकारो, रामगढ, लोहरदगा, खूंटी, रांची सहित छत्तीसगढ़ से समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सर्वदा ज्वेलर्स में लकी ड्रॉ का हुआ आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मेन रोड स्थित सर्वदा ज्वेलर्स में चल रही धनवर्षा स्कीम के तहत एक लकी ड्रॉ का आयोजन किया गया। धनवर्षा में, प्रत्येक 50,000 रुपये की खरीद पर ग्राहकों को एक कूपन दिया जा रहा था। रविवार को प्रतिष्ठान में ही लकी ड्रॉ का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित थे। प्रथम पुरस्कार विजेता सरिता मोदी रहीं, जिनको एप्पल आइफोन 14 मिला। द्वितीय पुरस्कार एप्पल आइपैड प्रीति को, तृतीय पुरस्कार एप्पल वॉच सिद्धांत को मिला। इसके साथ की कई अन्य उपहार ग्राहकों को मिले।

धनवर्षा की सफलता के बाद अब सर्वदा ज्वेलर्स में सोने के आभूषण की बनवायी फ्लैट 399 रुपये प्रति ग्राम पर दी जा रही है। इस मौके पर अनुराग गोयल, राहुल गोयल आदि उपस्थित थे।

## युवा महोत्सव विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक प्रतिभा का संदेश : डॉ टीके शांडिल्य

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय द्वारा आगामी 21 नवंबर से 24 नवंबर 22 तक चार दिवसीय युवा महोत्सव 2022, स्पंदन का आयोजन किया जाना है। इसके सफल आयोजन के लिये विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है। सोमवार को कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में इन कमेटियों की तैयारियों से संबंधित एक समीक्षा बैठक बुलाई गई। कुलपति ने इस क्रम में युवा महोत्सव में शामिल किए गए प्रत्येक प्रतियोगिता जैसे संगीत, फोक, ट्राइबल डांस, क्लासिकल डांस, क्विज, डिबेट, थियेटर, फाइन आर्ट के लिए गठित कमेटियों के प्रत्येक सदस्यों से संवाद कर इस महोत्सव की तैयारी से सबंधिक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव किसी भी विश्वविद्यालय के विद्यर्थियों का एक प्रतिबिम्ब होता है, जिसके माध्यम से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की प्रतिभा का संदेश जाता है। उन्होंने कमेटी में शामिल सभी सदस्यों से अपील की कि हमें विद्यार्थियों की सहभागिता से इस चार दिवसीय आयोजन को सफल बनाना है ताकि इस विश्वविद्यालय के विद्यार्थी न सिर्फ अकादमिक गतिविधियों में आगे रहे बल्कि सांस्कृतिक विधा में भी स्वयं और संस्थान को अग्रणी रखने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें। इस बैठक में डीएसडब्ल्यू डॉ अनिल कुमार, कुलसचिव डॉ नमिता सिंह समेत युवा महोत्सव के लिए विभिन्न कमिटियों के सभी सदस्य शामिल थे। यह जानकारी प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## शिविर में 62 छात्रों ने किया रक्तदान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के एनएसएस और डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिश लैंग्वेज एंड लिटरेचर और सैम्फोर्ड हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 200 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इस दौरान मेडिकल स्वास्थ्य के पैरामीटर से योग्य 62 छात्रों ने रक्तदान किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि रक्तदान आज के दौर में सबसे बड़ा दान है। मानवता का जिंदा होना आज के समय की सबसे बड़ी खबर है। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि जैसे किसी भी विश्वविद्यालय की अकादमिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को उस विश्वविद्यालय का आईना माना जाता है, उसी प्रकार समाज एवं मानवता के प्रति रक्तदान एक सुखद संदेश देता है। मुख्य अथिति रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजित सिन्हा ने कहा कि ऐसे शिविर विश्वविद्यालय के जिंदा होने की पुख्ता सबूत हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय को समग्रता से देखा जाना चाहिए, जिनमें अकादमिक, सांस्कृतिक खेल और आज का यह कार्यक्रम यानी मानवता का पहलू भी शामिल है। मुझे प्रसन्नता है कि मुझे इस कार्यक्रम मेंशामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ। रक्तदान शिविर सह समन्वयक डॉ विनय भरत ने स्वयं रक्तदान करते हुए कहा कि ₹ पहल गुरुओं को करना है। छात्र बड़े फलक पे समाज को पे-बैक करने को तैयार हैं। इस मौके पर रजिस्ट्रार डॉ नमिता सिंह ने कहा कि देश ठउउ और ठरर के बैनर तले युवाओं को राष्ट्र प्रेम के सही अर्थ से जोड़ता है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के युवा टीम झारखण्ड के लिए आदर्श पेश कर रही है। ये उत्साहदायी है। एनएसएस कॉर्डिनेटर डॉ जिन्दर सिंह मुंडा ने सभी उपस्थित छात्रों को प्रोत्साहित किया। सैम्फोर्ड हॉस्पिटल की भारती ओझा ने भी छात्रों में उत्साह भरा। इस मौके पर डिपार्टमेंट ऑफ ईएलएल के सौरभ मुखर्जी, करमा कुमार, श्वेता गौरव, शुभांगी रोहतगी तथा सेमेस्टर 2 और सेमेस्टर 1 के सभी छात्र मौजूद थे।

## साहसिक शिविर में हिस्सा लेंगे झारखंड के 20 एनएसएस के स्वयंसेवक

### 10 नवंबर से 19 नवंबर तक हिमाचल प्रदेश के मनाली में साहसिक शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय की इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना का साहसिक शिविर का आयोजन 10 नवंबर से 19 नवंबर तक हिमाचल प्रदेश के मनाली स्थित अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ मोउंटेनिंग में किया गया है। इस साहसिक शिविर में झारखंड राज्य के 20 एन एस एस के स्वयंसेवक (10 पुरुष एवं 10 महिला ) एवं 02 कार्यक्रम पदाधिकारी क्रमशः डॉ सौरभ शर्मा (गिरिडीह ) , डॉ भारती प्रसाद (देवघर) शामिल हों रहें हैं। राज्य एन एस एस पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार ने बताया कि एन एस एस के साहसिक शिविर के माध्यम से स्वयंसेवकों के अंदर साहस का भाव विकसित किया जाता है। इस शिविर में शामिल स्वयंसेवकों को पर्वतारोहण और ट्रैकिंग ट्रेनिंग, शिविर तकनीक, शिविरों के दौरान तंबू निर्माण, पहाड़ के खतरे, रस्सी का उपयोग, गांठ बनाने के तकनीक, कृत्रिम दीवार पर चढ़ना, वास्तविक चप्तान पर चढ़ना, चप्तानों को नीचे गिराना और नदी को पार करना आदि से अवगत कराया जाएगा, ताकि स्वयंसेवक आपदा में हिम्मत के साथ आगे बढ़ें। सोमवार को रांची रेलवे स्टेशन से रांची पटना जनशताब्दी ट्रेन से गोमों के लिए प्रस्थान किया एवं गोमों रेलवे स्टेशन से मनाली के लिए प्रस्थान करेंगे। झारखंड के साहसिक दल को विदा करने में कुंदन गिद्ध, अमन कुमार, नवीन किशोर, रिया महतो आदि स्वयंसेवक उपस्थित थे।

**शामिल होने वाले स्वयंसेवक**

रांची विश्वविद्यालय : दिवाकर आनंद, डोरण्डा महाविद्यालय, रानी कुमारी महतो, रांची महिला महाविद्यालय, अनिल कुमार राजभर, मारवाड़ी महाविद्यालय, आदित्य कुमार, यूकेएस महाविद्यालय डकरा और रश्मि सिन्हा, अविराम बी एड कॉलेज रांची शामिल हैं।

एनपी विश्वविद्यालय मेदिनीनगर : अमित कुमार, सीमांत कुमार, अनमोल कुमारी, ज्योति कुमारी और अन्नू कुमारी शामिल है।

विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग : दिनेश कुमार यादव, काजल कुमारी और संगीता कुमारी शामिल हैं।

कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा : रंजीत प्रधान, जयंती टीटी और सीता सोरेन शामिल हैं।

एस के एम विश्वविद्यालय दुमका : विपल्व मुर्मू और हिमांशु कुमार शामिल हैं।

उषा मार्टिन विश्वविद्यालय से प्रिंस चार्ल्स एवं वाई बी एन विश्वविद्यालय से निक्की गुप्ता शामिल हैं।

## नव प्रोन्नत आइएएस अधिकारी रवि रंजन मिश्र और अंजनी कुमार मिश्र का अभिनंदन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आइएएस कैडर में हाल में प्रोन्नत कल्याण विभाग के विशेष सचिव रवि रंजन मिश्र और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के संयुक्त सचिव अंजनी कुमार मिश्र का अभिनंदन किया गया। यह आयोजन प्रेस क्लब सभागार में किया गया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अवकाश प्राप्त डॉ एके पांडेय और आदिवासी कल्याण मिशन आश्रम के अध्यक्ष सीताराम भगत उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजय मिश्र ने की। आचार्य चंद्रकांत ने स्वस्तिवाचन कर दोनों अधिकारियों के यशस्वी जीवन की कामना की। अतिथियों का स्वागत और संचालन बीएयू की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ नंदनी कुमारी ने किया। स्वामी दिव्य ज्ञान ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर साहित्यकार डॉ अशोक प्रियदर्शी, रिटायर्ड आईजी बीके शर्मा, जमशेदपुर के उप कर आयुक्त रतनलाल गुप्त, हेमप्रभा अग्रवाल, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के उप सचिव अजय त्रिवेदी, एटीआई की डिप्टी डायरेक्टर सुमन पाठक, झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष अमित शर्मा, मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, ललित पोद्दार, शोभा यादव, सरिता पांडेय, अशोक नारसरिया, कौशल राजगढ़िया, पद्मचंद छाबड़ा, सुभाष जैन विनायक्या, सुरेश जैन बोथरा, डॉ राजकुमार पाठक, डॉ आशुतोष पांडेय, डॉ सुधांशु शेखर मिश्र, आगम रंजन आदि उपस्थित थे। सम्मानित होने वाले दोनों अधिकारियों ने जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

# देवोत्थान मेला का है धार्मिक व ऐतिहासिक महत्व, अपनी परंपरा को बचाये रखना जरूरी

## कुदाल, हसुवा और टांगी की किसानों ने खूब की खरीदारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र सदमा में सोमवार को धूमधाम से देवोत्थान मेला लगाया गया। मेला में ईख व मिठाई के साथ कई प्रकार के स्वयं निर्मित सामग्रियों की दुकान लगी थी। क्षेत्र के किसान अपने जरूरत के कुदाल, हसुवा, दबली, टांगी आदि की खरीदरी कर रहे थे। वहीं मेला में लगे झुले में बच्चों द्वारा जमकर मस्ती की जा रही था। आयोजन समिति द्वारा नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। वहीं गांव के युवा व युवतियां पारंपरिक वेषभूषा के साथ मेला पहुंचे और झुमर नृत्य प्रस्तुत किया। मेला में आयोजित कार्यक्रम को देखने काफी संख्या में लोग पहुंचे थे। मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ ने कहा राज्य के जतरा व मेला हमारी झारखंड संस्कृति की धरोहर है। अपने संस्कृति को बचाने को मेला जतरा संस्कृति को महत्व देना जरूरी है। यह हमारी समाजिक चेतना को भी जागृत करती है। वहीं पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा चार माह के विश्राम के बाद भगवान विष्णु के जागने पर उत्साहपूर्व देवोत्थान मेला लगाने का धार्मिक व एतिहासिक महत्व रहा है। अपनी संस्कृति व परंपरा को बचाए रखने की जरूरत है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, मुखिया सुनिल उरांव, पंस सदस्य रेश्मी तिर्की, आयोज समिति के अध्यक्ष अनिल महतो, सचिव प्रकाष महतो, कोषाध्यक्ष धर्मनिल महतो, नीरज नायक, रूपेश कुमार, जीतेंद्र महतो, छोटेलाल महतो, गनसू महतो, संजय टोप्पो सहित आयोजन समिति के सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे।


मेला में नृत्य प्रस्तुत करतीं युवतियां।

स्पीड न्यूज

### ट्रैक्टर की ट्रॉली में लगी आग, धान जलकर खाक



**तमाड़।** थाना क्षेत्र के सारजमडीह में ग्यारह हजार वॉल्ट की चपेट में आने से ट्रैक्टर पर लदा हजारों रुपये मूल्य की धान की फसल जलकर खाक हो गई। घटना के संबंध में किसान सूर्यदेव अहीर ने बताया की गांव के ही रहने वाले से किराया पर ट्रैक्टर लेकर खेत में कटनी कर रखी फसल को लोड कर घर ले जा रहे थे। इसी क्रम में धान की फसल जमीन से मात्र आठ फिट की ऊंचाई पर झूल रहे ग्यारह हजार वॉल्ट की चपेट में आ गया। वहीं ट्रेक्टर चालक किसी तरह कूद कर अपनी जान बचाने में सफल रहा। घटना की खबर चारों तरफ आग की तरह फैल गई। लोग बाल्टी तथा अन्य समान लेकर आग बुझाने का असफल प्रयास किया। इधर किसी तरह ट्रैक्टर का इंजन खोल कर डाला से अलग कर दिया गया। जिससे इंजन आग की चपेट में आने से बच गया।

### सुफल महतो बने किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष

**राहे।** झारखंड राज्य किसान सभा के दो दिवसीय सम्मेलन में राहे प्रखंड निवासी सुफल महतो किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुये है। इनके निर्वाचित होने पर सोमवार को बासाहातुए ढूंगरूडीहएगोमदा में किसानों ने भव्य स्वागत किया गया।इस अवसर पर निरंजन महतो, अजमवर मुंडा, खुदीराम महतो, धन सिंह मुंडा, पंचानन महतो, रवि महतो, सुभाष महतो आदि उपस्थित थे। सुफल महतो को ग्रामीण किसानों ने राहे प्रखंड को सुखाड़ सूची में जोड़ने का मांग किया। राहे प्रखंड को सूखा घोषित नही किये जाने पर किसान आक्रोशित है।

### बेदिया समाज ने नये थाना प्रभारी का किया स्वागत

**सिकिदीरी।** बेदिया विकास परिषद् के केंद्रीय सदस्यों ने बालेश्वर बेदिया के अगुवाई में सिकिदीरी थाना के नव पदस्थापित थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि से मुलाकात कर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। नव पदस्थापित थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि ने कहा कि क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाने के लिए सभी जनों का सहयोग की जरूरत है पुलिस प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से अपराध पर नियंत्रण रखा जा सकता है उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था व क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से अपने क्षेत्र में निगरानी रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। मौके पर बेदिया विकास परिषद् के केंद्रीय सदस्य, बालेश्वर बेदिया, प्रगतिशील किसान शयाम सुंदर बेदिया, अनिल कुमार राज, समाजसेवी सौहरैया बेदिया, उप मुखिया चरण बेदियाए बिरसू बेदिया, मधुसूदन बेदिया आदि शामिल थे।

### मैक्लुस्कीगंज क्षेत्र में डीजल चोर सक्रिय

**मैक्लुस्कीगंज।** थाना क्षेत्र के धुवामीड़ शांति फ्यूल पेट्रोल टंकी के निकट खड़ी ट्रकों से डीजल की चोरी का असफल प्रयासण प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे निर्माण कार्यों के लिए ट्रांसपोर्ट से भारी सामानों की ढुलाई की जाती हैए जो वाहन अनलोड नहीं हो पाती है वे मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र में सुविधा अनुसार खड़ी रहती हैण क्षेत्र में सक्रिय डीजल चोर इसी मौके की ताक में रहते हैंण रविवार देर रात चोरों ने ट्रक का ताला तोड़कर डीजल चोरी का प्रयास किया लेकिन शोर सुनकर चालक जग गये व शोर मचाने पर सभी चोर भाग निकलेण उधर शनिवार रात भी सक्रिय चोर ट्रक नम्बर एनएल01एन 0882 का टंकी का ताला तोड़ कर 45 लीटर व सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक सप्ताह पूर्व भी लगभग 400 लीटर डीजल की चोरी अज्ञात चोरों ने ट्रकों से कर ली गयी थी।

# ओरमांझी : 65 करोड़ के मार्केटिंग कंप्लेक्स निर्माण में अनियमितता

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** जिला परिसद योजना से ओरमांझी में लगभग 65 करोड़ की लागत से मार्केट कंपलेक्स के निर्माण में हो रहा है। इसके निर्माण में भारी अनियमितता बरती जा रही है। जिसे लेकर ओरमांझी क्षेत्र की जनता में भारी नाराजगी है। सोमवार को एक कार्यक्रम में पहुंचे राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू व सांसद संजय सेठ से ग्रामीणों ने मार्केट कंपलेक्स के निर्माण में बरती जा रही अनियमिता की जानकारी दी और कहा संवेदक द्वारा कनीय अभियंता की मिलीभगत से निर्माण कार्य घटिया व निम्स स्तर के सामग्री का उपयोग की जा रहा है। वहीं राज्यसभा सदस्य व सांसद द्वारा निर्माण की जांच व कार्रवायी की भरोसा दिया गया है। वहीं ग्रामीणों ने बताया किसानों की जरूरत को देखते हुए क्षेत्र के किसान व जन प्रतिनिधियों द्वारा काफी समय मार्केट कंपलेक्स निर्माण की मांग की गई थी। शिलान्यास करते हुए विधायक राजेश कच्छप ने भी निर्माण में गुणवत्ता का पालन करने को कहा गया था। बावजूद निर्माण में भारी अनियमितता बरती जा रही है।



# संकल्प के साथ हमें आगे बढ़ना है : सुदेश

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिल्ली।** आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय सिल्ली के समीप स्थित आम बगान में सोमवार को सिल्ली विधानसभा स्तरीय महिला पंचायत प्रभारी एवं महिला ग्राम प्रभारियों की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक व आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय में परिदृश्य बदलने का संकल्प लेकर हमें आगे बढ़ते रहना है। हमारी प्रतिबद्धता रही है कि समाजीक, आर्थिक एवं राजनीतिक बदलाव में महिलाएं बराबर की भागीदार बनें और इस दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। संगठन को मजबूत करने का काम किया जा रहा है। पार्टी के सभी आनुषंगिक इकाइयों की बैठक लगातार हो रही है। राज्य भर में पंचायत स्तर तक एक लाख पदेन सदस्य बनाये जायेंगे। महिला कार्यकताओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए जल्द ही प्रशिक्षण दिया जायेगा। वहीं उन्होंने कहा कि आगामी 18 दिसम्बर को गांव में पानी के उपयोग के बराबर जल संरक्षण पर भी काम के लिये विभगा के अधिकारियों के साथ पार्टी के ग्राम, पंचायत एवं प्रखंड जल प्रभारी के साथ बैठक होगी। यह अपने तरह का पहला अनोखा कार्यक्रम होगा। खेलो सिल्ली योजना पर तेजी से प्रत्येक गांव में काम चल रहा है। जल्द ही विधानसभा के सभी 26 हाई स्कूलों में स्मार्ट क्लास शुरू किया जाएगा। सिल्ली हर क्षेत्र में आगे बढ़ेगा । कार्यक्रम की अधयक्षता पूर्व प्रमुख रेखा देवी ने एवं संचालन चंचला भोक्ता ने किया। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा देवी, उप प्रमुख आरती देवी, सबिता रानी, जयपाल सिंह, सुनील सिंह समेत काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।

# बेड़ो : हरिहरपुर जामटोली पहाड़ पर कार्तिक पूर्णिमा मेला महोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सोमवार को प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पहाड़ स्थित शिव मंदिर का 15वां वर्षगांठ समारोह सह मेला महोत्सव का आयोजन किया गया।जहां प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी देवा दी देव महादेव बाबा भोलेनाथ की विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर 24 घंटा का अखंड हरिकीर्तन एवं भंडारा का आयोजन किया गया। शिव पूजन पंडित राजा पाठक के द्वारा एवं मुख्य यजमान धनंजय महतोए संदीप प्रमाणिक चिंतामणि देवी एवं महावीर गोप द्वारा वैदिक मंत्रोचार के बीच भगवान शिव की पूजा संपन्न कर केंद्रीय कीर्तन समिति के मार्गदर्शन में अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ किया गया जिसमें कीर्तन मंडली में भाग लेने वाले गांव में हरिहरपुर जामटोली, हुटरी, कुरकुरा मंदरो, चोरया, गुड़गुड़ जाड़ी, चीगरी, करकट, करगे, कोकर, सोंस महिला कीर्तन मंडली, लुरंगी समेत कई टीम भाग ले रहें हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव मंदिर निर्माण एवं कार्तिक पूर्णिमा मेला समिति के अध्यक्ष मुकेश गोपए सचिव चरवा उरांवए कोषाध्यक्ष महावीर गोपए उपाध्यक्ष धनंजय महतोए संदीप प्रमाणिकए उपसचिव पिताम्बर गोपए संजय प्रमाणिकए आकाश गोपए संरक्षक.जयराम प्रेमीए दुर्गा महतोए सोमरा लोहराए सोमरा महतोए सुरेन्द्र गोपए विशेश्वर हजामए सक्रिय सदस्य. दीपक महतोए श्यामल गोप शामिल हैं।

एक नजर में

### चान्हो : बाघवार एकेडमी में विज्ञान प्रदर्शनी



**चान्हो।** बाघवार एकेडमी चान्हो में सोमवार को विज्ञान प्रदर्शनी का उदघाटन मुख्य अतिथि प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ओ रहमत अली द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवारए प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने विद्यर्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल का निरीक्षण किया। इसमें विद्यालय के 150 छात्र. छात्राओं द्वारा अनेक मॉडल और चार्ट पेपर, ब्रिक होल्डर, सोलर डेटा ट्रांसमीटर, ड्रिप इरिगेशन, केमिकल इफेक्ट, मैग्नेटिक फोर्स, पेस्टिसाइड स्प्रेयर, वाटर प्यूरिफायर, ह्यूमन हार्ट, ब्रेन, किडनी, रोड लाइट, सेव अर्थ ग्लोबल वार्मिंग और कंप्यूटर में एचटीएमएल प्रोग्रामिंग द्वारा बच्चों ने वेबसाइड बनाया। मुख्य अतिथि अपने भाषण द्वारा विज्ञान प्रदर्शन के महत्व को बताया और कहा कि वस्तु विषय का विशेष ज्ञान ही विज्ञान होता है। उन्होंने बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल को सराहा एवं प्रशंसा की। ग्रामीण क्षेत्रों में विज्ञान के प्रचार प्रसार के लिए विद्यालय को धन्यवाद दिया और बच्चों का उत्साह बढ़ाया। मौके पर बीपीओ मो इम्तियाज ए उपप्रधानाचार्य अजय उरांव, शिक्षक, हरेकृष्ण सिंह, भारत कुमार मिश्रा, रीतेश मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में अभिभावक एवं वृन्द, कर्मचारीगण और बच्चे शामिल थे।

### इटकी के केसरी नया तालाब छठ घाट के सौंदर्यीकरण की प्रक्रिया शुरू

**इटकी।** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के निर्देश पर सोमवार को इटकी के केसरी नया तालाब स्थित छठ घाट में सीढ़ी बनाने व सौंदर्य करण कार्य की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। प्रखंड के अभियंता शैंपू प्रसाद गुप्ता द्वारा तालाब परिसर की मापी की गयी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि बलराम गोपएलाला खानए अजय गोपए मोहित गोपए मनोजए फिरोज व शक्ति सहित अन्य मौजूद थे। मालूम हो कि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने छठ महापर्व के दौरान केसरी नया तालाब का सुंदरीकरण ए कमावन घाट की चहारदीवारी व मुक्ति धाम में चबूतरा निर्माण कार्य अपने विधायक कोष से कराने की घोषणा की थी।

### जयंत बारला लापुंग प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष बने

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड में कांग्रेस की कमेटी बेहद मजबूत स्थिति में है। कमेटी को और मजबूत बनाने के लिए कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा उक्त बातें लापुंग प्रखण्ड कार्यालय में कांग्रेस पार्टी के तत्वधान में लापुंग प्रखंड कांग्रेस कमेटी के विस्तार के दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष जयंत बारला ने कही। प्रदेश के प्रतिनिधि एम ए सिद्दीकी की देखरेख और अध्यक्ष जयंत बरला की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के निदेर्शानुसार पार्टी का सांगठनिक विस्तार किया गया। लापुंग प्रखंड के सभी पंचायतों में अध्यक्षए सचिव व कोषाध्यक्ष का चयन किया गया।

### बेड़ो : ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को आपकी योजना. आपकी सरकार .आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ डा प्रवीण कुमारए सीओ सुमंत तिर्कीए सीडीपीओ नयाब जेबाए कृषि पदाधिकारी कलिंद्र साहूए बीपीओ संजय तिर्कीए सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार रायए जिप सदस्य पार्वती भगतए पंचायत समिति सदस्य राखी भगतए मुखिया सुशांति भगतए उपमुखिया संतोष दासए पंसस विजय भगत व वार्ड सदस्यों ने दीप जलाकर किया। जहां पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार आपके घर तक पहुंची है। आम जनता को कल्याणकारी योजनाओं व विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए अपनी बात रखने का मंच दिया है जिसका लाभ ग्रामीण उठाएं। कार्यक्रम के दौरान तत्काल 9 लोगों को सर्वजन पेंशन की स्वीकृति दी गई।

### रवि गिरि ने बॉडी बिल्डिंग में जीता दो गोल्ड

**मैक्लुस्कीगंज।** मैक्लुस्कीगंज के रवि गिरी दो गोल्ड मेडल प्राप्त कर बने मिस्टर इंडिया, क्षेत्र में हर्ष जानकारी के अनुसार 4 नवम्बर को दिल्ली लाजपत नगर भवन परिसर में एपी क्लासिक मिस्टर इंडिया बॉडी बिल्डिंग कॉम्पिटिशन आयोजित की गयी थीण जिसमे देश भर से लगभग 450 लोग शामिल हुए थे। एपी क्लासिक मिस्टर इंडिया बॉडी बिल्डिंग में फिजिक्स कैटेगरी कॉम्पिटिशन में मैक्लुस्कीगंज के रवि गिरी ने बेहतर प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया हैण वहीं 5 नवम्बर को क्रमश: आईएफबीए व मंजीत क्लासिक प्रतियोगिता के बॉडी बिल्डिंग क्लासिक मेंस केटेगरी के प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त कर दस दस इंच का दो गोल्ड मेडल जीतकर कीर्तिमान स्थापित किया। कुल 1200 प्रतिभागियों ने भाग लिया थाण बेहतर प्रदर्शन पर आयोजकों द्वारा रवि गिरी को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# खलारी : घर में 13 वर्षीय बालक ने फंदे पर झूल की आत्महत्या



**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के सीसीएल कर्मी ललिता टाना भगत के छोटे पुत्र 13 वर्षीय बुधवीर टाना भगत अपने आवास जीएम ऑफिस के पीछे एम-2 में सोमवार को लगभग 11बजे दिन में फंदे से झूलता हुआ पाया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए ललिता भगत ने बताया कि जब वह ड्यूटी से घर लौटी और दरवाजा पर आवाज देने से नहीं खोला गया तो पीछे से झांकी। वहां देखा कि बुधवीर फंदे से झूल रहा था। आनन-फानन में आस पड़ोस के लोगों की मदद से चहारदीवारी तड़प कर फंदे को हटाया गया। वही डकरा अस्पताल लाया गया। वहां डॉक्टररों ने मृत घोषित कर दिया। इधर पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रांची भेज दिया है। बुधवीर फांसी क्यों लगाया यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामलों की छानबीन कर रही है। इधर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। ललिता भगत पुरनाडीह क्वायरी वन में कैटेगरी वन के पद पर कार्यरत हैं। इनका नौकरी उनके पति स्व कुंवर टाना भगत के जगह पर मिला है। बुधवीर टाना भगत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का छात्र था। वह 7 क्लास में पढ़ रहा था।

# जॉब कार्ड और धोती-साड़ी का वितरण

सरकार आपके द्वार

खबर मन्त्र संवाददाता



**चान्हो ।** प्रखण्ड के लुंडरी पंचायत भवन में सोमवार को उपायुक्त के ज्ञापांक के आलोक में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य रूप से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रदीप भगत, अंचलाधिकारी जफर हसनात उपस्थिति हुए। इस शिविर के दौरान चान्हो प्रखंड अन्तर्गत मनरेगा जॉब कार्ड, धोती-साड़ी ए कंबल कम्बल, केसीसीए ग्रीन राशन कार्ड छात्रवृति का वितरण वितरण किया गया। साथ हीए नरेगा नई योजनाए सेवा की गारंटी, स्वास्थ्य जांच, 15वे वित्त, सर्वजन पेंशन योजना एवं अन्य मामले की स्वीकृति प्रदान किया गया।

शिविर के दौरान विभिन्न विभागों के कुल 2558 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 2018 आवेदन का त्वरित निपटान किया गया। शिविर में मुख्य रूप से प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी, आपूर्ति पदाधिकारी, कल्याण पदाधिकारी, पंचायत राज पदा., कार्यक्रम पदा, मनरेगा, सहायक अभियन्ता मनरेगा, कनीय अभियंता मनरेगा, बिटीएम, समन्वयक एसबिएमए कार्यक्रम प्रबंधकए जे इस एल पी एसए महिला पर्यवेक्षिका सहित लुंडरी पंचायत की मुखिया नीलम उरांवए उप.मुखियाए पंचायत समिति सदस्य सभी वार्ड सदस्यए पंचायत सचिव हरि हजाम, जनसेवक बुधवा उरांव, रोजगार सेवक सादिक अख्तर एवं प्रखण्ड के सभी विभागों से अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।

# जर्जर स्कूल भवन से मिलेगी मुक्ति, छात्रों में हर्ष

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** राज्यसभा सदस्य आदित्य प्रसाद साहू द्वारा सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया। राज्यसभा मद से कूल 75 लाख की योजना का शिलान्यास हुआ। जिसमें ओरमांझी बाजार तांड में शेड निर्माण, आरटीसी महाविद्यालय दड़दाग व सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुल्ही स्थित भवन निर्माण, सरनाटोली में फेवर ब्लॉक पथ निर्माण, पांचा व गुडू में स्कूल भवन निर्माण, चेतनबारी व बनलोटवा में पीसीसी सड़क निर्माण का होगा। वर्षो से जरर्जर स्कूल भवन में पढ़ाई बच्चों को नये भवन मिलेंगे, जिसे लेकर विद्यालय के छात्र-छात्राएं काफी हर्षित थे। लोग ढोल-नगाड़े के साथ पारंपरिक नृत्य कर राज्यसभा सदस्य के साथ सांसद संजय सेठ व पूर्व सांसद रामटहल चौधरी व अतिथियों का स्वागत किया गया। आदित्य साहू ने कहा क्षेत्र के लोगों की महत्वपूर्ण मांगों को देने का प्रयास किया गया है। स्कूली बच्चों को नये भवन मिलेगा। वहीं ग्रामीणों को अपने घर आने-जाने में सुविधा मिलगी। वहीं विकास योजना को लेकर ग्रामीणों में उत्सव जैसा महौल था। मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पहान, राज्यसभा सदस्य प्रतिनिधि मानकी राजेन्द्र शाही, वार्ड सदस्य संघ के अध्यक्ष सत्यमराज कुषवाहा, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, पूजा समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, सचिव श्यामकिषोर महतो, डा पासरनाथ महतो, कामेष्वर महतो, उमाशंकर साहू, अमरनाथ चैधरी, हरिशचंद्र महतो, अलखनाथ महतो, सुनील कुमार, राजधाम साहू, बालक महतो, बलाक पहान, राजकिशोर साहू, नीरज नायक, अशोक पहान, अर्जुन बेदिया, धनंजय महतो विभिन्न पंचायत के मुखिया, पंसस सदस्य, जनप्रतिनिधि, समाज सेवी व भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ काफी संख्या में छात्र-छात्राएं व ग्रामीण उपस्थि थे।

### लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण

**रातू।** कमड़े पंचायत की मुखिया नीलम तिर्की की अध्यक्षता में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीडीओ हरिशंकर बारिक व सीओ प्रदीप कुमार ने ग्रामीणों को पीएम आवास, मनरेगा, राजस्व, स्वास्थ्य, आपूर्ति, कन्यादान, सुकन्या, मातृत्व वंदना, पशुपालन, कृषि, निःशक्त स्वावलंबन, शिक्षाए पेयजल व स्वच्छता, विद्युत, सहकारिता, 15वें वित्त, बाल विकास परियोजनाए कल्याण आदि विभाग की ओर से संचालित योजनायों की जानकारी दी। इस दौरान आवास, पेंशन, राशन कार्ड, पीसीसी रोड व पक्की नाली निर्माण को लेकर 1433 अर्जी पड़ी। इसमें 1075 का निपटारा किया गया। गरीबों के राशन कार्ड बनाये गये।

# जयंती पर विशेष : महान व्यक्तित्व के धनी थे कार्तिक उरांव

शेख मुजिबुल

**रातू।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय कार्तिक उरांव महान व्यक्तित्व के धनी थे। उनका जन्म 29 अक्टूबर 1924 को गुमला जिले के लिटाटोली में हुआ था। जौरा उरांव उनके पिता व माता का नाम बिरसी उरांव था। प्रारंभिक शिक्षा जामटोली के प्राईमरी स्कूल में हुई। 1942 में एसएस हाई स्कूल से मैट्रिक की परीक्षा पास कर पटना साइंस कॉलेज से आईएससी की। 1944 में पटना इंजीनियरिंग कॉलेज में नामांकन कराया व 1950 में बीएससी की डिग्री ली। 1950 में बिहार सरकार के सिंचाई विभाग में सहायक अभियंता बने। गुमला ईचा के तेजू भगत की पुत्री सुमति से उनकी शादी हुई। 1952 में वह लंदन गये। ग्लॉसको इंजीनियरिंग कॉलेज से एआरसीएसटी की। 1954 में लंदन आ गये। 1956 में उन्हें एमएससी व 1958 में एएमआई स्ट्रक्चरल की उपाधि मिली।

### विदेशों में दी थी सेवा



ब्रिटिश सरकार के अधीन सिविल इंजीनियर के पद पर रह उन्होंने दुनियां के सबसे बड़े एटोमिक पावर स्टेशन का प्रारूप तैयार कियाए जो हिंकल पाइंट में है। लंदन के केंद्रीय अनुसंधान केंद्र में दस वर्षों तक बतौर डिजाइनर सेवा दी। तत्कालीन पीएम जवाहर लाल नेहरू को भारतीय आदिवासी युवा अभियंता के बारे में जब पता चलाए तो उन्हें दूतावास बुला स्वदेश लौटने का न्योता दिया। 1961 में वह भारत आये। एचईसी में सुप्रिटेंडिंग इंजीनियर कंस्ट्रक्शन एवं डिजाइनर के पद पर नियुक्त हुये। वह 1967 तक यहां चीफ डिजाइन इंजीनियर रहे।

### 1968 में परिषद का किया था गठन

आदिवासियों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से 1968 में परिषद का गठन किया। इसके बाद सक्रिय राजनीति में आये। लोहरदगा के सांसद भी रहे। केंद्र में नागरिक उड्डयन व दूर संचार मंत्री समेत कई पदों को 1980 तक सुशोभित कर लोगों की दिलों में जगह बनायी। परिषद की ओर से हर साल कार्तिक पूर्णिमा को उनकी जयंती मनायी जाती है।

# स्वर्णो को आरक्षण सही

सुप्रीम कोर्ट ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मिल रहे आरक्षण पर अपनी मुहर लगा दी है। ये आरक्षण आगे भी लागू रहेगा। पांच जजों की बेंच ने 3-2 से एहर आरक्षण के पक्ष में फैसला सुनाया। तीन जजों ने आरक्षण के लिए संविधान के 103वें संशोधन को सही ठहराया। तीन जजों ने आरक्षण के लिए संविधान के 103वें संशोधन को सही ठहराया। वहीं, चीफ जस्टिस यूयू ललित और जस्टिस रवींद्र भट ने इस आरक्षण के खिलाफ अपनी राय रखी। पक्ष के इन जजों ने माना कि ये आरक्षण संविधान के खिलाफ नहीं है, बल्कि सभी को समान अवसर प्रदान करने का मौका है। उन्होंने कहा कि आरक्षण को लेकर जो संशोधन किया गया है, वो संविधान की मंशा के अनुरूप है। संविधान निमार्ताओं ने आरक्षण सीमित समय के लिए रखने की बात कही थी, लेकिन 75 साल बाद भी यह जारी है। 'आरक्षण का अंत नहीं है, यह साधन है, इसे निहित स्वार्थ नहीं बनने देना चाहिए।' 40 से अधिक याचिकाकताओं ने दलील दी थी कि आरक्षण का मकसद सामाजिक भेदभाव झेलने वाले वर्ग का उत्थान था, अगर गरीबी आधार है तो उसमें एससी-एसटी-ओबीसी को भी जगह मिले। 50% की जो सीमा कही जा रही है, वो कोई संवैधानक व्यवस्था नहीं है, ये सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले से आया है। ऐसे में ये कहना गलत होगा कि इसके परे जाकर आरक्षण नहीं दिया जा सकता है। देश में आरक्षण पर राजनीति नयी बात नहीं है लेकिन सामाजिक स्थिति में बदलाव और गरीब स्वर्णो को आरक्षण की लाभ का विरोध को सर्वोच्च न्यायालय ने नकारा दिया है। राजद सहित कई राजनीतिक दलों ने स्वर्ण आरक्षण बिल के विरोध में वोट दिया था। संविधान का हवाला देते हुये कई संगठनों इसे पिछड़ों की हकमारी बता रहें हैं। निश्चित तौर पर बदलाव के दौर में ऐसे मामलों को राजनैतिक चश्मा से नहीं देखा जाना चाहिए।

# धुंध और राजनीति

अच्छी बात है कि दिल्ली की आबोहवा में कुछ सुधार के संकेत हैं। दिल्ली सरकार ने अब ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान यानी ग्रैप के स्टेज-4 के तहत लगे सख्त प्रावधानों में ढील दी है। लेकिन इसकी तीन श्रेणियों के प्रतिबंध स्थिति सामान्य होने तक जारी रहेंगे। दरअसल, दिल्ली में एआईक्यू लेवल के खतरनाक स्तर तक पहुंचने के बाद ग्रैप के चौथी श्रेणी के कुछ सख्त प्रावधान लागू किये गये थे, जिसके प्रभाव आम लोगों के रोजगार व आर्थिकी के लिये कष्टकारी थे। दरअसल, गंभीर स्थिति के चलते जब एक्यूआई लेवल चार सौ पचास को पार करता है तो ये सख्त प्रावधान लागू किये जाते हैं। जिसमें जरूरी वस्तुओं को छोड़कर अन्य ट्रकों व बीएस-6 के अलावा सभी चार पहिया डीजल वाहनों के दिल्ली में प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी। जरूरी सामान के निर्माण के अलावा अन्य उद्योगों को बंद करने पर रोक लगाई गई। निर्माण कार्य पर रोक के साथ ही राज्य सरकार के पचास फीसदी कर्मचारियों को ऑफिस में काम करने तथा केंद्रीय कर्मियों को वर्क फ्रॉम होम करने के निर्देश शामिल रहे हैं। राज्य के स्कूल-कॉलेज बंद करने के निर्देश दिये गये। सवाल ये है कि जब दिवाली के बाद और ठंड की दस्तक देने पर दिल्ली की आबोहवा जहरीली हो जाती है तो पहले से तैयारी क्यों नहीं होती? क्यों प्रदूषण बढ़ाने वाले कारकों पर समय रहते रोक नहीं लगाई जाती? यह हर भारतीय के लिये शर्मसार करने वाली बात है कि दिल्ली दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानियों में शुमार है। हमारे तंत्र व राजनेताओं की विफलता है कि वे कोर्ट की फटकार के बाद ही जागते हैं। ये नेता लगातार गाल बजाते हैं कि पराली के फलां विकल्प तैयार किये गये हैं,तो बहुउपयोगी पराली का पर्यावरण अनुकूल उपयोग क्यों नहीं होता? क्यों किसान अपनी जिद को छोड़ने को राजी नहीं है?

# ऐसे गुरु को बल-बल जाइए, आप मुकत मोहे तारे





**- सीए रंजीत सिंह**

> नानक सर्वेश्वरवादी थे। मूर्तिपूजा: उन्होंने सनातन मत की मूर्तिपूजा की शैली के विपरीत एक परमात्मा की उपासना का एक अलग मार्ग मानवता को दिया। उन्होंने हिन्दू पन्थ के सुधार के लिए इन्होंने कार्य किये। साथ ही उन्होंने तत्कालीन राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक स्थितियों पर भी दृष्टि डाली है। सन्त साहित्य में नानक उन सन्तों की श्रेणी में हैं जिन्होंने नारी को बड़प्पन दिया है।

**गुरु** नानक देव सिखों के प्रथम गुरु हैं। इनके अनुयायी इन्हें नानक, नानक देव जी, बाबा नानक और नानकशाह नामों से सम्बोधित करते हैं। नानक अपने व्यक्तित्व में दार्शनिक, योगी, गृहस्थ, धर्मसुधारक, समाजसुधारक, कवि, देशभक्त और विश्वबन्धु - सभी के गुण समेटे हुए थे। इनकी समाधि स्थल गुरुद्वारा ननकाना साहिब पाकिस्तान में स्थित है।

गुरुद्वारा ननकाना साहिब

इनका जन्म रावी नदी के किनारे स्थित तलवण्डी नामक गाँव में कार्तिकी पूर्णिमा को एक खत्री(क्षत्रिय)कुल में हुआ था। तलवण्डी पाकिस्तान में पंजाब प्रान्त का एक नगर है। कुछ विद्वान इनकी जन्मतिथि 15 अप्रैल, 1469 मानते हैं। किन्तु प्रचलित तिथि कार्तिक पूर्णिमा ही है, जो अक्टूबर-नवम्बर में दीवाली के 15 दिन बाद पड़ती है। इनके पिता का नाम मेहता कालूचन्द खत्री तथा माता का नाम तृप्ता देवी था। तलवण्डी का नाम आगे चलकर नानक के नाम पर ननकाना पड़ गया। इनकी बहन का नाम नानकी था।

बचपन से इनमें प्रखर बुद्धि के लक्षण दिखाई देने लगे थे। लड़कपन ही से ये सांसारिक विषयों से उदासीन रहा करते थे। पढ़ने-लिखने में इनका मन नहीं लगा। 7-8 साल की उम्र में स्कूल छूट गया क्योंकि भगवत्प्राप्ति के सम्बन्ध में इनके प्रश्नों के आगे अध्यापक ने हार मान ली तथा वे इन्हें ससम्मान घर छोड़ने आ गए। तत्पश्चात सारा समय वे आध्यात्मिक चिन्तन और सत्संग में व्यतीत करने लगे। बचपन के समय में कई चमत्कारिक घटनाएँ घटीं जिन्हें देखकर गाँव के लोग इन्हें दिव्य व्यक्तित्व मानने लगे। बचपन के समय से ही इनमें श्रद्धा रखने वालों में इनकी बहन नानकी तथा गाँव के शासक राय बुलार प्रमुख थे।

इनका विवाह बालपन मे सोलह वर्ष की आयु में गुरदासपुर जिले के अन्तर्गत लाखौकी नामक स्थान के रहनेवाले मूला की कन्या सुलक्खनी से हुआ था। 32 वर्ष की अवस्था में इनके प्रथम पुत्र श्रीचन्द का जन्म हुआ। चार वर्ष पश्चात दूसरे पुत्र लखमीदास का जन्म हुआ। दोनों लड़कों के जन्म के उपरान्त 1507 में नानक अपने परिवार का भार अपने श्वसुर पर छोड़कर मरदाना, लहना, बाला और रामदास इन चार साथियों को लेकर तीर्थयात्रा के लिये निकल पडे.। उन पुत्रों में से 'श्रीचन्द आगे चलकर उदासी सम्प्रदाय के प्रवर्तक हुए।'

**गुरु नानाक देव जी की यात्राएँ**

ये चारों ओर घूमकर उपदेश करने लगे। 1521 तक इन्होंने चार यात्रा चक्र पूरे किए, जिनमें भारत, अफगानिस्तान, फारस और अरब के मुख्य मुख्य स्थानों का भ्रमण किया। इन यात्राओं को पंजाबी में उदासियां कहा जाता है।

**मक्का में गुरु नानक देव जी**

नानक सर्वेश्वरवादी थे। मूर्तिपूजा: उन्होंने सनातन मत की मूर्तिपूजा की शैली के विपरीत एक परमात्मा की उपासना का एक अलग मार्ग मानवता को दिया। उन्होंने हिन्दू पन्थ के सुधार के लिए इन्होंने कार्य किये। साथ ही उन्होंने तत्कालीन राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक स्थितियों पर भी दृष्टि डाली है। सन्त साहित्य में नानक उन सन्तों की श्रेणी में हैं जिन्होंने नारी को बड़प्पन दिया है।

**हिन्दी साहित्य से सम्बन्ध**

हिन्दी साहित्य में गुरुनानक भक्तिकाल के अन्तर्गत आते हैं। वे भक्तिकाल में निर्गुण धारा की ज्ञानाश्रयी शाखा से सम्बन्ध रखते हैं। उनकी कृति के सम्बन्ध में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' में लिखते हैं कि भक्तिभाव से पूर्ण होकर वे जो भजन गाया करते थे उनका संग्रह (संवत 1661) ग्रन्थ साहब में किया गया है।` उन्होंने करतारपुर नामक एक नगर बसाया, जो कि अब पाकिस्तान में है और एक बड़ी धर्मशाला उसमें बनवाई। इसी स्थान पर आश्वन कृष्ण 10, संवत 1597 (22 सितम्बर 1539 ईस्वी) को इनका परलोक वास हुआ।मृत्यु से पहले उन्होंने अपने शिष्य भाई लहना को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया जो बाद में गुरु अंगद देव के नाम से जाने गए।

नानक भेदाभेद वादी कवि थे और साथ ही अच्छे सूफी कवि भी। उनके भावुक और कोमल हृदय ने प्रकृति से एकात्म होकर जो अभिव्यक्ति की है, वह निराली है। उनकी भाषा बहता नीर थी जिसमें फारसी, मुल्तानी, पंजाबी, सिंधी, खड़ी बोली, अरबी के शब्द समा गए थे।

गुरु ग्रन्थ साहिब में सम्मिलित 974 शब्द (19 रागों में), गुरबाणी में शामिल है- जपजी, सोहिला, दखनी ओंकार, आसा दी वार, बारह माह सिख सम्प्रदाय में दस गुरु हुए हैं। जिसमें पहले गुरुनानक हैं तथा अन्तिम गुरु गोबिंद सिंह हुए हैं-

**गुरु नानक देव, गुरु अंगद देव**
**गुरु अमर दास, गुरु राम दास**
**गुरु अर्जुन देव, गुरु हरगोबिन्द**
**गुरु हर राय,गुरु हर किशन**
**गुरु तेग बहादुर,गुरु गोबिंद सिंह**

इनके जीवन से जुड़े प्रमुख गुरुद्वारा साहिब 1. गुरुद्वारा कन्ध साहिब- बटाला (गुरुदासपुर) गुरु नानक का यहाँ बीबी सुलक्षणा से 16 वर्ष की आयु में संवत 1544 की 24वीं जेठ को विवाह हुआ था। यहाँ गुरु नानक की विवाह वर्षगाँठ पर प्रतिवर्ष उत्सव का आयोजन होता है।

2. गुरुद्वारा हाट साहिब- सुल्तानपुर लोधी (कपूरथला) गुरुनानक ने बहनोई जैराम के माध्यम से सुल्तानपुर के नवाब के यहाँ शाही भण्डार के देखरेख की नौकरी प्रारम्भ की। वे यहाँ पर मोदी बना दिए गए। नवाब युवा नानक से काफी प्रभावित थे। यहीं से नानक को 'तेरा' शब्द के माध्यम से अपनी मंजिल का आभास हुआ था।

3. गुरुद्वारा गुरु का बाग- सुल्तानपुर लोधी (कपूरथला) यह गुरु नानकदेवजी का घर था, जहाँ उनके दो बेटों बाबा श्रीचन्द और बाबा लक्ष्मीदास का जन्म हुआ था।

4. गुरुद्वारा कोठी साहिब- सुल्तानपुर लोधी (कपूरथला) नवाब दौलतखान लोधी ने हिसाब-किताब में गड़बड़ी की आशंका में नानकदेवजी को जेल भिजवा दिया। लेकिन जब नवाब को अपनी गलती का पता चला तो उन्होंने नानकदेवजी को छोड़ कर माफी माँगी।

(लेखक वित्त विशेषज्ञ हैं।)

## खास बात

# क्यों टूट रहें है परिवार

**डॉ सत्यभान सौरव**

**आज** सभी को एक संस्था के रूप में पारिवारिक मूल्यों और परिवार के बारे में सोचने-समझने की बेहद सख्त जरूरत है और साथ ही इन मूल्यों की गिरावट के कारण ढूंढकर उनको दुरुस्त करने की भी जरूरत है। इसके लिए समाज के कर्णधार कवि/लेखकों/गायकों/नायक/नायिकाओं/शिक्षक वर्गों और अन्य सामाजिक कार्यकताओं के साथ-साथ राजनीतिज्ञों को एक संस्था के रूप में परिवार के पतन के निहितार्थ के बारे में भी लिखना और सोचना चाहिए. खुले मंचो से इस बात पर चर्चा होनी चाहिए कि इस गिरावट के कारण क्या है? और इस गिरावट से कैसे उभरा जा सकता है? युवा कवयित्री प्रियंका सौरभ ने इस स्थिति को अपने शब्दों में कहते हुए सही लिखा है कि-टूट रहे परिवार हैं, बदल रहे मनभाव ! प्रेम जताते गैर से, अपनों से अलगाव !!

परिवार, भारतीय समाज में, अपने आप में एक संस्था है और प्राचीन काल से ही भारत की सामूहिक संस्कृति का एक विशिष्ट प्रतीक है। संयुक्त परिवार प्रणाली या एक विस्तारित परिवार भारतीय संस्कृति की एक महत्वपूर्ण विशेषता रही है, जब तक कि शहरीकरण और पश्चिमी प्रभाव के मिश्रण ने उस संस्था को झटका देना शुरू नहीं किया। परिवार एक बुनियादी और महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था है जिसकी व्यक्तिगत और साथ ही सामूहिक नैतिकता को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका है। परिवार सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों का पोषण और संरक्षण करता है।

यह कानून का पालन करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहन देकर समाज को स्थिरता प्रदान करता है। यह व्यक्ति में सामूहिक चेतना के निर्माण में मदद करता है। परिवार प्रणाली एक एकल, शक्तिशाली किस्में है जो सदियों से है, और विविधता के साथ समृद्ध, सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करती है समाजीकरण में यह भावनात्मक संबंध का प्रमुख स्रोत है, समाजीकरण और नैतिकता को आकार देने के तरीके से सही और गलत की भावना उत्पन्न करता है। बच्चों को उनके माता-पिता, उनके साथियों और उनके समाज के सामाजिक सम्मेलनों के अनुसार नैतिक निर्णय लेने के रूप में देखा जाता है।

# चंचल मन

## धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**मन** की माया बड़ी विचित्र है। इसके बड़े ही अलग नियम हैं। इसके खेल निराले हैं। यह इंसान को तरह तरह से भ्रमित करता है। उनमें से इसका एक नियम यह है कि जो भी चिज इसे मिल जाए उसे यह भूलने लगता है। लेकिन यह उसे जरूर याद करता है जो इससे दूर होती है और हर पल उसी के लिए रोता रहता है। मन कभी भी वर्तमान में नहीं रहता। यह सदैव या तो अतीत में जाता है या भविष्य की योजना बनाता है ताकि सत्ता की चाबी इसके हाथ रहे। मन इंसान को इतना व्यस्त रखता है कि वो स्वांस के बारे में चिंतन ही नहीं करने देता इसलिए हृदय में विराजमान परमानंद से दूरी रहती है। आज यदि एक इंसान के पास उसकी मेहनत और नेक कमाई का इतना पर्याप्त है कि वह अपना व परिवार के सदस्यों की जरूरत के लिए काफी है लेकिन तब भी यह मन उस इंसान को शांत नहीं रहने देता और भविष्य में ले जाकर कहना शुरू कर देता है कि और चाहिए। इस प्रकार इंसान सारा जीवन भागदौड़ करके मन के सपने पूरा करने का प्रयत्न करता है और जब सब कुछ ऐशो आराम के संसाधनों के साथ महल बंगला तैयार होता है तब वह ठीक ढंग से उसमें रहने भी नहीं पाता कि यह स्वांस उसका साथ छोड़ देता है। इसलिए सच्चे गुरु से जितना दूरी रहे उतना ही अच्छा है क्योंकि मन दूरी में सदैव दिलचस्पी लेता है। अगर आपने अभ्यास से अपने मन को नहीं साधा हो और ऐसी गुरु कृपा हो जाए कि सच्चे गुरु के बहुत नजदीक रहने का सौभाग्य मिल जाए।

## कॉर्टून वर्ल्ड

युद्ध की राजनीति और तेल...



## लेटर टू एडिटर

### डॉकघर में हो रजिस्ट्री

**पलामू** जिला अधिवक्ता संघ ने डाक अधीक्षक पलामू से पलिखकर कचहरी डाकघर से रजिस्ट्री कार्य बंद रहने के कारण हो रहे परेशानियों से अवगत कराया है। पोस्ट ऑफिस से डाक रजिस्ट्री बंद रहने के कारण लोगों को काफी परेशानी झेलना पड़ रहा है। न्यायालय से संबंधित भी रजिस्ट्री कार्य समय पर नहीं हो पा रहा है। इस पर सरकार ध्यान दें।

**–संतोष पाण्डेय, मेदिनीनगर**

### नदियों को जोड़िये

**बाढ़** से मुक्ति का स्थायी समाधान है पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के समय शुरू की गई नदी जोड़ो परियोजना पर सरकार तेज गति से अमल करे। देश की सभी नदियों को जोड़ने के साथ-साथ ही इनकी साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देना होगा और नहरें भी बनाई जानी चाहिए। इससे हर साल बाढ़ से होने वाले जानमाल के नुकसान को तो रोका जा सकेगा।

**– रवि सिन्हा, रांची**

सुप्रीम कोर्ट जातिवादी है, अब भी कोई शक! ईडब्लूएस आरक्षण की बात आई तो कैसे पलटी मारी कि 50% की सीमा संवैधानिक बाध्यता नही है लेकिन जब भी एससी/एसटी / ओबीसी को आरक्षण देने की बात आती थी तो इंदिरा साहनी मामले में लगी 50% की सीमा का हवाला दिया जाता रहा।

**– उदित राज, कांग्रेस**

## आपके ट्वीट

विपक्ष एक गिरोह की तरह काम करता है। इन्हें लगता है यह संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर राज्य की जनता के आशीर्वाद से चुनी सरकार के खिलाफ षड्यंत्र रचने में कामयाब हो जायेंगे। यहां सामंतवादी सोच कभी कामयाब नहीं हो सकते। **– हेमंत सोरेन, सीएम**





**विकास** और सुशासन के मूल में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास है। दलित-पीड़ित-शोषित-वंचित, नौजवान और महिलाएं सबका विकास हो। कोई न पीछे रहे, न ही किसी से भेदभाव हो।

**–नरेन्द्र मोदी, पीएम**

# देश में मैला ढोने वालों की दुर्दशा पर कौन ध्यान देगा

**प्रियंका सौरभ**

## समस्या

देश में 28 साल पहले एक कानून के माध्यम से इस पर प्रतिबंध लगाने एवं तकनीकी प्रगति के बावजूद, मानव अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता पैदा करने वाली , मैनुअल स्कैवेंजिंग भारत में बनी हुई है। मैनुअल स्कैवेंजिंग का तात्पर्य किसी भी तरीके से मैन्युअल रूप से सफाई करने, शुष्क शौचालयों और सीवरों से मानव उत्सर्जन ले जाने, निपटाने या संभालने के अभ्यास से है। अब जबकि पूरे देश में स्वच्छ भारत अभियान के जरिए साफ-सफाई पर जोर-शोर से चर्चा हो रही है तो यह जरूरी है कि इस अमानवीय पेशे के उन्मूलन के लिए गंभीर प्रयास किए जाएं।

और इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिए महात्मा गांधी समेत तमाम महापुरुषों ने समय-समय पर प्रयास किए इसके बावजूद यह व्यवस्था न सिर्फ निजी बल्कि सरकारी प्रतिष्ठानों में भी अपनी जड़ें जमाए रही। अब जबकि पूरे देश में स्वच्छ भारत अभियान के जरिए साफ-सफाई पर जोर-शोर से चर्चा हो रही है तो यह जरूरी है कि इस अमानवीय पेशे के उन्मूलन के लिए गंभीर प्रयास किए जाएं। तब महात्मा गांधी ने 1917 में पूरा जोर देकर कहा था कि साबरमती आश्रम में रहने वाले लोग अपने शौचालय को खुद ही साफ करेंगे। इसके बाद महाराष्ट्र हरिजन सेवक संघ ने 1948 में मैला ढोने की प्रथा का विरोध किया था और उसने इसको खत्म करने की मांग की थी। तब जाकर ब्रेव-कमेटी ने 1949 में सफाई कर्मचारियों के काम करने की स्थितियों में सुधार के लिए सुझाव दिए थे। आजादी के बाद मैला ढोने की हालातों की जांच के लिए बनी एक अन्य समिति ने 1957 में सिर पर मैला ढोने की प्रथा को समाप्त करने का सुझाव दिया था। इतने सालों बाद भी हम देश भर में आए रोज सफाई के लिए सेप्टिक टैंक और नालियों में मानव प्रवेश के कारण हुई मौत की खबरें सुनते है। ऐसी दुखद घटनाओं को समाप्त करने के उद्देश्य से आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने गैर-सरकारी संगठनों से इसके उपयुक्त समाधान की तलाश के लिए एक प्रौद्योगिकी चुनौती शुरू की है। जिस से देश में सीवरों और सेप्टिक टैंकों की सफाई में मानव हस्तक्षेप की जगह नवीनतम तकनीकों को बढ़ावा दिया जा सके। सेप्टिक टैंकों और नालियों की सफाई करने वालों के अलावा मैला प्रथा (मैनुअल स्कैवेंजिंग) भी इस काम में लगे लोगों के लिए अभिशाप बन गई है. मैनुअल स्कैवेंजिंग का तात्पर्य किसी भी तरीके से मैन्युअल रूप से सफाई करने, शुष्क शौचालयों और सीवरों से मानव उत्सर्जन ले जाने, निपटाने या संभालने के अभ्यास से है। 28 साल पहले एक कानून के माध्यम से इस पर प्रतिबंध लगाने एवं तकनीकी प्रगति के बावजूद, मानव अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता पैदा करने वाली , मैनुअल स्कैवेंजिंग भारत में बनी हुई है। 2015 में जारी सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना में कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 18 मिलियन मैनुअल मैला ढोने वाले घर थे। अधिकांश सेप्टिक टैंक मैन्युअल रूप से भारतीय शहरों में खाली किए जाते हैं। आंकड़े बताते हैं कि भारत के 80प्रतिशत सीवेज क्लीनर विभिन्न संक्रामक रोगों के कारण 60 की उम्र से पहले मर जाते हैं। ये दुर्घटनाएं शहरी इलाकों में अधिक हैं और क्योंकि देश के 8000 शहरी क्षेत्र हैं और 6 लाख गांव के बड़े हिस्से में सीवेज प्लांट नहीं हैं। मैनुअल स्केवेंजिंग मुख्य रूप से जाति व्यवस्था से दृढ़ता से जुड़ा हुआ है। इस सबसे बड़े अमानवीय पेशे को खत्म करने के लिए समाज द्वारा समर्थन का अभाव भी इसके बने रहने के पीछे एक कारण है। वैसे भी शिक्षा और मानवता का अभाव आज भारत के कई हिस्सों में गायब है। इनके बारे में एक सटीक सर्वे भी नहीं हो पा रहा है क्योंकि डेटा स्व-

# आखिर चिकित्सा क्षेत्र की उपेक्षा क्यों?

**सुधांशु कुमार**

## सामयिक

**नौकरियां** और व्यवसाय गंवाने वाले सभी तबके के लोग इस मुश्किल को झेल रहे हैं। लेकिन उत्तरी दिल्ली नगर निगम के तहत आने वाले बाड़ा हिंदूराव अस्पताल में वेतन पर निर्भर डॉक्टरों और अस्पताल के अन्य चिकित्सा कर्मचारियों की समस्या भी इसलिए लगातार गंभीर होती गई है, क्योंकि उन्हें पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिला है। बाजार की हालत, बेलगाम महंगाई, बढ़ते खर्च के बीच अगर तीन महीनों से किसी को वेतन नहीं मिल रहा हो तो उसकी स्थिति समझी जा सकती है।

शायद यही वजह है कि मजबूरन अस्पताल के सभी रेजीडेंट डॉक्टर पिछले करीब तेईस दिनों से हड़ताल पर हैं। विडंबना यह है कि अस्पताल प्रशासन की नजर में शायद डॉक्टरों की मांग की अहमियत बहुत ज्यादा नहीं है और वह इस पर टालमटोल का रवैया अख्तियार किए हुए है। इस अनदेखी के बीच अब इंडियन मेडिकल एसोसिएशन यानी आइएमए ने भी खुल कर डॉक्टरों की हड़ताल की समर्थन किया है। इस मसले पर आइएमए ने यहां तक कहा दिया कि जिस तरह से शासन हो रहा है, उसमें कुछ गड़बड़ है और यह शासन का नया निचला स्तर है, स्वास्थ्यकर्मी और खासतौर पर डॉक्टर राष्ट्रीय संपदा हैं और वेतन रोक कर उनका अपमान करना और कुछ नहीं, बल्कि राज्य प्रायोजित हिंसा है!

अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस मसले पर डॉक्टरों की नाराजगी का आलम क्या है! यह स्थिति तब है जब सुप्रीम कोर्ट भी कह चुका है कि डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों का वेतन समय पर दिया जाए। सवाल है कि इसके बावजूद अस्पताल प्रशासन का रुख ऐसा क्यों बना हुआ है! लगातार अभाव और जोखिम के बीच काम कर रहे डॉक्टरों पर इसका क्या असर पड़ेगा?

जब शुरूआती दिनों में कोरोना के संक्रमण से बचाव के लिए समूचे देश में पूर्णबंदी लागू हुई थी तब देश की सरकार के आह्वान पर समूचे देश में डॉक्टरों के प्रति लोगों ने अलग-अलग तरीकों से सम्मान जाहिर किया था। इसके बाद सरकार ने डॉक्टरों की सुरक्षा के मद्देनजर एक विशेष व्यवस्था भी की। लेकिन ऐसी पहलकदमियों के बजाय जमीनी हकीकत अगर उतनी ही सुखद नहीं है तो इसे किस तरह देखा जाएगा! इसमें कोई शक नहीं है कि देश अभी जिस संवेदनशील दौर से गुजर रहा है, इसमें कोरोना के संक्रमण से उपजी परिस्थिति ही सबसे बड़ी चुनौती है। इस चुनौती का सामना करना पूरी तरह डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों के भरोसे पर निर्भर है, इसलिए उनका दायित्व भी बड़ा है। लेकिन अगर उनकी अनिवार्य आर्थिक जरूरतों की उपेक्षा की जाए तो उनके मनोबल को कब तक बनाए रखा जा सकता है!

देश में पहले ही आबादी और जरूरत के मुताबिक डॉक्टरों की भारी कमी है। डॉक्टरों के बीच से एक बड़ा तबका निजी क्षेत्र में चला जाता है। ऐसे में न्यूनतम सुविधाओं, संसाधनों और कोरोना जैसी महामारी के जोखिम के बीच अगर डॉक्टर अपनी सेवा देने को तैयार हैं तो अस्पताल प्रशासन को भी डॉक्टरों की मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। हर जिले में सरकारी हॉस्पीटल सह चिकित्सा कॉलेज की नीति बनाकर काम करना चाहिए। इसमें निजी भागीदारी भी सुनिश्चित हो तो सही अन्यथा इस कल्याणकारी कार्य को करना ही होगा।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 94313-55233

पिन: -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## जिप सदस्य ने किया बच्चों के बीच पोशाक का वितरण

**कुजू।** जिला परिषद मांडू भाग-3 सदस्य दयामंती देवी ने मांडू प्रखंड अंतर्गत बुमरी पंचायत तथा बड़का चुंबा पंचायत में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्कूली बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया। इसके साथ जल मीनार का उदघाटन पूजा अर्चना के पश्चात फीता काटकर व न नारियल फोड़कर किया। जानकारी के अनुसार जिप सदस्य दयामंती देवी ने बुमरी पंचायत अंतर्गत नव सृजित प्राथमिक विद्यालय ठाकुरगोड़ा में कक्षा 1 व 2 के कुल 39 छात्र-छात्राओं के बीच सरकार द्वारा प्रदत्त स्कूली पोशाक का वितरण किया।

## आदिवासी संस्कृति वेशभूषा व नाच-गान के साथ होगा पैदल मार्च



**भदानीनगर (रामगढ़)।** भदानीनगर के देवरिया बरगावां में सोमवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पूर्व पार्षद झरी मुंडा व संचालन उमेश पाहन ने किया। बैठक में 15 नवंबर को धरती आबा वीर बिरसा मुंडा की जयंती व झारखंड राज्य स्थापना दिवस मनाने को ले विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। निर्णय हुआ कि सर्वप्रथम मतकमा चौक स्थित सिद्धो-कान्हू प्रतिमा पर पाहन द्वारा पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण किया जायेगा। इसके बाद आदिवासी संस्कृति वेशभूषा व नाच-गान के साथ पैदल मार्च होगा। वहीं बिरसा चौक स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए पैदल मार्च भुरकुंडा थाना होते हुए वापस लक्ष्मी टॉकीज मैदान पहुंचेगी। यहां आदिवासी संस्कृति कार्यक्रम के साथ समारोह का समापन होगा।

## बलकुदरा में रैयत विस्थापितों की हुई बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बलकुदरा के रैयत विस्थापितों की बैठक नया टोला मैदान में हुई। इसकी अध्यक्षता सुनील मुंडा और संचालन रवि महली ने की। कहा गया की बरका-सयाल प्रबंधन द्वारा जब-जब विस्थापित ग्रामीणों से ग्रामसभा के माध्यम से विभिन्न प्रकार का परमिशन लेना होता है तब यह कहा जाता है की लोकल सेल खोला जाएगा। साथ ही ट्रांसपोर्टिंग का भी कार्य यहां के विस्थापितों को दिया जाएगा। लेकिन जब काम निकल जाता है तो प्रबंधन मनमानी करते हुए अपने हिसाब से काम करने लगती है। इसका बलकुदरा के रैयत विस्थापित विरोध करते हैं। निर्णय हुआ की इन्ही सब मुद्दों को ले 10 नवंबर को भुरकुंडा पीओ को ज्ञापन सौंपा जाएगा। कहा गया कि हमलोगों की मांग पूरी नही हुई तो परियोजना का कार्य ठप कर दिया जाएगा।

## साजीद असद ने गरीब असहायों के बीच कंबल वितरण की मांग की

**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड में ठंड को देखते हुए साजीद असद मीडिया प्रभारी अल्पसंख्यक महासभा आजसू पार्टी प्रखण्ड चितरपुर ने एक प्रेस बयान जारी कर प्रखंड में ठंड को देखते हुए गरीबों, आदिवासी, असहायों के बीच कंबल वितरण की मांग की है। ताकि इस ठंड में लोगों को राहत मिल सके. खासकर गरीब तबके के परिवार के पास इस ठंड में गर्म कपड़े की कमी है।

## साक्षरता प्रेरक एवं संयोजिका की बैठक का हुआ आयोजन

**बरही।** प्रखंड परिसर स्थित अब्दुल कलाम पार्क में प्रखंड स्तरीय साक्षरता प्रेरक एवं संयोजिका की बैठक प्रेरक संघ के अध्यक्ष रिजवान अली की अध्यक्षता में हुआ। बैठक का संचालन संघ सचिव सुमन लता रानी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आगामी दस नवम्बर को झारखंड प्रेरक संघ के बैनर तले राज्यस्तरीय धरना प्रदर्शन में बढ़ चढ़ कर भाग लेने एवं झारखंड सरकार को तीन सूत्री मांग संबंधी ज्ञापन सौपने में सहयोंग करने पर विचार विमर्श किया गया। सभी ने एकमत होकर अपने हक अधिकार के लिए तन मन धन से संघ को सहयोग करने पर सहमति बनाई। ज्ञात हो कि साक्षरता प्रेरक एवं संयोजिका लगातार दस वर्षो से पंचायत स्तर पर दो हजार के अल्प मानदेय पर कार्यरत थे।

# श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर शोभायात्रा का आयोजन

- बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग
- पंज प्यारे आकर्षक वेशभूषा में थे
- बच्चे भी थे उत्साहित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** श्री गुरूनानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर 7 नवंबर को शहर में शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में एक वाहन पर गुरूग्रंथ साहिब, अपने वेशभूषा में पंज प्यारे व समाज के लोग उत्साह के साथ शामिल हुए। बच्चों में दिखा उत्साह शोभा यात्रा में गुरूनानक स्कूल के बच्चे उत्साह के साथ शामिल हुए। जो गुरूवाणी गाते चल रहे थे।



निशान साहिब के साथ बच्चियां।

विक्की छाबड़ा कीर्तन गाते चल रहे थे। शोभा यात्रा के क्रम में विक्की छाबड़ा अपने मधुर कीर्तन से लोगों को मंत्रमुग्ध करते चल रहे थे।



मिल्ट्री बैंड।

मिल्ट्री बैंड की धून के साथ निकली शोभा यात्रा शोभा यात्रा में शामिल मिल्ट्री बैंड अपने धून से इसकी शोभा को बढ़ा रही थी। साथ ही अन्य बैंड पार्टियां भी शोभा यात्रा के साथ चल रही थी।

कई संगठनों ने किया स्वागत शोभा यात्रा के दौरान कई संगठनों ने यात्रा में शामिल लोगों को जगह जगह शर्बत, विस्किट, पेयजल आदि से स्वागत किया।

गतका पार्टी देख लोग हुए अचंभित शोभा यात्रा में शामिल गतका पार्टी के कर्तब देखकर लोग अचंभित रह गये। गतका पार्टी द्वारा पारंपरिक युद्ध कौशल का प्रदर्शन किया गया।

घुड़सवार दस्ता चल रहा था साथ शोभा यात्रा के साथ घुड़सवार दस्ता साथ चल रहा था। जिससे शोभा यात्रा आकर्षक लग रही थी।

लोगों में था उत्साह शोभा यात्रा में शामिल सिख समाज के लोग काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। वे गुरूवाणी गाते बढ़ रहे थे। पुराना बस स्टैंड, लोहार टोला , थाना चौक, सुभाष चौक होते हुए शोभा यात्रा गुरूद्वारा पहुंचकर संपन्न हुई।

शोभा यात्रा में प्रधान सरदार परमदीप सिंह कालरा, मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, तेजिंदर सिंह सोनी ,जोगिंदर सिंह जग्गी,बलजीत सिंह बेदी ,गुरप्रीत चना ,जितेंद्र सिंह पवार ,भूपेंद्र सिंह चंडोक ,रविंद्र सिंह छाबड़ा ,राजू कालरा, दलजीत सिंह छाबड़ा ,इंद्रपाल सिंह जस्सल, विकी छाबड़ा, गुरजीत सिंह सलूजा अजैब सिंह छाबड़ा आदि शामिल थे।

# अवैध चारकोल धंधे का हुआ भंडाफोड़

- कुजू पुलिस ने चारकोल लदे 9 ट्रकों को किया जब्त, 2 लोग गिरफ्तार
- ट्रक मालिक और चालक सहित स्पंज फैक्ट्री व ट्रांसपोर्टर के विरुद्ध मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** रामगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यापक पैमाने पर चल रहे चारकोल के धंधे का भंडाफोड़ रविवार रात को कुजू पुलिस ने चारकोल लदे 9 ट्रकों को जब्त कर किया है। कुजू पुलिस की उक्त कार्रवाई जिले के वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर हुई । कुजू ओपी पुलिस ने मौके से एक ट्रक चालक सहित एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जबकि शेष सभी ट्रक चालक व धंधे में संलिप्त अन्य लोग अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। जब्त सभी ट्रकों को फिलहाल कुजू ट्रांसपोर्ट नगर स्थित भोजपुर होटल के समीप रखा गया है। पुलिस गिरफ्तार दोनों लोगों से मामले के संबंध में सघन पूछताछ करने के बाद गिरफ्तार दो नामजद लोगों सहित जब्त सभी ट्रकों के मालिक-चालक,एक ट्रांसपोर्टर व संबंधित स्पंज फैक्ट्री संचालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।



ट्रांसपोर्ट नगर में खड़े सभी ट्रक।

**क्या है मामला**

मामले के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रामगढ़ जिले के वरीय पुलिस पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली कि गिद्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत होसिर स्थित स्पंज फैक्ट्री से करीब 20-25 ट्रकों में चारकोल लादकर जाली कागजात के माध्यम से उसे सिंगरौली मध्यप्रदेश ले जाया जा रहा है। ट्रक अभी फैक्ट्री से निकला है। इस खबर पर वरीय पुलिस पदाधिकारी ने कुजू पुलिस को टीम बनाकर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। मिले निर्देश के अनुसार कुजू ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद ने ओपी के पुलिस पदाधिकारियों सहित अन्य सहयोगियों को लेकर नयामोड़ गिद्दी हीरक मार्ग पर ओरला मोड़ के समीप नाकाबंदी लगा दी। पुलिस ने घेराबंदी कर गिद्दी मार्ग से नयामोड़ की ओर एक साथ आ रहे 9 ट्रकों को जांच के लिए रूकवाया। पुलिस को देखते हीं सभी ट्रक चालक सहित ट्रक पर सवार अन्य लोग इधर-उधर भागने लगे। पुलिस ने 2 लोगों को गिरफ्तार किया। शेष सभी लोग भागने में सफल रहे। जांच करने पर सभी ट्रकों पर चारकोल लदा मिला। जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है उनमें एक ट्रक चालक ग्राम खपिया, थाना सिमरिया, जिला चतरा निवासी मारूफ अंसारी तथा एक अन्य मोहम्मद कमरूद्दीन, बसारतपूर, रफीगंज, औरंगाबाद बिहार निवासी हैं। दोनों के बयान के अनुसार कुजू ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एक ट्रांसपोर्टर बबलू द्वारा दिए गए जाली कागजात के माध्यम से चारकोल को गिद्दी थाना क्षेत्र स्थित स्पंज फैक्ट्री से लोडकर सिंगरौली, मध्यप्रदेश ले जाने की योजना थी।

# केरेडारी में लंपी वायरस का कहर, हजारों पशु बीमार

समशाद अंसारी

**केरेडारी।** प्रखंड में जानवरों में फैलने वाला लंपी वायरस काफी तेजी से फैल रहा है । लंपी वायरस पूरे प्रखंड के पशुओं में काफी तेजी से फैल रहा है। पशुपालन विभाग के कर्मियों ने बताया कि प्रखंड में लगभग 45 हजार से भी अधिक पशु है जिनमे से करीब पांच हजार गौवंशीय पशु इससे पीड़ित है। प्रखंड के पताल, बुंडू, जोरदाग मनातू, बेंगवरी , पचड़ा, बेलतू, कंडाबेर, पेटो, कराली, सलगा, सहित कई अन्य जगहों पर यह वाईरस फैल चुका है। एक ओर जहां यह बीमारी महामारी का रूप लेती जा रही है वहीं प्रखंड का एकमात्र पशु चिकित्सालय खुद बीमार पड़ा हुआ है। यहां के पशु चिकित्सक बड़कागांव प्रखंड के साथ, केरेडारी पशु चिकित्सक के अतिरिक्त प्रभार में है। लंपी वायरस का कोई भी वैक्सीन यहां उपलब्ध नही है। ऐसी परिस्थितियों में बीमारी से ग्रस्त पशुओं की इलाज कैसे होगी। पशुपालन विभाग के कर्मियों ने बताया कि इस बीमारी में पशुओं के शरीर मे बड़े बड़े या मंझले आकार के फोड़े हो जाते है या फिर गले मे सूजन के साथ बुखार भी आ जाती है। इन पशुओ का दूध पीना भी खतरनाक होता है जिससे दूध पीने वाला व्यक्ति, बच्चा या बुजुर्ग भी बीमार हो सकते है। पशुओं में फैलती इस बीमारी से किसान काफी चिंतित नजर आ रहे है वे जैसे तैसे कर्ज लेकर अपने स्तर से पीड़ित पशुओं का इलाज करवा रहे है पर इनकी बीमारी कम होने के बजाय बढ़ता ही जा रहा है और एक से दूसरे जानवरो में फैलता जा रहा है। पशु चिकित्सक डॉक्टर बीरेंद्र प्रसाद, सतेंद्र सिंह महेंद्र महतो के सहारे केरेडारी प्रखंड में इलाज चल रहा है। प्रखंड में पशु चिकित्सा पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित कर खानापूर्ति किया जा रहा है। वहीं पशुओं का ईलाज भगवान भरोसे है।



बीमार पशु

# सरकार घर तक पहुंची, कर रही है समस्याओं का समाधान : अंबा

- हरिहरपुर पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत लगा विशेष शिविर
- दर्जनों ग्रामीणों ने सौंपा आवेदन, कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट हुआ समाधान

खबर मन्त्र संवाददाता

**बासल (रामगढ़)।** राज्य सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर सोमवार को हरिहरपुर पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत विशेष शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया गीता देवी, व संचालन पंचायत समिति सदस्य भरत कुमार महतो ने किया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद, पतरातू बीडीओ हलधर कुमार सेठी, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में विभिन्न समस्याओं से संबंधित ग्रामीणों द्वारा दर्जनों आवेदन सौंपा गया। जिसमें कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। शिविर में स्टॉल के माध्यम पशुधन विकास योजना, कृषि, पशुपालन, मनरेगा, कार्ड बनाने, विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन, जन्म, मृत्यु प्रमाण-पत्र, बाल विकास परियोजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार, श्रम योजना, राज्य समाजिक सुरक्षा पेंशन आदि के तहत कई समस्याओं का समाधान किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि यह सरकार की महत्वपूर्ण एवं महत्वकांक्षी योजना है। जिसका लाभ सीधे आम जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी काम के लिए हमारे बड़े-बुर्जुग एवं दादा-दादी प्रखंड का चक्कर लगाते थे आज सरकार उनके द्वार आकर उनके कार्य को निष्पादन कर रही है। शिविर में विधायक ने परिसंपत्ति का भी वितरण किया जिसमें फूलो-झानो योजना के तहत मालती देवी व मुन्नी देवी को 10-10 हजार का चेक दिया। साथ ही सविता देवी को मुद्रा लोन के तहत 190000 रुपैया दिया गया। विधायक ने कहा कि शिविर का उद्देश्य ही ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जन समस्याओं का समाधान तो हो ही रहा है, इससे ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देकर उन्हें इसका लाभ दिलाने का भी काम किया जा रहा है। मौके पर उप मुखिया प्रेम महतो, कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष योगेंद्र सिंह खरवार, समाजसेवी राजेंद्र ठाकुर, रमेश बेदिया, रामकुमार महतो, मनोज महतो, देवकुमार बेदिया, नरेंद्र सिंह, आरती देवी, सविता देवी, वार्ड सदस्य आरती देवी, ज्योति देवी, किरण देवी, पिंकी देवी सहित सैंकड़ो ग्रामीण मौजूद थें।



शिविर का उद्घाटन करतीं विधायक अंबा प्रसाद व बीडीओ हलधर सेठी।

एक नजर में

## +2 उच्च विद्यालय इंगुनिया से लगभग डेढ़ लाख के कंप्यूटर सेट की हुई चोरी



**चौपारण।** चोर-उच्चको का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है घरों और दुकानों के बाद अब उनका सॉफ्ट टारगेट विद्यालय बनता जा रहा है। नई घटना उत्क्रमित+2 उच्च विद्यालय इंगुनिया की है जहां जल्द ही स्मार्ट क्लास प्रारम्भ होना था और कम्प्यूटर की कई सेट आ चुका था। क्लास प्रारम्भ भी नही हुवा और उचक्के लगभग 1 लाख बत्तीस हजार का कम्प्यूटर सेट उड़ा ले गए। घटनबकी जानकारी तब हुई जब आज भी कुछ सामान आया और उसे रखने स्टोर रूम में भेजा गया। बडी बात है कि सीढ़ी पर लगा हुवा ग्रिल का ताला नही टूटा है बल्कि उसे चढ़ कर अंदर जाया गया और काटून में सील बंद कम्प्यूटर सेट व अन्य सामाग्री को उड़ा ले गए। चोरी की सूचना थाना प्रभारी को दी गयी जिसके बाद एसआई अमित कुमार ने विद्यालय पहुंच कर मुआयना कर जानकारी लिया। प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार शर्मा ने घटना के संबंध में थाना में लिखित शिकायत दर्ज की तथा जांच कर कार्यवाई की मांग किया।

## धरना-प्रदर्शन में अपनी आवाज बुलंद करेंगे झारखंड के आंदोलनकारी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सुंदरनगर पंचायत भवन में झारखंड राज्य आंदोलनकारी पतरातू प्रखंड समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता परमेश्वर प्रसाद व संचालन रविन्द्र प्रसाद और ब्रजेश पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में बुधवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित एक दिवसीय धरना की सफलता को ले रणनीति बनाई गई। कहा गया कि पिछले कई वर्षों से झारखंड आंदोलनकारियों को सरकार द्वारा उनके हक-अधिकार व सम्मान से वंचित रखा जा रहा है। अब आंदोलनकारियों ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। इसी के तहत 9 नवंबर को मोरहाबादी मैदान रांची में धरना-प्रदर्शन कर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। आंदोलन में पतरातू प्रखंड से भी दर्जनो लोग शामिल होंगे। मौके पर राजू महतो, किशोर किस्कू, टिकेश्वर महतो, शिवचरण महतो, भुनेश्वर महता, गंगो बेदिया, नरेश गंझू, जगदेव महतो, बाबुलाल महतो, बशीर खान, एरेन कच्छप, इशरार अहमद सहित कई लोग मौजूद थे।

# भ्रष्ट नीतियों पर सरकार कुंडली मारकर विराजमान : मनोज यादव

खबर मंत्र संवाददाता

**बरही।** पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के आवास पर भारतीय जनता पार्टी बरही इकाई के कार्यकताओं ने बैठक का आयोजन किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह भाजपा नेता मनोज कुमार यादव एवं प्रभारी भैया अभिमन्यु प्रसाद उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 11 नवम्बर 2022 को राज्य सरकार के भ्रष्टाचार, लाल फीता शाही, जनविरोधी निति, प्रखंड विकास कार्यालय, अंचल कार्यालय में भारी घूसखोरी तथा विफल प्रशासन के खिलाफ एक दिवसीय जन प्रदर्शन भगवती मंदिर बरही स्थित भाजपा कार्यालय से निकलकर प्रखंड मैदान में पुरे दम खम के साथ निकालने का निर्णय लिया। मनोज कुमार यादव ने कहा कि प्रखंड में आमजनों को प्रखंड विकास कार्यालय, अंचल कार्यालय में लाल फीता शाही का सामना करना पड़ रहा है। गरीबों को मिलने वाले खाद्य अनाज विचौलियों के माध्यम से ट्रक में भर भर कर बेच दिया जा रहा है। कहा कि कानून सभी के लिए बराबर है, चाहे वो अमीर हो या गरीब। उन्होंने कहा कि बरही में 11 नवंबर को भारी जन प्रदर्शन किया जायेगा व जनता को इंसाफ दिलाया जायेगा। जिला प्रभारी भैया अभिमन्यु प्रसाद ने कहा कि जबसे हेमंत सरकार आई है चारो ओर भय, भूख, भ्रष्टाचार, बेईमानी एवं सरकार के नाकामी साफ दिखाई दे रहा है। वहीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम बिल्कुल फीसडी साबित हो रहा है, जनता का कोई सुध नहीं लिया जा रहा है।



बैठक में शामिल भाजपा कार्यकर्ता

## भ्रष्टाचार के खिलाफ दारू प्रखंड मुख्यालय का हुआ घेराव



**दारू।** हजारीबाग जिला अंतर्गत दारू प्रखंड मुख्यालय को भारतीय जनता पार्टी के बैनर तले सोमवार को सैकड़ों कार्यकर्ता एवं आम जनता मिलकर भ्रष्टाचार के खिलाफ घेराबंदी किया। मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष जयसवाल ने अपने भाषण में कहा की दारू प्रखंड की आम जनता यहां के अधिकारियों एवम वर्तमान सरकार से त्रस्त हैं,साथ ही उन्होंने साफ शब्दो में कहा कि दारू अंचल मे बिना रूपया का कोई भी काम नही होता चाहे वह जमीन का मोटेशन हो, रसीद हो या एलपीसी यहां तक भ्रष्टाचार इतनी चरम सीमा पर पहुंच गई कि विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, बकरी सेड या गाय सेड हो बिना पैसा कोई काम नहीं हो रहा है। आपकी सरकार आपके द्वार योजना में केवल आवेदन लिया जाता है,निदान शून्य है। वही पार्टी की वर्तमान जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने कहा की भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारी पार्टी हमेशा आवाज उठाती है और उठाती रहेगी जब तक भ्रष्टाचार को जड़ से नहीं खत्म कर देते तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। यदि सरकार का कोई पहल इस पर नहीं होता तो यह आंदोलन प्रखंड से जिला की ओर बढ़ेगा।

## समस्याओं का समाधान ही शिविर का उद्देश्य : शिव शंकर पांडेय



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राज्य सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर सोमवार को चोरधरा पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत विशेष शिविर का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि पतरातू सीओ शिव शंकर पांडेय, मुखिया रामनारायण कुमार, पंसस रोशन करमाली, उपमुखिया करण सिंह व सिखा वर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में विभिन्न समस्याओं से संबंधित ग्रामीणों द्वारा लगभग 600 आवेदन सौंपा गया। जिसमें कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। शिविर में स्टॉल के माध्यम से पेंशन, लोन सहित दर्जनों समस्याओं का समाधान किया गया। साथ ही बढ़ते ठंड को देखते हुए दर्जनों गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वहीं कोरोना से बचाव को ले दर्जनों लोगों को कोरोना निरोधक वैक्सीन भी दिया गया। मौके पर सीओ शिव शंकर पांडेय ने कहा कि शिविर का उद्देश्य ही ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जन समस्याओं का समाधान तो हो ही रहा है।

# एनटीपीसी साइट कार्यालय सीकरी में मनाया गया 48वां स्थापना दिवस

5 वर्षों से सर्वश्रेष्ठ कंपनी, ये एक गर्व की बात : शिवम श्रीवास्तव

खबर मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव।** एनटीपीसी के 48वें स्थापना दिवस के अवसर पर पकरी बरवाडीह कोल माइन्स सिकरी साइट कार्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस। अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव द्वारा एनटीपीसी का झंडोतोलन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक नीरज झा के किया। मुख्य महाप्रबंधक श्रीवास्तव ने कहा कि 7 नवंबर 1975 को एनटीपीसी उत्तर प्रदेश स्थित सिंगरौली विद्युत उत्पादन परियोजना की स्थापना कर आज 47 वर्ष में 70 परियोजनाओं के साथ 57,639 मेगावाट की बिजली उत्पादन क्षमता के साथ 30 शीर्ष कंपनियों में देश में 5 वर्षों से सर्वश्रेष्ठ कंपनी बन गई है जो एक गर्व की बात है। वित्तीय वर्ष में 16 एमएमटी का लक्ष निर्धारित है जो अक्टूबर माह तक 6.64 एमएमटी का उत्पादन हो चुका है। उन्होंने कहा कि इन्हीं लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एवं देश में बिजली आपूर्ति को बरकरार रखने के लिए एनटीपीसी स्वयं कोयले का उत्पादन शुरू की है और उन्हीं कड़ी में एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल माइन्स की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। क्योंकि इस कोयला परियोजना से 21 परियोजनाओं में कोयले का निरंतर आपूर्ति जारी है। 7 दिसंबर 2016 से पकरी बरवाडीह कोयला परियोजना में कोयला उत्पादन शुरू कर अक्टूबर 2022 तक दुर्घटना रहित माहौल स्थापित कर सुरक्षा की सभी मानक की पूर्ति करते हुए कुल 40. 91 एमएमटी कोयले का उत्पादन किया जा चुका है। 10,686 रैंक के माध्यम से 38. 47 एमएमटी कोयला बानादाग रेलवे साइडिंग से विभिन्न परियोजनाओं को भेजा जा चुका है। मुख्य महाप्रबंधक ने आगे कहा कि प्रभावित क्षेत्र के युवकों को आईटीआई में तकनीकी शिक्षा देते हुए रोजगार मुखी बनाने का कार्य जोरों पर है। इसी कड़ी में 496 विद्यार्थी वित्तीय वर्ष में नामांकन के दौरान 300 से अधिक विद्यार्थियों का केंपस प्लेसमेंट के माध्यम से नौकरी प्राप्त कराया गया है। जबकि 25 से अधिक विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिए चुने गये है। इस अवसर पर दर्जनों दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर बादम कोल ब्लॉक के महाप्रबंधक के चंद्रशेखर,मैनिंग महाप्रबंधक संजीव गुप्ता, एजीएम अमित अस्थाना, पवन खंडवे, शिवप्रसाद, जागृति महिला संघ अध्यक्ष मीनाक्षी श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष के कामेश्वरी, अजीत कुमार, कमला राम रजक सहित बड़ी संख्या में एनटीपीसी के अधिकारी एवं कर्मी शामिल थे।



स्पीड न्यूज

## स्नातकोत्तर की कक्षाएं 20 नवंबर से

**गुमला।** कार्तिक उरांव महाविद्यालय में ऑन लाइन नामांकन कर चुके स्नातकोतर के विद्यार्थियों से प्रभारी प्राचार्य प्रो. एजे खलखो ने कहा है कि महाविद्यालय में 10 नवंबर से नामांकन आरंभ हो जाएगा और 20 नवंबर से कक्षाएं आरंभ होगी। सभी विद्यार्थी समय पर नामांकन कराकर अपनी पढ़ाई आरंभ करे।

## नप व अंचल कार्यालय ने चलाया अतिक्रमण के खिलाफ अभियान

**गुमला।** नगर परिषद विभाग व अंचल कार्यालय गुमला के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को करमटोली रोड में अतिक्रमण अभियान चलाया गया। रोड किनारे सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनाये गये घरों व पींडों को जेसीबी लगाकर हटाया गया। गुमला वन विभाग से बांसडीह कांसीर तक सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। रोड में अतिक्रमण होने से सड़क निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रहा है। जिसे देखते हुए आज सड़क पर किये गये अतिक्रमण को पूर्ण रूप से हटाया गया। अंचलाधिकारी केके मुंडू व नगर परिषद पदाधिकारी संजय कुमार के देखरेख में अतिक्रमण अभियान चलाया गया।

## कार्तिक पूर्णिमा पर मेला आयोजन का निर्णय

**गुमला।** सदर प्रखंड गुमला के मसुरी बेड़ा धाम विकास समिति कोनाटोली तेलगांव की बैठक सोमवार को सुरेश भगत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से कार्तिक पूर्णिमा के दिन मसुरी बेड़ा में मेला आयोजन करने का निर्णय लिया गया। मेला में लंगर का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं मेला में दुकान लगाने की भी व्यवस्था करने पर सदस्यों ने चर्चा की। वहीं मेला के सफल संचालन को लेकर सुरेश भगत को प्रभारी बनाया गया है। वहीं मेला में व्यवस्था को लेकर उप समिति का गठन किया गया है। बैठक में सुरेश भगत, मकरध्वज सिंह, प्रदीप साहु, राजू उरांव, सुरेंद्र साहु, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, प्रदीप साहु, सुरेंद्र साहु, दिलीप सिंह, करमा सिंह, बासुदेव उरांव, सुदामा लोहरा, सुमंत सिंह, झरिया सिंह, लक्ष्मण सिंह, बंधनु साहु, खुशबू कुमारी आदि उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्ति पर विशेष शाखा के इंस्पेक्टर को दी गयी विदाई

**गुमला।** विशेष शाखा गुमला में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत बिरसा उरांव को सेवानिवतृति पर सोमवार को विदाई दी गई। इस अवसर पर विशेष शाखा के डीएसपी सुनिल डेविड मिंज ने कहा कि सरकारी नौकरी में सेवानिवृति एक प्रक्रिया है। जिसे हर कर्मी को होकर गुजरना है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृति के बाद एक बेहतर जीवन बिरसा उरांव के पास है। वे अपने परिवार के साथ जीवन की अच्छी तरह बितायें उसकी मंगलकामना करता हूं।

## सत्याग्रह कार्यक्रम सिर्फ 9 नवंबर को

**लोहरदगा।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा जिला समिति लोहरदगा के संयोजक प्रो. विनोद भगत, कार्यकारी जिला अध्यक्ष अमर किन्डो, सचिव विशेषण भगत, प्रवक्ता अनिल कुमार भगत, चैतू मुंडा, दशरथ उरांव, मनोज उरांव, सोमनाथ उरांव, जगदीश उरांव, रूस्तम खान, दिनेश साहू, भोला भगत, आनंद उरांव, सुखदेव उरांव, जहांआरा बेगम, सीता उरांव, बालोमनी बाखला, अजीत खाखा, तारा खलखो, अफरोज शाह, रामधेनी भगत, भरत गोप आदि ने रविवार को एक संयुक्त बयान जारी किया है। बयान में कहा गया है कि केन्द्रीय कमिटी के निर्णयानुसार जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करने, सम्मान, पेशन, नियोजन समेत अपने 11 सूत्री मांगों के समर्थन में रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समीप केन्द्रीय कमिटी द्वारा 8-9-10 नवंबर 2022 को जो तीन दिवसीय सत्याग्रह कार्यक्रम आयोजित था। नेताओं ने जिले के सभी झारखंड आंदोलनकारियो से अनुरोध किया है कि आगामी 9 नवंबर 2022 को रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका पहुंच कर सत्याग्रह कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें।

# आरबीआइ के गाइडलाइन से बाहर कोई भी बैंक या माइक्रो फाइनेंस ब्याज नहीं दे सकता : इंस्पेक्टर

### बैंक प्रणाली को सुरक्षा प्रदान करने को बैंक पदाधिकरियों व कर्मियों के साथ की गयी बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में जानकारी देते इंस्पेक्टर व उपस्थित लोग।

**गुमला।** लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र में दो प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ घटी घटना के बाद सोमवार को बैंकिंग प्रणाली को सुरक्षा प्रदान करने के लिए इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने घाघरा थाना परिसर में प्रखंड मुख्यालय के बैंक पदाधिकारियों, बीसी व प्रज्ञा केंद्रों संचालकों के साथ बैठक की। इस दौरान बैंक में हो रही समस्याओं से अवगत हुए और सुरक्षा व्यवस्था पर गहन चर्चा की। थानेदार को निर्देश देते हुए इंस्पेक्टर ने कहा की जितने भी प्रज्ञा केंद्र व ग्राहक सुविधा केंद्र है जो अपना पैसा बैंक से निकाल कर अपने कार्य स्थल ले जाते हैं उन्हें पैसा ले जाने के दौरान सुरक्षा प्रदान किया जाय ताकि वह पैसा लेकर सुरक्षित पहुंच सके। बैंक बीसी प्रज्ञा केंद्र माइक्रो फाइनेंस के एजेंट जो क्षेत्र पर घूमते हैं जिनके साथ कुछ घटनाएं घट जाती है। इसे रोकने के लिए पुलिस को इन सभी से जुड़ कर उन्हें सुरक्षा प्रदान करना है। साथ ही उन्होंने प्रज्ञा केंद्र संचालक व ग्राहक सेवा केंद्र के लोगों से भी आग्रह किया है कि आप यदि पैसा जमा करने बैंक जाते हैं। इसकी सूचना थाना को दे ताकि उस क्षेत्र में पुलिस का मूवमेंट हो और कोई भी घटना ना घटे। आम जनता से अपील करते हुए इंस्पेक्टर ने कहा है कि अधिक ब्याज का लालच देकर यदि कोई पैसा जमा कराता है तो इसकी सूचना तुरंत थाना को दे आरबीआई के गाइडलाइन से बाहर कोई भी बैंक या माइक्रो फाइनेंस व्याज नहीं दे सकता है। इसे ध्यान में रखें और ठगी होने से बचे। इस मौके पर मुख्य रुप से थानेदार अमित कुमार चौधरी, एसआई मुकेश कुमार, रमीज राजा, सुशीत गोश्वामी, लक्ष्मण महतो, मनोज प्रजापति, गौतम कुमार, नारायण महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

### जन संग्रह धन संग्रह कार्यक्रम के तहत सक्रिय सदस्यों का कोटा पूर्ण करने का दिया गया निर्देश

# बिना ओबीसी आरक्षण के होगा निकाय चुनाव : हसन

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में शामिल आजसू के जिला प्रभारी व अन्य।

**गुमला।** आजसू पार्टी जिला कार्यसमिति की बैठक स्थानीय परिसदन सभागार में जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह जिला प्रभारी हसन अंसारी उपस्थित हुए। स्वागत भाषण देते हुए दिलीप नाथ साहू ने जिला संगठन का संरचना के संदर्भ में जिला प्रभारी को अवगत कराया। जिला प्रभारी एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी ने प्रदेश नेतृत्व के द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा की जानकारी देते हुए नवंबर माह के अंतिम सप्ताह तक पार्टी संगठन संरचना को पूर्ण करने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जन संग्रह धन संग्रह कार्यक्रम के माध्यम से सक्रिय सदस्यों को सदस्यता दिलाते हुए पार्टी को 1000000 सक्रिय सदस्य बनाने के संकल्पना को पूरा करना है। जिसके लिए गुमला जिला को अपना कोटा पूर्ण करना होगा। भावी कार्यक्रम को बतलाते हुए प्रभारी ने कहा जिस तरह से पंचायत चुनाव में पिछड़ी जाति का आरक्षण समाप्त कर चुनाव संपन्न कराया गया। उसी प्रकार राज्य सरकार की ओछी मानसिकता के कारण नगर निकाय चुनाव में पिछड़ी जाति के आरक्षण को समाप्त करते हुए चुनाव कराने की मंशा के विरोध में 17 नवंबर को पार्टी के द्वारा राज्य के सभी जिला इकाई में विरोध प्रदर्शन करते हुए धरना दिया जाएगा एवं उपायुक्त को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। पार्टी का मुख्य कार्यक्रम जनसंघ धन संग्रह के संदर्भ में प्रभारी ने कहा जो पदाधिकारी है अब तक पार्टी की सदस्यता ग्रहण नहीं किये हैं वे अविलंब पार्टी की सदस्यता ऑनलाइन ग्रहण कर सकते हैं। जिले में 10000 सक्रिय सदस्य बनाने एवं उनको सदस्यता ग्रहण कराने के लिए जिला कमेटी को निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव सिमडेगा जिला प्रभारी गोपीनाथ सिंह, केंद्रीय सदस्य दुर्गा साहू, जिला के प्रधान सचिव आनंद कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष रामू, दिनेश यादव, मनदीप माली, अनूप साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, छोटू साहू, देवेंद्र साहू, गोलू श्रीवास्तव, धीरेंद्र राम माली, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष किरण सिंह, सचिव बीणा देवी, अमीर रबानी, अजय मोदी भगत, पंकज साहू, सानू कुमार, उत्तम कुमार, कुंदन कुमार, राजा कुमार आदि उपस्थित थे।

## 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन हुए कई संस्कार

**गुमला।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ गुमला में आयोजित चार दिवसीय 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन सोमवार को विभिन्न संस्कारों का आयोजन किया गया। शांतिकुंज हरिद्वार के टोली नायक राजकुमार भृगु, सहटोली नायक रामशंकर सिंह, गायक सुनील बंशीधर, तबलावादक प्रसाद दास एवं सहयोगी राजा राम के द्वारा मंत्रोचार के साथ हवन कुंड में भक्तों को पूजन एवं हवन कराया गया। साथ ही विभिन्न संस्कारों को कराया गया। जिसमें पुंसवन संस्कार किरण देवी, प्रिया देवी, मुंडन संस्कार आराध्या सिंह, सत्यम सिंह, यांश कुमार, यगोपवित संस्कार शैलेश कुमार दास, दीक्षा संस्कार विशाल कुमार, रिषभ कुमार,आराध्या कुमारी, आयांश कुमार, नामकरण संस्कार गर्ग कुमार का कराया गया।

# सदस्यता अभियान को लेकर जय श्री राम समिति की हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते समिति के लोग।

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति की बैठक पावरगंज स्थित देवी मंदिर के प्रांगण में जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला संरक्षक अजय सोनी, अनूप गुप्ता उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा की गई। जिसमें सर्वसम्मति से सदस्यता शुल्क पूर्व की भांति 31 रुपया करने का निर्णय लिया गया। मौके पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो ने कहा कि समिति के सदस्यता की अवधि 3 साल होती है। इस कारण सदस्यता अभियान नए सिरे से सभी लोगों के लिए की जाएगी। इसके लिए सभी नगर एवं प्रखंड के पदाधिकारी तथा सदस्यगण तैयार रहें जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा जिला अध्यक्ष के द्वारा की जाएगी। जिला कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत वर्मा ने कहा समिति के कार्यों को अन्य संगठन भी अपने कार्य बतला वाह वाही लूटने में व्यस्त हैं ऐसे लोग समाज का भला क्या करेंगे। कड़ी मेहनत के बाद संगठन को इस मुकाम तक लाने में हम आप सबका साथ मिला और उम्मीद है आगे भी मिलता रहेगा। उम्मीद है इस बार अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा जिससे समिति और मजबूत होगी। जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा सनातन समाज की रक्षा एवं सुरक्षा जय श्रीराम समिति का लक्ष्य रहा है और अपने दायित्वों का निर्वाहन भली-भांति कर रही है जिसके कारण जनजातीय समाज का जुड़ाव समिति से रहा है। मैं अधिक से अधिक लोगों को समिति का सदस्यता ग्रहण करने की अपील करता हूं। मौके पर जिला महामंत्री अजय साहू, जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव,विक्की कसेरा, प्रदीप साहू, अनुज कुमार, सह कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद, राजकुमार साहू शंकर प्रजापति सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बीडीओ ने दी सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की जानकारी



जानकारी देते बीडीओ।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** केतार प्रखंड विकास पदाकािरी मुकेश मछुआ ने सोमवार को भवनाथपुर स्थित कस्तूरबा गांाी आवासीय विद्यालय में पहुंचकर केतार की छात्राओं को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की जानकारी दी। इस दौरान बीडीओ शिक्षक बनकर छात्राओं को को पढ़ाते नजर आए। मौके पर बीडीओ ने कहा कि जब कभी उनकी कक्षा में शिक्षक नहीं रहे तो कक्षा के अनुसार जो सीनियर बच्चे हैं वह टीचर बन जाएं और अपने से जूनियर बच्चों को पढ़ाएं और स्वयं भी पढ़ें।

# भारतीय वायु सेना में भर्ती का सुनहरा अवसर, आगे बढ़कर उठाएं लाभ

### ऑनलाइन फॉर्म भरने की तिथि 7 से 23 नवंबर तक

खबर मन्त्र संवाददाता



वायुसेना के अधिकारियों से वार्ता करते उपायुक्त।

**गुमला।** देश की वायु सेना में उत्कृष्ट रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं। गुमला के युवाओं को इसकी पूर्ण जानकारी देने के उद्देश्य से वायुसेना की टीम ने सोमवार को उपायुक्त श्री सुशांत गौरव से मुलाकात की।

अग्निवीर योजना में भर्ती होने हेतु 07 से 23 नवंबर तक ऑनलाइन फॉर्म भरने की तिथि निर्धारित है। अनुमंडल पदाधिकारी श्री रवि जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार पुरुषों के साथ - साथ महिलाओं के लिए भी भर्ती अभियान चलेगा। उन्होंने बताया कि भर्ती के लिए ऑनलाइन वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। जिन भी बच्चों का अग्निविर योजना के तहत चयन होगा उन्हें प्रति माह 30, 000 रुपए वेतन प्राप्त होंगे , 4 वर्ष पूरे होने तक उनको वेतन 40, 000 रुपए कर दिए जाएंगे।

# हॉकी व फुटबाल की तरह जिले से क्रिकेट में निकले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी : डीडीसी

### आइपीएल की तर्ज पर आयोजित गेट टू गेदर क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ





खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ करते डीडीसी, प्रतियोगिता में शामिल विभिन्न टीमों के खिलाड़ी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** आईपीएल के तर्ज पर परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम पार्ट टू में सोमवार से गेट टू गेदर क्रिकेट टूर्नामेंट का आरंभ हुआ। दस-दस आवरों के इस क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त हेमंत सती, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य शशि प्रिया बंटी व भाजयुमो जिलाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिन्हा ने किया। उदघाटन मैच रियल टाईगर व गोल्डन ईगल के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रियल टाईगर की टीम ने निर्धारित दस ओवर में 9 विकेट खोकर सौ रन बनाये। जबावी पारी खेलने उतरी गोल्डन ईगल की टीम 9 ओवर 3 बाल पर मैच जीतकर प्रतियोगिता के अगले चक्र में प्रवेश किया। विजेता टीम की ओर से शानदार प्रदर्शन करते हुए सुभाष लकड़ा ने 34 रन बनाये और तीन महत्वपूर्ण विकेट लिये। सुभाष लकड़ा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मौके पर मुख्य अतिथि डीडीसी हेमंत सती ने कहा कि सुसुप्त अवस्था में जा चुकी गुमला क्रिकेट को यह आयोजन फिर से जीवित करेगा। उन्होंने कहा कि गुमला में बहुत सालों से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन नहीं हुआ था। गेट टू गेदर क्रिकेट प्रतियोगिता से खिलाडियों को बेहतर मंच मिला है। प्रतियोगिता से खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार आएगी। श्री सती ने कहा कि जिस तरह से गुमला जिला में हॉकी व फुटबाल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मिलते हैं ठीक उसी तरह से क्रिकेट में भी कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी प्रतियोगिता के माध्यम मिलेंगे। उन्होंने कहा कि गुमला जिला क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह आनंद का पल है। जिसके लिए आयोजन समिति बधाई के पात्र है। प्रतियोगिता में खिलाडियों का चयन ऑपशन कर किया गया है। प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें शामिल है। इस अवसर पर आयोजन समिति के सौरभ कुमार, लाल चंद्रशेखर नाथ शाहदेव, मनोज कुमार, आकाश आनंद, रोहित उरांव, अनमोल गुप्ता, ओम शंकर सिंह आदि उपस्थित थे।

एक नजर में

## मरीजों को दवा के साथ पोषणयुक्त भोजन भी है जरूरी : डीसी



आहार देते डीसी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** सदर अस्पताल में प्रधानमंत्री टीवी मुक्त अभियान एवं प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत यक्ष्मा रोगियों को पोषण एवं अन्य सहायता सीएसआर मद के तहत जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं लोहरदगा सदर अस्पताल सीएस एवं हिंडालको के अधिकारियों की मौजूदगी में टीवी रोगियों को दिया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि टीबी मरीजों को दवा के साथ पोषणयुक्त भोजन भी जरूरी है। सरकार मरीजों के लिए जरूरी दवा के साथ पोषण युक्त आहार भी उपलब्ध कराई जा रही है। आने वाले समय में टीबी रोग से लड़ने के लिए जागरूकता की आवस्यकता होगी। वहीं सीएस डॉ संजय कुमार सुबोध ने कहा कि टीवी के मरीजों को सीएसआर के तहत लोहरदगा सदर अस्पताल में आज पोषण आहार वितरण किया जा रहा है जिससे टीवी के मरीजों का इम्यूनिटी बना रहे उन्होंने बताया के मरीजों के इलाज के दौरान यह पोषण आहार हर महीने दिया जाता रहेगा। उन्होंने बताया कि लोहरदगा सदर अस्पताल को पिछले साल अच्छा प्रदर्शन रहने पर ब्रोंज मेडल से नवाजा गया था, और इस बार भी सिल्वर मेडल के लिए चयनित किया गया है। इस मौके पर हिंडाल्को की ओर से खनन महाप्रबंधक राजेश रंजन अंबष्ठ, सीएसआर हेड नीरज कुमार के साथ-साथ अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## जमगाई में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी भीड़



चेक देते अतिथि।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रखंड के जमगाई पंचायत मे सोमवार एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा एवं अंचलाधिकारी दिनेश गुप्ता की देखरेख मे आयोजित शिविर मे 18 विभाग के द्वारा स्टॉल लगाया गया था, जहां काफी संख्या मे लोग उपस्थित हुये।

मौके पर समस्याओं से संबंधित 804 आवेदन आये, जिसमें 96 समस्याओं को ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। इस दौरान अतिथि के रूप मे जिला आपूर्ति पदाधिकारी अमित बेसरा, जिला परिषद सदस्य राजमणि उरांव, प्रमुख बरिया देवी, मुखिया धनेश्वरी देवी, आदि उपस्थित थे। मौके पर मुख्यतिथि अमित बेसरा ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार सरकार की महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। सरकार ग्रामीणों की समस्याओं को हल करने पदाधिकारी एवं कर्मचारियों की टीम के साथ आपके द्वार तक आ रही है। आप इस योजना का लाभ लें झारखंड सरकार जैसे बिरसा हरित ग्राम योजना, पोटो हो खेल विकास योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान, रोजगार सृजन योजना, पशुधन विकास योजना, सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, कंबल वितरण, छात्रवृत्ति योजना, सर्वजन पेंशन योजना जैसी कई लोक कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का लक्ष्य तय किया है। इस अवसर पर मुख्य रूप से अंचलाधिकारी दिनेश प्रसाद गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी रणजीत सिन्हा, शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जयमंगल महतो, अभिनाश कुमार, राजीव गुप्ता, रऊफ अंसारी, हेमंत कुमार, अशोक दुबे आदि अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## प्रांतीय खेलकूद की सफल व्यवस्था को बैठक आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में विद्या विकास समिति झारखंड के प्रांतीय सचिव अजय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी गण, सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर, शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर एवं मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के सभी आचार्य - बंधु भगिनी के साथ प्रांतीय खेलकूद की सफल व्यवस्था हेतु एक आवश्यक बैठक आयोजित हुई। बैठक का प्रारंभ अतिथि परिचय एवं विषय की प्रस्तावना के साथ किया गया। इस मौके पर प्रांतीय सचिव अजय कुमार तिवारी ने उपस्थित आचार्य एवं आचार्या को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए आवश्यक मनोयोग ,मन वचन एवं कर्म के साथ पूर्ण सहयोग है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था के निमित्त दिए गए दायित्व में हमेशा हमारी उपस्थिति क्रमांक एक में होनी चाहिए।

हर बालक- बालिका राम और सीता के रूप होते हैं। इस कार्यक्रम में कई सौ राम और सीता के रूप आने वाले हैं। उन्हें हमारे द्वारा वात्सल्य प्रेम प्राप्त हो ,इसका अवश्य ध्यान होना चाहिए। इस बैठक में प्रबंध कारिणी समिति के उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, सह सचिव अश्विनी कुमार साहू, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख सुरेश मंडल, प्रांतीय खेलकूद प्रमुख गौरी शंकर सिंह, सह प्रांतीय खेल प्रमुख कुणाल कुमार, शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास, मनोहर लाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य उत्तम मुखर्जी, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, कृष्णा प्रसाद, पुष्कर महतो, जीतराम बड़ाइक, शोभा देवी, जो धन सिंह, महेंद्र कुमार मिश्र, यशोदा कुमारी एवं तीनों विद्यालयों के आचार्य -आचार्या उपस्थित थे ।

## जेके कंपनी की फसल प्रदर्शनी का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड के भौरों पंचायत के बलुवा टोली गांव में सोमवार को जेके एग्री सीड्स कंपनी के द्वारा फसल प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात किसान परमेश्वर उरांव के द्वारा लाल फीता काटा कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने धान कि खड़ी फसल के खेत में जाकर धान के बाली का निरीक्षण किए। और कहे कि अन्य कंपनी के धान के अपेक्षा जेके कम्पनी के 2609 धान का बाली सही एवं बलिष्ठ है।

## सीएम ने किया टाटा में 500 बेड के नये अस्पताल और मानगो फ्लाईओवर का शिलान्यास, बोले

# जल्द मिलेगी टाटा-सरायकेला बाईपास रिंग रोड की सौगात

■ जमशेदपुर की झोली में सीएम हेमंत ने 2320.72 करोड़ की योजनाओं की दी सौगात

■ सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों के चेहरे पर खुशी देख खिल उठे मुख्यमंत्री

■ सीएम ने 1.63 लाख लाभुकों के बीच 245.27 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का किया वितरण









1. टाटा वर्कर्स यूनियन हाई स्कूल कदमा को राज्य का सबसे स्वच्छ स्कूल घोषित होने पर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका शिप्रा मिश्रा एंड टीम को सम्मानित करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन। 2. चाकुलिया की सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं ने हेमंत सोरेन को पहनाई पत्तों से बनी टोपी। 3. समारोह को संबोधित करते स्वास्थ्य मंत्री व जमशेदपुर पश्चिम के विधायक बन्ना गुप्ता तथा 4. समारोह को संबोधित करते मंत्री आलमगीर आलम।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए गांवों में बुजुर्गों की पुरानी और पारंपरिक व्यवस्था को फिर से विकसित करना है। जहां हर घर में पशुधन उपलब्ध होता था। पशुपालन से घर में ही दूध, दही, मुर्गा, मीट अंडा प्राप्त हो जायेगा। इससे खासकर महिलाओं और बच्चों में कुपोषण की समस्या को दूर कर सकेंगे। वे सोमवार को गोपाल मैदान, बिष्टुपुर, जमशेदपुर में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। कर्यक्रम में विभिन्न विभाग के स्टॉल लगाये गये, जहां पदाधिकारियों ने लोगों को जनकल्याकारी योजनओं से लाभान्वित कराया।

**जमशेदपुर को मिलेगा नया बाईपास :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जमशेदपुर की जनता के लिए नए बाईपास का निर्माण करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि इसके लिए जल्द ही अधिकारियों के साथ मिलकर जमशेदपुर से सरायकेला-खरसावां को जोड़ते हुए एक बाईपास की बड़ी परियोजना तैयार करने का काम किया जायेगा।

**योजनाओं का लाभ लेकर बने सशक्त और स्वावलंबी :** सीएम ने कहा कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित कराया जा रहा है, जिससे वे इतने सशक्त, आत्मनिर्भर और स्वावलंबी हो जायेंगे कि सरकार द्वारा मिलने वाले अनुदानित राशन लेने की आवश्यकता भी उम्मीद नहीं लेनी पड़ेगी।

**आवेदन सृजित करने एवं निष्पादन दोनों में पूर्वी सिंहभूम पूरे राज्य में अव्वल : डीसी-** जिला उपायुक्त विजया जाधव ने पूर्वी सिंहभूम जिले में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के सफल संचालन की जनकारी देते हुए कहा कि प्रथम एवं द्वितीय चरण में अबतक एक सौ सैंतालीस (147) पंचायतों एवं नगर निकाय के 35 स्थलों में शिविरों का आयोजन किया गया। पूर्वी सिंहभूम जिला, इस कार्यक्रम के अंतर्गत, कुल आवेदन सृजित करने की संख्या एवं निष्पादन दोनों में राज्य में प्रथम स्थान पर है। अबतक कुल तीन लाख छिहत्तर हजार पांच सौ बत्तीस (3,76,532) से अधिक आवेदन प्राप्त हुए है एवं दो लाख सत्तर हजार तीन सौ बारह (2,77,312) से अधिक आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। इस प्रकार चौहत्तर (74) प्रतिशत से अधिक आवेदन निष्पादित किये जा चुके हैं। सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना को जिले में एक अभियान के रूप में संचालित किया गया है। विद्यालयों, महाविद्यालयों में कुल नामांकित योग्य लाभुक छात्राओं में से 96 प्रतिशत किया जा चुका है। अबतक बत्तीस हजार तीन सौ तीरानबे (32,393 ) से अधिक आवेदन सृजित किये जा चुके है। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के अन्तर्गत 414 लाभुकों के बीच अभियान अवधि में कुल एक करोड़ सत्तर लाख (1.70 करोड़) की राशि का वितरण किया जा चुका है, जिसमें ट्रैक्टर क्रय, ग्रामीण एलपीजी गैस एजेन्सी, सुकर पालन, सैलून, टेन्ट एवं कैटरिंग तथा होटल व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु राशि उपलब्ध करायी गयी है। सर्वजन पेंशन योजना से जिले के वृद्ध, दिव्यांग, विधवा एवं अन्य योग्य लगभग 6500 लाभुकों के लिए सिर्फ अभियान अवधि में पेंशन की स्वीकृति दी गई है।

**समारोह में उपस्थित सम्मानित अतिथिगण :** कार्यक्रम में मंत्री संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास विभाग, आलमगीर आलम, मंत्री श्रम रोजगार प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, सत्यानंद भोक्ता, मंत्री, आदिवासी कल्याण चंपई सोरेन, मंत्री स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग बन्ना गुप्ता, विधायक घाटशिला रामदास सोरेन, विधायक जुगसलाई मंगल कालिंदी, विधायक बहरागोड़ा समीर कुमार मोहंती, विधायक पोटका संजीब सरदार, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव हिमानी पांडे, सचिव सुनील कुमार, आयुक्त, कोल्हान मनोज कुमार, पुलिस उप-महानिरीक्षक कोल्हान प्रमंडल अजय लिंडा, उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम विजया जाधव, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने को लेकर राज्य सरकार गंभीर : सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके, इसके लिए सरकार योजनाएं तैयार कर रहीं है। आगामी 15 नवम्बर (झारखंड स्थापना दिवस) के दिन माननीया राष्ट्रपति इन योजनाओं का शुभारंभ करेंगी। उन्होंने कहा कि राज्य की बच्चियों को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा जा रहा है, जिसके तहत उनके 18 वर्ष पूरे होने पर 40 हजार रुपये एवं उनके उच्चतर शिक्षा में सरकार सहायता करेगी।

**नये अस्पताल भवन के निर्माण पर लगभग 4 अरब रुपए होंगे खर्च :** मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी मेमोरियल कॉलेज एवं अस्पताल (एमजीएम) परिसर में 500 बेड की क्षमता वाले नए अस्पताल भवन की आधारशिला रखी। इसके निर्माण पर 4 अरब 18 करोड़ 34 लाख 91 हजार रुपए खर्च होंगे। इसके चालू होने से इस इलाके के मरीजों को बेहतर इलाज और जांच की सुविधा उपलब्ध होगी।

**योजनाओं का उद्घाटन - शिलान्यास, लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण :** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कुल 474.78 करोड़ रुपये की लागत से मानगो पुल-सह-फ्लाई ओवर के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसकी लंबाई 4.02 किलोमीटर है। मौके पर मुख्यमंत्री ने कुल 2320.72077 करोड़ रुपये की लागत से 230 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। जिसमें कुल 282.451 करोड़ रुपये की लागत से कुल 158 महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास एवं कुल 38.269 करोड़ रुपये की लागत के कुल 72 योजनाओं का उद्घाटन किया। वहीं कुल 1,63,375 लाभुकों के बीच कुल 245.2773 करोड़ रुपये राशि का वितरण किया गया।





समारोह को संबोधित करते परिवहन एवं आदिवासी कल्याण मंत्री चंपई सोरेन और पूर्वी सिंहभूम की जनता की ओर से मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह प्रदान करतीं डीसी विजया जाधव।

## स्पीड न्यूज

### मारवाड़ी सम्मेलन के अधिवेशन में चांडिल शाखा की महत्वपूर्ण भागीदारी

**चांडिल।** रांची स्थित मारवाड़ी भवन में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अष्टम अधिवेशन में चांडिल शाखा की भागीदारी होगी। रांची स्थित मारवाड़ी भवन में 13 नवंबर को महामहिम राज्यपाल रमेश बैश इसका विधिवत उद्घाटन करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। अधिवेशन के दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल अपने पद की शपथ लेंगे। नवीन पसारी ने कहा हमें 87 साल पुरानी अपनी सामाजिक संस्था पर गर्व है। वर्ष 1935 में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की स्थापना कोलकाता में हुई थी। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन गाड़ोदिया के नेतृत्व में किया जायेगा।

### यूसील प्रबंधन विवाद सुलझाने को लेकर रेस

**जादूगोड़ा।** यूसील कंपनी प्रबंधन ने नरवा पहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट में खनन काम में जुटी टेल्टा कम्पनी व विस्थापितों का विवाद सुलझाने को लेकर रेस ही गई है इधर इस संबंध में कंपनी के अपर प्रबंध टी भट्टाचार्य ने नरवा पहाड़ विस्थापित एवं प्रभावी कल्याण समिति के नेता जालिम मार्डी के पत्र भेज कर त्रिपक्षीय वार्ता हेतु आमंत्रित किया है ताकि यूसील की खनन में जुटी डेल्टा कंपनी और विस्थापितों का विवाद सुलझ सके व खनन कार्य में तेजी आ सके। पत्र की प्रतिलिपि धालभूम अनुमंडल पदाधिकारी, पोटका अंचलाधिकारी इम्तियाज अहमद समेत संबंधित अधिकारी को भेजी गई है।

### अरका जैन यूनिवर्सिटी ने चलाया जीवन रक्षा जागरूकता अभियान




**जमशेदपुर।** अरका जैन विश्वविद्यालय की नर्सिंग विभाग की तरफ से सोमवार को सीपीआर से सम्बंधित एक जागरूकता अभियान मुसरीकुदर गांव में सेव अ लाइफ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ₹ किसी भी आपातकालीन स्थिति में जान कैसे बचाई जाए। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों को बेसिक लाइफ सपोर्ट के बारे में जानकारी देना था जिससे समय रहते उचित कदम उठाते हुए किसी की जान बचाई जा सके।इस कार्यक्रम का नेतृत्व नर्सिंग विभाग की सहप्राचार्या श्रीमती जीनु एनी जोसेफ ने किया। नर्सिंग विभाग ने कार्डियक अरेस्ट की लक्षणों की बारे में जानकारी देते हुए सीपीआर की सारी जानकारियाँ दी।इस कार्यक्रम की शुरूआत नर्सिंग शिक्षिका अनुराधा सोरेन ने किया एवं शिक्षिका पिंकी डे ने सीपीआर की सारी प्रक्रिया के बारे में बताया। इस प्रक्रिया को बाकि सभी शिक्षिकाओं ने करके दिखाया। इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सैयद सफदर रजी ने कहा की ये नर्सिंग विभाग की तरफ से एक महत्तवपूर्ण पहल है।अतः बतौर परिचारिका हमारा विवि समाज कल्याण की तरफ अपनी अहम भूमिका निभा रहा है और भविष्य में आवश्य निभाएगा। विश्वविद्यालय के हेल्थ एंड अलाइड साइंस के डीन डॉ ज्योतिर्मय साहू ने भी इस कार्य के लिए नर्सिंग विभाग को बधाई दी। अतः ग्राम वासियों के बिच जलपान और नाश्ते का भी प्रबंध किया गया।

## बीएसीइटी में इलेक्ट्रॉनिक फेस्ट का शानदार समापन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में हर साल इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग एक वार्षिक उत्सव का आयोजन करता है। इस फेस्ट का आगाज 18 अक्टूबर और समापन 06 नवम्बर 2022 को हुआ। इस फेस्ट में कॉलेज के सभी छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिए। क इवेंट की शुरूआत 18 नवंबर को पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया जमशेदपुर में इंडस्ट्रियल विजिट के रूप में हुई, जिसमें सभी विभाग के छात्रों ने हिस्सा लिया। उन्होंने समझा कि सर्किट ब्रेकर, रिले और इंसुलेटर को किस तरह से उपकरणों का उपयोग करके पावर ट्रांसमिशन में संरक्षित और परीक्षण किया जाता। इसके बाद 22 अक्टूबर को ट्रेशर हंट का आयोजन हुआ और 5 नवम्बर को आई आई टी दिल्ली के सहयोग से वर्चुअल लैब का आयोजन हुआ।

## कमिंस इंडिया प्रायोजित जमशेदपुर रन 2022 का 11वां एडीशन सफलतापूर्वक संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गत रविवार को जेवियर स्कूल ऑफमैनेजमेंट (एक्स.एल.आर.आई) और कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री - यंग इंडियंस (सी.आई.आई-वायआई), जमशेदपुर चैप्टर द्वारा आयोजित जमशेदपुररन 2022 के 11वें एडीशन को कमिंस इंडिया ने प्रायोजित किया। इस पांच-किमी की दौड़ के लिए सभी आमंत्रित थे और शहर भर के 400 से अधिक नागरिकों ने इसमें भाग लिया।

कमिंस इंडिया के प्लांट मैनेजर व डायरेक्टर, रामफल नेहरा ने कार्यक्रम में अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में एक्सएलआरआई परिसरमें मैराथन को हरी झंडी दिखाई। दौड़ एक्सएलआरआई परिसर सेशुरू हुई और जुबली पार्क और आसपास के इलाकों से होकर गुजरी। रविवार की उज्वल सुबह, यह मैराथन विभिन्न क्षेत्रों से फिटनेस उत्साही लोगों को एक साथ लायी। जैसे कि विवि के छात्र, प्राध्यापक, महत्वाकांक्षी एथलीट, संव्यावसायिक लोग, गणमान्य व्यक्ति और आम नागरिक। कमिंस इंडियाके नेतागण, कर्मचारीऔर उनके परिवार के सदस्य भी बड़ी संख्या में इस मैराथन में शामिल होने और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए पहुंचे। मैराथन के बारे में अंजलि पांडे, वाइस प्रेसिडेंट - इंजन बिजनेस और कंपोनेंट्स बिजनेस, कमिंस इंडिया, ने कहा, मैं सभी विजेताओंऔर प्रतिभागियों को इस साल जमशेदपुर रन को सफल बनाने के लिए बधाई देती हूं।



## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश का डिमना चौक पर भव्य स्वागत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने सोमवार को पुर्वी सिंहभूम जिले का एकदिवसीय दौरा किया। इस क्रम में उन्होंने जयपुरा हाट मैदान में ग्लोबल स्पिरिट कंपनी के द्वारा फैलाएं जा रहे प्रदूषण एवं स्थानीय युवाओं के साथ हो रही अन्याय को लेकर विशाल जनसभा को संबोधित किया। इसके अलावे उन्होंने जिले के सबसे सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र डुमरिया में हेमंत सरकार की भ्रष्ट नीतियों के खिलाफ शुरू हो रहे प्रखंड स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन में शामिल होकर इसकी शुरुआत की। इससे पहले, बहरागोड़ा जाने के क्रम में जमशेदपुर प्रवेश करने पर डिमना चौक पर भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश का भव्य स्वागत किया। दीपक प्रकाश ने डिमना चौक स्थित स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद बाबा तिलका मांझी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का फूल-मालाओं से स्वागत किया।



## श्रीनाथ विवि में गुरु पूर्णिमा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** सोमवार 7 नवंबर को आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के द्वारा गुरु पूर्णिमा के एक दिन पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर, गायत्री मंत्र तथा गुरु नानक देव की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। छात्र अभिषेक और मोहित के द्वारा गुरु नानक देव की जीवनी पर एक वृत्तचित्र प्रस्तुत किया गया। मौके पर कुलपति डॉ गोविंद महतो ने सभी को गुरु पूर्णिमा की बधाई देते हुए कहा कि कार्तिक माह एक पावन माह कहलाता है जिसमें कई त्यौहार मनाए जाते हैं और इस माह का अंत गुरु पूर्णिमा से होता है, उन्होंने अपने वक्तव्य में यह भी कहा कि गुरु नानक देव का संपूर्ण व्यक्तित्व हमें अपने जीवन को जनकल्याण में लगाने के लिए प्रेरित करता है, वहीं सहायक प्राध्यापक डॉ भाव्या भूषण ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी को अपने जीवन में गुरु नानक देव के आदर्शों तथा जीवन मूल्यों को अपनाना चाहिए जिससे हम मानवता के लिए कुछ कर सकें।

## एडीएमएच बारीडीह में 22 बेड वाले डायलिसिस यूनिट का उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आर्देशिर दलाल मेमोरियल हॉस्पिटल (एडीएमएच) के बारीडीह कैंपस में आज 20 बेड वाली अत्याधुनिक डायलिसिस सेंटर का उद्घाटन किया गया। पूर्वी जमशेदपुर की जनता के लिए टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट कॉरपोरेट सर्विसेज चाणक्य चौधरी ने इस डायलिसिस सेंटर का उद्घाटन किया। मौके पर टाटा वर्कर्स यूनियन के महासचिव सतीश कुमार सिंह और डिप्टी प्रेसिडेंट शैलेश कुमार सिंह के अलावा पूर्व अध्यक्ष आर रवि प्रसाद समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

मौके पर बोलते हुए टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी ने कहा कि 1996 में तीन मशीनों के साथ 9 बेड वाले डायलिसिस यूनिट की स्थापना एडीएमएच में की गई थी। आज मुझे गर्व के साथ कहना पड़ रहा है कि एडीएमएच पिछले 26 सालों से जमशेदपुर के रोगियों को डायलिसिस की सुविधा बेहद सेवा भाव से दे रही है जो आने वाले वर्षों में भी जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि आज नई डायलिसिस सेंटर का जो उद्घाटन किया गया है उसके जरिए हम उच्च गुणवत्ता वाले डायलिसिस सुविधा जमशेदपुर के मरीजों को दे पाएंगे। नए सेंटर में एक साथ 20 मरीजों का डायलिसिस हो सकता है इसके जरिए इस सेंटर में हर दिन 60 मरीजों का डायलिसिस किया जा सकता है। मैं टाटा स्टील और एडीएमएस के उन सभी साथियों को बधाई देना चाहता हूं जिन्होंने आपसी समन्वय से नेफ्रोप्लस के साथ कम्युनिटी को और बेहतर सेवा देने के लिए रिकॉर्ड समय में इसको तैयार किया है। सेंटर में 20 सीटर वेटिंग रूम के साथ-साथ अत्याधुनिक पेशेंट मॉनिटरिंग सिस्टम, न्यू आरओ प्लांट, डायलाइजर और 15 किलोलीटर पार्टी क्षमता वाला ईटीपी प्लांट स्थापित किया गया है।

मौके पर टीएमएच के जनरल मैनेजर डॉक्टर सुधीर राय, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ संगीता सिंह, टाटा स्टील में सोसाइटी डिपार्टमेंट के हेड नीशिथ कुमार सिंह बारीडीह डायलिसिस सेंटर के प्रशासक चंद्रशेखर सिंह, एडीएमएस के सचिव अनूप कुमार सिंह, नेफ्रोप्लस के अधिकारी लव कुमार महतो, नेफ्रोप्लस के एकाउंट हेड जयप्रकाश शर्मा , टीएमएच के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर अशोक चट्टोपाध्याय चट्टोराज आदि उपस्थित थे।



डायलिसिस यूनिट का उद्घाटन करते टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी। साथ में आर रवि प्रसाद और यूनियन के महासचिव सतीश कुमार सिंह।

## एक नजर में

### भाजपा बारीडीह मंडल के कार्यकर्ताओं ने की गरीब परिवार की सहायता



**जमशेदपुर।** बारीडीह बस्ती स्थित भोजपुर कालोनी में कुछ असामाजिक तत्वों ने सुनील पासवान के घर में आग लगा दी थी, जिससे भारी मात्रा में घर के सभी सामान जलकर राख हो गई थी सूचना मिलने पर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के दिशा निर्देश पर भाजपा बारीडीह मंडल अध्यक्ष संतोष ठाकुर जी के नेतृत्व में जरूरतमंद परिवार से मिलकर उन्हें आर्थिक सहयोग किया एवं हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता संजीव सिंह, पूर्व विधायक प्रतिनिध पवन अग्रवाल, नीलू झा, कुमार अभिषेक, प्रवीण सिंह, विकेश सिंह, अरुण कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, पंकज प्रिय, गिरधारी सिंह, मीरा झा, राजेश रजक, ओम पोद्दार, अनिकेत रॉय, साकेत कुमार आदि उपस्थित थे।

### पूर्व छात्रों ने स्कूल के दीवार पर लगाया आई लव केएसएमएस




**जमशेदपुर।** केएसएमएस के पूर्व छात्रों ने सोमवार की देर शाम केएसएमएस दीवार पर आई लव केएसएमएस का उद्घाटन किया। पूर्व छात्रों ने स्कूल परिसर के सौंदर्यीकरण की पेशकश करने का यह एक और तरीका है। इसका उद्घाटन केएसएमएस के अध्यक्ष के पी जी नायर और पूर्व छात्र समन्वयक अब्राहम ने किया। मौके पर पूर्व छात्र अध्यक्ष मनीष कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष वी मुरली मनोहर, सचिव दीपक कुमार, संयुक्त सचिव ढिंकृत अग्रवाल और कोषाध्यक्ष एम नितेश कुमार सहित कई पूर्व छात्र उपस्थित थे। मालूम हो कि केएसएमएस के पूर्व छात्रों का गठन इस वर्ष किया गया था। पूर्व छात्रों का यह संगठन छात्रों और समाज को बड़े पैमाने पर मदद करने के लिए एक कोर नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

### हिंद आइटीआइ के छात्रोंने देश प्रेमी उमेश गोपीनाथ जाधव का किया भव्य स्वागत



**जमशेदपुर।** हिन्द आईटीआई में स्वागत किया गया बेंगलुरु निवासी उमेश गोपीनाथ जाधव बहुत ही उत्साह से हिन्द आईटीआई के (डायरेक्ट) डॉक्टर ताहिर हुसैन और टीचर हसनैन सर और अफजल सर, मैनेजमेंट सदाब मिर्जा और सबीना छात्र रवि, परवेज और सभी छात्रों ने उमेश गोपीनाथ जाधव का सम्मान गुलदस्ता, मेडल और सॉल देकर किया। इस सम्मान समारोह में शामिल हुए सुनील सिंह सर, डी कमल शुक्ला और अशोक श्रीवास्तव सर भी शामिल रहे। डी ताहिर हुसैन ने कहा कि देश के लिए बहुत अच्छा काम कर रहे है देश के लिए हम सभी को इनसे प्रेरणा लेने चाहिए और देश के लिए सम्मान जनक कार्य करना चाहिए। उमेश गोपीनाथ जाधव जो कि अपनी कार से लगभग एक लाख बीस हजार किमी की यात्रा कर पूरे देश से 150 वीर शहीदों के घर घर जाकर उनके आंगन की मिट्टी एकत्रित की है।

### बिष्टुपुर श्रीराम मंदिर में 28 दिसंबर से होगा नौ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा



**जमशेदपुर।** जगज्जननी भगवती श्रीमाता ललिताम्बा की महती कृपा से और अलौकिक संयोग से लौहनगरी में नौ दिवसीय विशाल ऐतिहासिक सहस्त्र चंडी महायज्ञ एवं श्रीमद्देवी भागवत कथा ज्ञानयज्ञ अनुष्ठान का सत्संकल्प हुआ है। जिसका आयोजन बुधवार 28 दिसंबर 2022 से 5 जनवरी 2023 गुरुवार तक आंध्रा भक्त श्रीराम मन्दिर बिष्टुपुर में होगा। इसके सफल आयोजन हेतु श्रीविद्या शक्तिसर्वस्वम टाटानगर इकाई के नेतृत्व में रविवार की देर शाम को बिष्टुपुर स्थित राजस्थान भवन में जमशेदपुर के सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं की एक बैठक संपन्न हुई।

# पलामू टाइगर रिजर्व में अवैध रूप से हो रहा महुलाम के पत्तों का परिवहन

## बिना परमिट सवारी ट्रेनों में लादकर भेजा रहा लातेहार के ठेकेदारों के पास

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला नेशनल पार्क अंतर्गत वन क्षेत्रों में वन विभाग की नाक के नीचे से प्रतिदिन अवैध रूप से महुलाम पत्ते की तुड़ाई और यात्री ट्रेनों से अवैध परिवहन किया जा रहा है। बरवाडीह से प्रतिदिन सुबह 6 बजे खुलने वाली बरवाडीह - गोमो स्पेशल पैसेंजर से महुलाम पत्ते का बगैर परमिट के परिवहन किया जाना गैर कानूनी है। बावजूद इसके जिम्मेवार वन विभाग के साथ-साथ रेल प्रशासन भी अब तक इसको रोकने में असमर्थ रही है।

**ठेकेदार के दलाल ग्रामीण क्षेत्रों में है सक्रिय :** मिली जानकारी के अनुसार पलामू टाइगर रिजर्व अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में लातेहार के बड़े कारोबारियों के द्वारा दलालों को खड़ा कर दिया गया हैं, जो ग्रामीण मजदूरों को मजदूरी देकर महुलाम पत्तों की तुड़ाई करवा रहे हैं। जिसके बाद उन्हे मजदूरों के माध्यम से पत्तों को सवारी ट्रेनों से लातेहार स्टेशन लाया जाता हैं। ट्रेन में भी ठिकेदार के दलाल नजर छुपाकर मजदूरों और पत्तों की निगरानी करते है, ताकि उन्हें कोई परेशानी नहीं झेलनी पड़े। महुलाम पत्ते की तुड़ाई में बच्चे भी सक्रिय रहते है। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि यह सारा काम वन विभाग के अधिकारियों के सामने हो रहा है, लेकिन अब तक एक बार इस कार्य को रोकने में इन्हे सफलता हासिल नहीं हुई है।

**दूसरे राज्यों में ऊंची कीमतों पर होती है सप्लाई :** जानकार बताते है कि लातेहार के बड़े ठिकेदारों द्वारा महुलाम पत्ता का संग्रहण कर दूसरे राज्यों में ऊंची कीमतों में सप्लाई किया जाता है, जो कि गैरकानूनी है। ऐसे में यदि वन विभाग की टीम अवैध तुड़ाई और परिवहन पर कार्रवाई करती भी है तो उनके हाथ केवल ये मजदूर ही लगते हैं, जबकि यह सप्लाई जिले के बड़े कारोबारियों के इशारे पर होती है।

इस संबंध में पूरी जानकारी के लिए वन विभाग के जिम्मेदार अफसरों से दूरभाष पर संपर्क करने की कोशिश की गई पर उन्होंने कॉल रिसीव करने से परहेज किया। जानकारों की मानें तो महुलाम पत्ता की तुड़ाई और परिवहन के लिए वन विभाग से परमिट लेनी पड़ती है। जिसमें लाखों रुपए खर्च होते हैं, लेकिन वन माफियाओं द्वारा बिना परमिट लिए ही तुड़ाई और ट्रेनों से परिचालन करवाया जा रहा है, जो पूरी तरह से अवैध और गैरकानूनी है।



छिपादोहर स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ाया जा रहा महुलाम पत्ता।

## स्पीड न्यूज

### अभिजीत प्लांट से लोहा चोरी कर ले जा रहे दो चोर धराये

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना पर चंदवा पुलिस चकला मोड़ के पास से लोहा लदा पिकअप वैन जेएच 13 एच 7487 को जब्त किया है साथ हीं पिकअप वैन पर सवार सूरज लोहरा पिता पलेंदर लोहरा (ग्राम हेमपुर थाना बालूमाथ) एवं जगरनाथ साव पिता स्व. सरटु साव (ग्राम तेली टोला बालूमाथ) को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में चंदवा थाना पुलिस ने बताया कि उक्त लोहा अभिजीत ग्रुप के निमार्णाधीन प्लांट से लोड कर ले जाया जा रहा था, पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी दल गठित कर उक्त वाहन को जप्त किया साथ ही उस पर सवार दोनो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अभिजीत ग्रुप के निमार्णाधीन पावर प्लांट से लोहे की चोरी करने की बात स्वीकारी है। गिरफ्तार अभियुक्तों को सोमवार को लातेहार जेल भेज दिया गया है।

### पंचायत समिति की बैठक में योजनाओं को लेकर हुई चर्चा

**चंदवा।** प्रखंड स्तरीय पंचायत समिति की बैठक प्रमुख मनीषा उरांव की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार ने सरकार के द्वारा चलाई जा रही कार्यक्रमों और संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी, कहा कि जन कल्याण के लिए प्रखंड में कई योजनाएं चलाई जा रही है, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, पंचायत सचिव समन्वय स्थापित कर अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाएं तथा पंचायत समिति के मद में जो राशि है टाईड अनटाईड में उसे कल्याण कारी योजनाओं को लेकर ससमय पैसे का सदुपयोग करें। पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कहा कि दो तीन बार पंचायत समिति की बैठक हो चुकी है इसके बाद भी एक भी खराब पड़े चापानल और जलमीनार की मरम्मत नहीं हुई है, इसपर बीडीओ ने कहा कि इसके लिए रास्ता निकाला जा रहा है। इसे जल्द ही ठीक करा लिया जाएगा।

# भ्रष्टाचार में डूबी है राज्य सरकार 12 को होगा आंदोलन : अमित गुप्ता



बैठक करते भाजपा कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** भाजपा प्रदेश कमिटी के निदेर्शानुसार सोमवार को चंदवा स्थित पथ निर्माण विश्रामागार परिसर में चंदवा मंडल भाजपा कमेटी की बैठक सपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने की।

मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि राज्य की महागठबंधन सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। हेमंत सरकार राज्य में भ्रष्टाचार को लगाम लगाने, राज्य में विधि व्यवस्था एवं राज्य सरकार की विकास कार्यों को गति देने में पूरी तरह से विफल है। इन्हीं विफलताओं को लेकर आगामी 12 नवंबर को प्रातः 10:30 बजे कृषि फार्म कुसुमटोली से प्रखंड मुख्यालय चंदवा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

बैठक में सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र प्रसाद साहू, देवमोहन सिंह, रामबृक्ष चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष आशिष सिंह, मंडल महामंत्री दीपक निषाद, मंडल मंत्री मनीष गुप्ता, हीरामणि देवी, देवमणि वैद्य, सुनील मुंडा, उमेश गंझु, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सूर्यनारायण साहू, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष साजिद खान, किसान मोर्चा मंडल महामंत्री राजन भगत, पंचायत अध्यक्ष मनोज पाठक, मुरारीलाल साहू, शंकर मुंडा, अमित गुप्ता, सोनू लाल, संतोष यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# लातेहार झामुमो ने किया राजभवन के समक्ष प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** केंद्र सरकार द्वारा सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग किए जाने और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी के द्वारा असंवैधानिक तरीके से समन जारी किए जाने के विरोध में सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा राजभवन के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया गया। लातेहार जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, विधायक वैद्यनाथ राम और जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया।

मौके पर संबोधित करते हुए विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि केंद्र सरकार राजनीतिक नैतिकता को भी भूल चुकी है। केंद्र सरकार के इशारे पर संवैधानिक संस्थाएं असंवैधानिक रूप से कार्य कर रही हैं।

**झारखंड वासियों का अपमान कर रही है केंद्र सरकार :** जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार लगातार जिस प्रकार राज्य का विकास कर रही है, और जनता के बीच अपनी पकड़ और मजबूत बनाती जा रही है, उससे विरोधी घबरा गए हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी ने जिस प्रकार नियम कानून को ताक पर रखकर नोटिस जारी किया है, इससे पूरे झारखंड के लोगों का अपमान हुआ है। यह पूरी तरह राजनीति और पूर्वाग्रह से ग्रसित मामला है। इसका जवाब जनता केंद्र सरकार को समय आने पर देगी।

**विकास देखकर विरोधियों की बढ़ गई है बैचेनी :** जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बनने के बाद से राज्य का तेजी से विकास हो रहा है। इससे विरोधियों को बेचैनी हो गई है। परंतु विरोधियों की बेचैनी से झारखंड मुक्ति मोर्चा और मजबूत होकर उभर रहा है। मौके पर झामुमो नेता शमशुल होदा, दीपू सिन्हा, आलोक कुमार मंटू, रंजन रिंकू कश्यप एवं अंकित पांडेय, सुरेश गंझु, ईश्वर उरांव, रामबृक्ष गंझू, राजेंद्र गंझु, अशोक पाण्डेय, रंजीत कुमार, बीरेंद्र पाठक, दीपक कुमार, मनोज चौधरी, विकाश कुमार, मो. संफराज, राजू विश्वकर्मा समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।





राजभवन के समक्ष प्रदर्शन करते विधायक, जिला अध्यक्ष व अन्य।

# मनिका में चार साल की बच्ची से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र में चार साल की अबोध बच्ची के साथ निर्मम तरीके दुष्कर्म करने का सनसनी मामला प्रकाश में आया है। घटना रविवार की देर शाम साढ़े सात बजे की बताई जा रही है। घटना के संबंध में पीड़िता की मां ने बताया कि बच्ची मेरे पास कंधे पर खेल रही थी। तभी पड़ोस में रहने वाले एक युवक मेरे पास आया और बच्ची को अपने घर ले गया। घर ले जाकर बच्ची के साथ निर्मम तरीके से दुष्कर्म किया। मनिका थाना में पीड़िता के पिता ने आरोपी के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज कराया है। थाना प्रभारी शुभम कुमार ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए लातेहार भेज दिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## एक नजर में

### बीएस कॉलेज की अनु कुमारी का एनएसएस के एडवेंचर कैंप में हुआ चयन





**लातेहार।** बनवारी साहु महाविद्यालय (बीएल कॉलेज) की अनु कुमारी का राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के एडवेंचर कैंप में चयन हुआ है। हिमाचल प्रदेश में हो रहे एडवेंचर कैंप के लिए अनु कुमारी 7 नवंबर को रवाना हुई है। यह कैंप भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जो अटल बिहारी वाजपेई इंस्टिट्यूट ऑफ मॉनिटरिंग एंड एलाइड स्पोर्ट्स, मनाली सोलन हिमाचल प्रदेश में 10 से 19 नवंबर तक चलेगा। बीएल कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला नोडल पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद और बीएल कॉलेज के प्रबंधन समिति की सचिव अंजू गुप्ता ने अनु कुमारी को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि इस कैंप में अनु उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज और लातेहार जिले का नाम रौशन करेगी।

# नामुदाग में आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड के नामुदाग पंचायत सचिवालय में सोमवार को झारखंड के हेमंत सरकार के 3 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देशानुसार आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय विकास शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया।

विकास शिविर में सभी विभागों के द्वारा अलग-अलग स्टॉल लगाकर लोगों से आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में उपस्थित कर्मचारियों के द्वारा कई लोगों की समस्याओं से जुड़े आवेदन प्राप्त कर ऑन द स्पॉट समाधान करने का काम किया गया। विकास शिविर में तेजस्विनी परियोजना,

**शिविर में स्टॉल लगा लोगों से आवेदन प्राप्त किये गये**

राशन कार्ड, बाल विकास योजना, बिजली विभाग, मुख्यमंत्री पशुधन विभाग योजना, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, पीएम आवास योजना, पशुपालन विभाग, राज्यस्व विभाग, स्वच्छ भारत मिशन योजना समेत कई अन्य विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। योजनाओं का आवेदन जमा करने हेतु पंचायत क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ लगी रही।

मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, पंचायत के मुखिया समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# मनिका की जुंगुर पंचायत में लगा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड के जुंगुर पंचायत अंतर्गत स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में आरोग्य भारती, मीनाक्षी नेत्रालय रांची, जिला अंधापन नियंत्रण समिति व जीवन ज्योति ट्रस्ट के तत्वाधान में निःशुल्क एक दिवसीय चिकित्सा शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पूर्व बीडीओ सुखलाल उरांव, पंचायत के मुखिया देवेंद्र कुमार कुजूर, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक कुमार सिंह, डॉ अरुण उरांव, डॉ विकास कुमार गुप्ता, डॉ आशुतोष सिंह, डॉ चंदन कुमार सिंह, डॉ संजना गुप्ता, प्रांतीय सह सचिव राजेश कुमार शर्मा आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

शिविर में उपस्थित चिकित्सकों के द्वारा 500 से अधिक मरीजों का इलाज कर मरीजों को जरूरत के अनुसार निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। वहीं पंचायत के मुखिया देवेंद्र कुमार कुजूर व प्रांतीय सह सचिव राजेश कुमार शर्मा के द्वारा गांव के चिन्हित 52 मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन के लिए अपने निजी खर्च से वाहन बुक कर लातेहार भिजवाने का काम किया गया। जहां पर मोतियाबिंद के मरीजों का ऑपरेशन कर निशुल्क दवाइयां,चश्मा इत्यादि उपलब्ध कराई गई। मौके पर डॉ अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि मेरा यहां के लोगों के साथ काफी लगाव रहा है। मैं प्रखंड क्षेत्र के लोगों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर हूं। मुझे काफी खुशी होती है कि शिविर के माध्यम से मुझे आप लोगों से मिलकर आपकी सेवा करने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का मुख्य उद्देश्य मानव सेवा और मानव कल्याण के लिए है इस शिविर में सैकड़ों रोगियों का इलाज किया गया और मुफ्त में दवाइयां भी दी गई। उन्होंने बताया कि शिविर में 52 मोतियाबिंद ऑपरेशन मरीजों को चिन्हित कर ऑपरेशन के लिए लातेहार भेज दिया गया है। मौके पर डॉ संजना गुप्ता ने बताया कि लातेहार स्थिति मेसो वेलफेयर हॉस्पिटल में मोतियाबिंद के चिन्हित सभी मरीजों का ऑपरेशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक रविवार को मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन किया जाता है। मौके पर जनरल फिजिशियन डॉक्टर आशुतोष ने 100 से अधिक मरीजों का इलाज किया। डॉ चंदन ने दांत के 60 मरीजों का इलाज किया। मौके पर राजेश कुमार शर्मा, भरत प्रसाद, विनोद कुमार यादव, संदीप उरांव, सुमन देवी, गुलाब यादव, संतोष उरांव, विनोद कुमार यादव, निर्मल उरांव, अरुण उरांव, शीला देवी, सीता देवी, सुनीता देवी, दिव्या देवी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि।

# बढ़ती महंगाई के विरोध में जनता दल यूनाइटेड ने केंद्र सरकार के खिलाफ दिया धरना





**लातेहार।** समाहरणालय के समक्ष सोमवार को जनता दल यूनाइटेड के द्वारा केंद्र सरकार के खिलाफ महंगाई के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू के जिला अध्यक्ष नेजामुद्दीन कुरैशी व संगठन प्रभारी सह प्रदेश सचिव यशवंत सिंह ने किया। वहीं जिला अध्यक्ष नेजामुद्दीन कुरैशी ने कहा कि देश में बढ़ती बेरोजगारी व महंगाई को लेकर जनता दल चिंता व्यक्त करती है और केंद्र सरकार के द्वारा इस विषय पर विभिन्न तरीकों से इसका उपहास उड़ाने एवं कोई प्रभावी निर्णायक कदम ना उठाने की निंदा करती है। केंद्र में बैठी सरकार हर साल दो करोड़ नौकरी देने के वायदे पर कायम नहीं है। उनके वायदे के आलोक में 16 करोड़ नौकरी मिलने के बजाय लाखों युवकों ने नौकरी गंवाई है। मौके पर राम लखन सिंह, संतोष जायसवाल, विनोद राम, योगेंद्र सिंह खरवार, प्रदीप कुमार, अनिल नायक, उमेश नायक, कुलदीप नायक समेत कई लोग मौजूद थे।

# रेल कर्मियों के प्रमुख मुद्दों को लेकर की आवाज बुलंद

## बरवाडीह में ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के तीसरे द्विवार्षिक महाधिवेशन का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह के रेलवे स्पोर्ट्स क्लब में सोमवार को ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन का तीसरा द्विवार्षिक महाधिवेशन सह फैमली सेफ्टी सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एसोसिएशन के केंद्रीय महासचिव कामरेड एमएन प्रसाद और विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सहायक सचिव कामरेड एके रावत सहित अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

महाधिवेशन में रेल कर्मचारियों के प्रमुख ज्वलंत मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की गयी और आंदोलन की रणनीति तैयार की गई। वहीं एनपीएस समाप्त कर ओपीएस को बहाल कराने, रेलवे का निजीकरण एवं निगमीकरण पर रोक लगाने, सहायक लोको पायलट को भी रिस्क अलाउंस दिलाने, रनिंग स्टाफ को साइन ऑन से साइन ऑफ 9 घंटे में रिलीफ, गुड्स शेड के नाम पर किलोमीटर कटौती करना बंद कराने, कर्मचारियों को छोटी-छोटी बातों पर मानसिक प्रताड़ित करने के खिलाफ आवाज बुलंद की गई। इसके अलावा बरवाडीह रेलवे हॉस्पिटल में महिला डॉक्टर की व्यवस्था और सभी सुविधा बहाल कराने की मांग की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डीबी दीन, धनबाद मंडल अध्यक्ष डॉ. एसके सिंह, जोनल संयुक्त आरआर प्रजापति, महासचिव मृत्युंजय कुमार, जनरल सेकेट्री कॉमरेड एमएन प्रसाद, जोनल महासचिव एके रावत, इसीआरएमसी के शाखा सचिव अजय कुमार, आरकेटीए शाखा सचिव प्रवीण कुमार, ईसीआरएमसी जोनल सचिव मृत्युंजय कुमार, पंकज कुमार, मंडल अध्यक्ष एसएस सिंह, संतोष कुमार, बरवाडीह मंडल सचिव कमलेश कुमार, अध्यक्ष अजय कुमार, संयुक्त सचिव बीसीएस आजाद एवं प्रदीप कुमार समेत बरवाडीह, टोरी और गढ़वा रोड के सभी रनिंग स्टाफ के साथ-साथ धनबाद और बरकाकाना के अधिकारी तथा सैकड़ों रनिंग कर्मचारी उपस्थित थे।





मंच पर उपस्थित एसोसिएशन के पदाधिकारी।

# निशा शाहदेव ने पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मान नहीं देने को लेकर दिया धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय परिसर के मुख्य द्वार पर प्रमुख निशा शाहदेव ने बीडीओ दीपाली भगत की मनमानी व पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मान नहीं देने को लेकर अपने समर्थकों के साथ सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजे से तीन घंटे के लिए धरने पर बैठी।

जानकारी देते हुए निशा शाहदेव ने बताई की बीडीओ दीपाली पर किसी समस्या के लिए जनप्रतिनिधि दूरभाष पर संपर्क करना चाहते है तो फोन रिसीव नहीं करती है। प्रखंड कार्यालय सहित प्रखंड में होने वाले कोई बैठक, कार्यक्रम की जानकारी देना मुनासिब नहीं समझती है। प्रखंड में संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता के साथ नहीं करती है। साथ ही फुलसू पंचायत के बारीबाद मतकोमा निवासी फुलमनी देवी खपरैल घर मे प्लास्टिक लगा के जीवन यापन कर रही थी। जिसकी खबर 16 जुलाई को खबर मन्त्र ने प्रमुखता की थी। खबर प्रकाशित होने पर बीडीओ स्वंय निरक्षण कर आश्वासन दी थी कि अंबेडकर भवन स्वीकृत कर दे रहे है। आवास नही रहने से खुले छत में रहने से फुलमनी का एक तीन वर्षीय पुत्र की बीमार पड़ने से मौत हो गई। धरने में उपस्थित फुलमनी ने भी अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए रो पड़ी। वहीं धरने का समर्थन कर रहे बालुभांग पंसस राजेश मोची ने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा पंचायत प्रतिनिधि को सम्मान नहीं दिया जाता है। योजनाओ की जानकारी नहीं दी जाती है। मीटिंग की पंचायत प्रतिनिधि को कोई जानकारी नहीं देते हैं। प्रखंड कार्यालय में धरना की सूचना मिलते ही लातेहार एसडीओ शेखर कुमार ने उप प्रमुख शाहदेव से दूरभाष पर बात कर दो दिन बाद स्वयं आकर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। तब धरना को समाप्त किया गया।



प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार पर धरना पर बैठे लोग।

# वर्चस्व को लेकर मारपीट, बम और गोली चली

## बाघमारा में कोयले के काले कारोबार को लेकर झड़प

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जिले में कोयले के काले कारोबार में वर्चस्व को लेकर आपसी झड़प रुकने का नाम नहीं ले रही है। सोमवार को बाघमारा अनुमंडल के मधुबन थाना क्षेत्र स्थित है खरखरी नारायण धौडा में कोयले के काले कारोबार में वर्चस्व को लेकर ग्रामीणों एवं कोयला तस्करों के बीच के आपसी झड़प हो गई । जिसमें एक विकलांग युवक के दुकान को आग के हवाले कर दिया गया ,साथ ही एक बाइक को भी जला दिया गया। दोनों पक्ष एक दूसरे को मारने मरने पर उतारू थे । भीड के हाथों में तलवार लाठी-डंडे लैस थे। बताते चलें कि नेशनल हाईवे 32 के बगल में खरखरी नारायण धौडा में कोयला को वर्चस्व को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई गोली और बम चलने की भी सूचना है मौके से दो खोखा बरामद हुआ है,हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। सूचना पाकर बाघमारा डीएसपी सुश्री निशा मुर्मू बाघमारा अंचलाधिकारी कमल किशोर सिंह बरोरा थाना प्रभारी नीरज कुमार मधुबन थाना प्रभारी विनोद कुमार सोनारडीह ओपी प्रभारी श्वेता कुमारी कतरास थाना आदि अपने दल बल के साथ मौका यह वारदात पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में किया। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि कोयले में वर्चस्व को लेकर फिर से झड़प हो सकती है।

## एक दुकान और बाइक को किया आग के हवाले





## अवैध बालू और कोयले का कारोबार चरम पर

कोयलांचल के धनबाद जिले में इन दिनों बालू अवैध बालू अवैध कोयला एवं अवैध व्यापार चरम पर है जिसे रोकने में प्रशासन भी विफल साबित हो रही है। पिछले 2 सप्ताह के अंदर मधुबन थाना क्षेत्र में सीआईएसएफ के जवानों पर कोयला एवं लोहा तस्करों ने हमला कर लगभग आधा दर्जन घायल जवानों को घायल कर दिया ।वहीं गोविंदपुर में अवैध बालू छापामारी करने के सिओ के ऊपर भी बालू तस्करों ने हमला कर दिया, बांसजोड़ा लोयाबाद में भी अवैध कोयला तस्करों ने दो सीआईएसएफ जवान को मारकर घायल कर दिया। खबर लिखे जाने तक स्थिति नियंत्रण में थी घटनास्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।

## बोकारो जदयू ने दिया एक दिवसीय धरना

बोकारो। बोकारो जनता दल ;यूद्ध ने केंद्र सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ डीसी कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना दिया। जिलाध्यक्ष प्रदीप महतो ने मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार अदूरदर्शी और योजना विहीन है ।देश के लोग भुखमरी के कगार पर हैंए लेकिन यह सरकार कान में तेल डालकर सोई है ।अन्य वक्ताओं ने कहा कि देश की जनता के साथ किए गए वादों पर भारतीय जनता पार्टी खरा नहीं उतर रही है। यदि मोदी सरकार हमारी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं करती है तो सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सड़क से सदन तक हमलोग आंदोलन करेंगे। सरकार को जनहित के मुद्दों पर निर्णय लेने के लिए बाध्य करेंगे। मौके पर जदयू के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### स्वच्छता रैली निकाल लोगों को किया जागरूक

**गोमो।** तोपचांची स्थित पेमिया ऋषिकेश पॉलिटेक्निक कॉलेज में एनएसएस इकाई के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वछता रैली निकालकर आसपास के ग्रामीणों को स्वच्छ्ता के प्रति जागरूक किया ।पेमिया ऋषिकेश पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य डॉ विवेक कुमार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया , वहीं कॉलेज के छात्रों ने आसपास के गांव में सफाई अभियान भी चलाया ।मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ विवेक कुमार , मैनेजमेंट हेड राजकुमार महतो ,ट्रेनिंग & प्लेसमेंट इंचार्ज संदीप कुमार महतो , व्यख्याता राजा कुमार , वीणा कुमारी ,लक्ष्मी कुमारी ,मनोज कुमार मंडल , श्रीकांत कुमार महतो , बाबूलाल महतो एवं अन्य उपस्थित थे।

### सीसीएल अधिकारी सड़क हादसे में घायल

**बेरमो ।** चंद्रपुरा.फुसरो हीरक रोड पर स्थित राजाबेडा के पास सोमवार की सुबह सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार सीसीएल अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगों की मदद से डीवीसी के चंद्रपुरा अस्पताल इलाज के लिए ले गएए उसके बाद रीजनल अस्पताल करगली लाया गया जहां चिकित्सक डॉक्टर संतोष कुमार ने गंभीर स्थिति देखते हुए प्राथमिक इलाज कर अशर्फी अस्पताल धनबाद रेफर कर दिया। क्षेत्रिय मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर एस के भारतीय ने बताया कि दाहिना हाथ के कंधा मे काफी चोट लगी है। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार बीएडके के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार बाइक से धनबाद से बीएड्के जीएम ऑफिस ड्यूटी आ रहे थे। राजाबेडा के समीप रास्ते में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गईए दुर्घटना में संजय कुमार गंभीर रूप घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पाकर अस्पताल जीएम एमके राव एसओपीएंडपी एसके झाए क्षेत्रीय सर्वे अधिकारी देवजीत मजूमदारए कार्मिक प्रबंधक मनोरंजन कुमार आदि शामिल थे।

### मार्क्सवादी लोकल कमेटी ने मनाई नवंबर क्रांति

**गोमो।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी तोपचांची लोकल कमेटी की ओर से रामाकुंडा पार्टी कार्यालय में नवंबर क्रांति मनायी गयी। पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य कामरेड मानस कुमार चटर्जी ने पार्टी का झंडोत्तोलन किया इस पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया कॉमरेड कुंती देवी ने की। गोष्ठी में कॉमरेड मानस कुमार चटर्जी के अलावे जिला कमेटी सदस्य कॉमरेड मनिंदर सिंह एल सी के सचिव कॉमरेड परशुराम महतो ने अपने विचार रखे ।उन्होंने विस्तार से बताया कि किस तरह 1917 में महान नवंबर क्रांति के बाद रूस में समाजवाद का स्थापना किया। उद्योग विज्ञान शिक्षा चिकित्सा में दुनिया मे सर्वोच्च स्थान में आ गया ।जनता का तमाम बुनियादी समस्या का समाधान हुआ ।रोजगार का गारंटी मिला शिक्षा चिकित्सा आवास का गारंटी हुआ ।दुनिया मे जो देश समाजवाद के खिलाफ लड़ रहे है ,शोषण के खिलाफ लड़ रहे समाजवाद के स्थापना के लिए लड़ रहे लोगो को प्रेरणा मिला ।उन्होंने कहा कि हमारे देश मे भी समाजवाद का स्थापना के बाद ही जनता को मुक्ति मिल सकती है ।इसके लिए मौजूदा किसान ,छात्र,नोजवान, बुद्धिजीवी एक होकर पूंजीवाद को उखाड़ फेंके।

### सतर्कता जागरूकता सतत चलने वाली प्रक्रिया : जीएम

**बेरमो।** सीसीएल बीएडके में गत 31अक्टूबर को प्रारंभ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का करगली ऑफीसर्स क्लब में समापन सोमवार को हुआ। इस अवसर पर छात्र .छात्रों एवं कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं निबंध प्रतियोगिताएनारा लेखन प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जीएम एम के राव ने सप्ताह के शानदार आयोजन के लिए सतर्कता विभाग की सराहना की गयी।

## विधायक ने युवक को पीटा, ग्रामीणों ने फूंका पुतला

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के चंडीपुर गांव के मोरटंगवा में रविवार देर शाम को राज्य संपोषित योजना अन्तर्गत 2०740 किलोमीटर लंबी सड़क का शिलान्यास करने पहुंचे गोमिया विधायक डा लंबोदर महतो को ग्रामीणों का विरोध का सामना करना पड़ा ।बता दे कि जिस सड़क मरम्मती का शिलान्यास करने स्थानीय विधायक पहुंचे थे उस पथ का शिलान्यास 17 अक्टूबर को ही बोकारो में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा मंत्री सत्यानंद भोक्ता मंत्री जगन्नाथ महतो एवं माननीय विधायक की उपस्थिति में ऑनलाइन किया गया था। स्थानीय ग्रामीणों का कहना था कि जिस जगह पर सड़क जर्जर हो चुकी हैएवहा पर सबसे पहले सड़क का निर्माण कराया जाय। भगतबोहवा से चडरिया टुंगरी तक पूरा सड़क का निर्माण करने की बात कर रहे थे। इसके विरोध में स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक लंबोदर का पुतला जलाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इससे नाराज विधायक ने अपना आपा खोते हुए ग्रामीणों के साथ गाड़ी से उतरकर मारपीट शुरू कर दी?। जिसमे गांव के युवक मुकेश कुमारए दीपक कुमारए सुभाष कुमार सहित कई लोग जख्मी भी हो गये। बताया गया कि ग्रामीणों की गलती यही थी कि विधायक से सड़क के बारे में सवाल . जवाब किया ।विधायक लम्बोदर महतो से संपर्क करने पर उन्होंने इससे इंकार करते हुए कहा कि लोग बेवजह खाली हवा दे रहे हैं कुछ नहीं हुआ है।

## दुर्भावना से ग्रसित होकर पड़ रहा आइटी का छापा: माधव लाल

**बेरमो/ गोमिया।** आयकर द्वारा बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह के घर पर चली छापेमारी और पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव के निवास स्थान पर चली छापेमारी पर पूर्व विधायक माधव लाल सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आयकर का छापा हो ईडी का छापा या फिर सीबीआई का छापा दुर्भावना से ग्रसित होकर और किसी को टारगेट करके परेशान करने के नियत से या बदला लेने की नियत से नहीं करनी चाहिएए उन्होंने कहा कि अगर छापेमारी ही करनी है तो ऐसे सभी लोगों के यहां छापेमारी हो जिन्होंने झारखंड को लूटने का काम किया हैएऔर अपना पेटी भरने और पैसों का बांध बांधने का काम किया हैंए उन्होंने कहा चाहे वह अधिकारी हो ए नेता हो ए डॉक्टर हो या जनप्रतिनिधि एमंत्री और विधायक भी शामिल हो उनके यहां भी छापेमारी हो और दूध का दूध पानी का पानी किया जायए उन्होंने कहा कि दोषियों को सजा देनी है तो पक्षपातए जात पातए और द्वेष की भावना से ऊपर उठकर राज्य हित और देश हित में ईमानदारी से काम करना होगा और वैसे सभी लोगों को कानून का पाठ पढ़ाना होगा। जिन्होंने झारखंड और देश को लूटने का काम किया हैए श्री सिंह ने यह भी कहा कि मैं जब मंत्री था और जब विधायक भी रहा तो हमेशा विधानसभा में आवाज बुलंद करता रहा कि झारखंड को बचाना है झारखंड सोने की चिड़िया है इसे लूटने से बचाना ही होगा।

## बेरमो : नौ स्थानों पर विकास कार्यों का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र मे विकास योजनाओं की बाढ़ सी आ गई है। इसी क्रम में सोमवार को जवाहर नगरए सुभाष नगरए मकोलीए रानी बाग आदि लगभग 9 स्थानो पर नगर अध्यक्ष राकेश सिंह व उपाध्यक्ष छेदी नोनिया ने लगभग 2 करोड़ की लागत की योजनाओं का शिलान्यास किया और उन्होंने काम में तेजी लाने को कहीं। मौके पर उन्होंने कहा कि नगर परिषद में कोई ऐसा जगह बाकी नहीं जहां पर विकास कार्य ना हुआ हो। नगर का सौंदर्यीकरण के लिए फेवर ब्लॉक भवन और सेड का किया शिलान्यास ।अध्यक्ष राकेश कुमार सिंहए उपाध्यक्ष छेदी नोनियाए नप कर्मी राजीव रंजन सिंह।

वार्ड संख्या 1 सामुदायिक भवनए पूर्व में बंधुबेड़ा से स्थल परिवर्तन किया गया है। यह कार्य राजेश कुमार के द्वारा लगभग 15 लाख की लागत से निर्माण किया जाएगा। मौके पर विवेश सिंहए सुरेंद्र सिंहए रमेश सिंहए अनिल सिंहए अरुण पांडेयए सतीश दुबेए राजू सिंहए अनिल सिंहए बिनोद शर्माए धनंजय रजक, वार्ड संख्या 4 में सामुदायिक भवन शिव प्रावती के द्वारा निर्माण किया जाएगा। गणेश लाल पातरए राजू सिंहए पंकज सिंहए दिलीप सिंहए आबिद हुसैनए नारायण शर्माए 45 लाख में तीन काम है। वार्ड संख्या 28 में पीसीसी सामुदायिक शेड कार्य का शिलान्यास हुआ। यह कार्य मां संवेदक वैष्णो कांस्ट्रेशन के द्वारा 7०8 लाख की लागत से निर्माण करवाया जाएगा। पार्षद प्रतिनिधि राजू दीगारए नीरज वर्णवालए अश्वनी मिश्रा उर्फ सत्यमए अजीत सिंहए अंकुश मिश्रा, वार्ड संख्या 25 राजा बेड़ा मदरसा में पीपीसी शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। यह कार्य कार्तिक आर इंटरप्राइज के द्वारा 7.82 लाख की लागत से निर्माण होगा। पार्षद अनीता कुमारीए पार्षद प्रतिनिधि रमेश स्वर्णकारए कमलेश कुमारए प्रदीप कुमारए पंकित कुमारए नीतीश कुमार गुप्ता मौजूद थे।



## केंद्र सरकार महंगाई रोकने में विफल

**धनबाद।** सोमवार को प्रदेश स्तरीय पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत धनबाद जिला जदयू द्वारा रंधीर वर्मा चौक पर नगर अध्यक्ष धन लाल दुबे की अध्यक्षता में मंहगाई और बेरोजगारी के विरुद्ध एक दिवसीय धरना दिया गया। जिसमें मुख्य रूप से जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। धरना को संबोधित करते हुए जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार मंहगाई और बेरोजगारी रोकने में पूरी तरह से विफल है। अप्रत्याशित मंहगाई से गांव - गरीब, मजदूर -किसान परेशान है।

## जिला बैडमिंटन एसो. ने 2 खिलाड़ियों को किट देकर किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन से निबंधित बैडमिंटन अकादमी के दो खिलाड़ी काव्या किरण एवं रिधान चटर्जी को एसोसिएशन के द्वारा दोनो खिलाड़ी को इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन किट देकर सम्मानित किया गया ।ये दोनों खिलाड़ी ऑल इंडिया मिनी एवं सब-जूनियर अंडर-11 और 13 राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लेंगे। ऑल इंडिया मिनी (अंडर-11) बैडमिंटन चैंपियनशिप 14 से 17 नवंबर नोएडा में होगा तथा ऑल इंडिया सब जूनियर (अंडर- 13) बैडमिंटन चैंपियनशिप 19 से 23 नवंबर लखनऊ में होगा। कोच संदीप दे ने बताया कि ये दोनों खिलाड़ियों का चयन 14 से 16 अक्टूबर को लोहरदग्गा में होने वाली झारखंड बैडमिंटन चैंपियनशिप में इन दोनों के प्रदर्शन के आधार पर चयन हुआ है ।काव्या किरण बालिका वर्ग अंडर 11 सिंगल में विजेता हुई एवं 13 बालिका वर्ग के सिंगल में तथा मिक्स्ड डबल्स में उपविजेता हुई ।रिधान चटर्जी बालक वर्ग के डबल्स में बिजेता हुआ। जिसमे दोनो अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए नवम्बर में होने वाली राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लेंगे तथा संदीप दे को झारखंड टीम का कोच के लिए चयनित किया गया।

## लोयाबाद में हजरत अजीज शाह बाबा का उर्स शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोयाबाद।** कौमी एकता के प्रतीक हजरत सैयद अब्दुल अजीज शाह बाबा (रहम)का छः दिवसीय सालाना उर्स मुबारक सरकारी चादर पोशी के साथ शुरू हो गया ।कमेटी के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद और महामंत्री मो असलम मंसूरी लोयाबाद मोड़ स्थित मुस्लिम कमेटी कार्यालय से बाबा की चादर सर पर लेकर जुलूस के साथ निकले। चादरी जुलूस विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए लोयाबाद ईदगाह के समीप मजार शरीफ पर पहुंचा। इस चादर पोशी जुलूस में सभी संप्रदाय के लोगों ने शिरकत कर भाईचारे और गंगा यमुनी तहजीब की मिसाल पेश की। जुलूस में शामिल लोग गौस का दामन नहीं छोड़ेंगे, बाबा का दामन नहीं छोड़ेंगे। कव्वाल मुन्ना अंसारी ने सर पर लिए है तेरे नाम की चादर। खड़े है देरे दर पर कुबूल किजिए मेरे मेरी चादर। इससे पहले मेले का उदघाटन लोयाबाद कोलियरी के पीओ अवधेश कुमार बांसजोडा कोलियरी पीओ ए के झा तथा तेतुलमारी कोलियरी पीओ आलमगीर आलम ने संयुक्त रूप से किया ।कमेटी के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद महामंत्री असलम मंसूरी ने बताया कि 8 नवंबर को नातिया मुशायरा, 9 नवंबर को कव्वाली का मुकाबला मुंबई के आवेश जाहिद नाजां का मुकाबला अमरोहा के फहीम गुलाम वारसी होगा। 10 नवंबर को सुफिया नातिया मनकबत का प्रोग्राम 11 नवंबर को राजस्थान के कव्वाल सलीम अल्ताफ का मुकाबला गुलाम हबीब पैंटर उत्तर प्रदेश के साथ होगा।

# हर्ल सिंदरी में नीमलेपित यूरिया का उत्पादन शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता






**सिन्दरी ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट हर्ल के सिन्दरी खाद कारखाने में 7 नवंबर को नीमलेपित यूरिया का सफलतापूर्वक व्यावसायिक उत्पादन शुरू हुआ। सिन्दरी खाद कारखाने से यूरिया की पहली खेप ट्रक पर लोड कर देवघर के लिए रवाना हुई। ट्रकों को हरी झंडी दिखाने के बाद उक्त जानकारी देते हुए हर्ल सिन्दरी सिनियर वाइस प्रेसिडेंट दिप्तेन राय ने खुशी का इजहार किया है। इसके साथ ही गोरखपुर के बाद सिन्दरी हर्ल के आय का दूसरा स्त्रोत बन गया है। उन्होंने बताया कि सोमवार को लगभग 9 बजे सुबह यूरिया उत्पादन का ट्रायल शुरू किया गया था और व्यावसायिक यूरिया उत्पादन किया गया है।। अपना यूरिया के नाम की बैगिंग कर लगभग 35 टन यूरिया की खेप के साथ पहला ट्रक लोड हुआ। वहीं इसके साथ पाँच ट्रकों को लोडकर सड़क मार्ग से देवघर के लिए रवाना किया गया। उन्होंने हर्ल सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि 5 अक्टूबर को अमोनिया का प्रथम ड्राप प्राप्त हुआ था। वहीं 10 अक्टूबर से अमोनिया का व्यावसायिक उत्पादन शुरू कर दिया गया है। अब तक 6000 टन अमोनिया उत्पादन कर स्टॉक में रख लिया गया है। उन्होंने बताया कि 600 टन अमोनिया अब तक बेचा जा चुका है। 28 अक्टूबर को यूरिया का प्रील टेस्ट किया गया। वहीं 7 नवंबर को नीमलेपित यूरिया का व्यवसायिक उत्पादन शुरू कर दिया गया है।

## देव दीपावली पर पूरा किया गया वादा

इस खबर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता शैलेश सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री का स्वप्न देव दीपावली के दिन पूरा हुआ। वहीं जनता मजदूर संघ सिन्दरी शाखा सचिव रुपेश कुमार ने खुशी जताते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता को पुन: यूरिया उत्पादन की खबर से खुशी प्राप्त हुई है और इसके लिए हर्ल प्रबंधन का आभार प्रकट करते हैं।

## एक नजर में

### सेल टासरा प्रबंधन ने बांटे कंबल



**सिन्दरी ।** ठंड को देखते हुए सेल चासनाला कोलियरी डिवीजन के टासरा प्रोजेक्ट के सीएसआर के तहत सोमवार को डोमगढ़ धौड़ा बस्ती में जरुरतमंदों के बीच लगभग 100 कंबल का वितरण किया गया। इसमें बीसीसीएल डोमगढ़ धौड़ा बस्ती, बीबीजी कैंप महतो बस्ती, गाँधीनगर, सुंदर नगर, डोमगढ़ सीटी बस्ती, डीएलटू के विकलांग, वृद्ध महिला, पुरुषों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर मौजूद टासरा कोलियरी प्रबंधक कुमार उपेंद्र सिंह ने बताया कि ठंड को देखते हुए सीएसआर के तहत सेल टासरा प्रोजेक्ट से सटे बस्ती के विकलांग, विधवाओं, वृद्ध महिला पुरुषों के बीच कंबल का वितरण किया गया है। सेल टासरा के सीएसआर के तहत अन्य कार्य भी किए जा रहे हैं और आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रम किए जाएँगे। कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेल चासनाला टासरा प्रोजेक्ट के एजीएम माइनिंग पंकज कुमार यादव, भू संपदा पदाधिकारी पंकज कुमार मंडल, टासरा कोलियरी प्रबंधक कुमार उपेंद्र सिंह मौजूद रहे।

### अंकिता कुमारी ने नेट जेआरएफ निकाल कर बेरमो कोयलाचल का नाम रोशन किया

**बेरमो।** यूजीसी नेट रिजल्टरू बोकारो जिले के बेरमो स्थित जवाहर नगर की रहने वाली अंकिता कुमारी ने यूजीसी नेट में लोहा मनवाया है। उन्होंने परीक्षा में 99०74 :पर्सेंटअंक हासिल कर सहायक प्रोफेसर बनने की योग्यता के साथ जेआरएफ की सूची में स्थान पा कर परिवार का नाम रोशन किया है। वे यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर सेवाएं देने के लिए पात्र हो गई हैं। उन्होंने वाणिज्य विषय में यह परीक्षा पास की है ।अंकिता ने कहा कि सपने साकार करने के लिए आपको प्रतिबद्ध होना पड़ता है। समर्पण के बिना कुछ हासिल नहीं किया जा सकता है। बता दें कि अंकिता की स्कुली शिक्षा बोकारो के डी०ए०बी स्कुल से हुई है ।राँची वोमेंस कॉलेज से स्नातक और राँची विवि से पी०जी की डिग्री हासिल की। साथ ही वर्तमान में वाणिज्य विभाग राँची विवि से पीएचडी कर रही है। अंकिता ने सफलता का श्रेय अपने पिता संजय सिंहएमाता संजु सिंह और घर के सभी सदस्यों तथा गुरुजनों को दिया है।

## पेज एक का शेष

### सीएम को 'सुप्रीम'...

शिव शंकर शर्मा के अधिवक्ता राजीव कुमार को कोलकाता पुलिस की तरफ से 50 लाख रुपये नगद के साथ गिरफ्तार किये जाने का हवाला कपिल सिब्बल ने दिया था। याचिका संख्या 4290 ऑफ 2021 और 727 ऑफ 2022 मामला भी कुल मिला कर इसी तरह का है। यह पीआइएल एक्सटॉर्शन के लिए हुआ है। अदालत ने सभी पक्षों को सुनने के बाद सुनवाई की प्रक्रिया पूर्ण कर फैसले को सुरक्षित रख लिया था। वही फैसला 7 नवंबर को सुनाया गया है। इस अवसर पर ईडी एवं भारत सरकार की ओर से सोलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया मौजूद थे।

### सवर्ण गरीबों को...

जस्टिस एस रविंद्र भट्ट ने बहुमत के फैसले से असहमति जताते हुए कहा कि ईडब्ल्यूएस कोटे से एससी,एसटी और ओबीसी को बाहर करना ठीक नहीं है।

**पेच कहां फंसा था :** दरअसल, 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए सरकार ने सामान्य वर्ग के लोगों को आर्थिक आधार पर 10% आरक्षण दिया था। इसके लिए संविधान में 103वां संशोधन किया था। कानूनन, आरक्षण की सीमा 50% से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। अभी देशभर में एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को जो आरक्षण मिलता है, वो 50% सीमा के भीतर ही है। केंद्र सरकार के इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 40 से ज्यादा याचिकाएं दायर हुई थीं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने 27 सितंबर को अपना फैसला सुरक्षित रखा था।

**हमने 50% का बैरियर नहीं तोड़ा :** केंद्र : केंद्र की ओर से पेश तत्कालीन अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने सुनवाई के दौरान कहा था कि आरक्षण के 50% बैरियर को सरकार ने नहीं तोड़ा। उन्होंने कहा था- 1992 में सुप्रीम कोर्ट ने ही फैसला दिया था कि 50% से ज्यादा आरक्षण नहीं दिया जाना चाहिए ताकि बाकी 50% जगह सामान्य वर्ग के लोगों के लिए बची रहे। यह आरक्षण 50% में आने वाले सामान्य वर्ग के लोगों के लिए ही है। यह बाकी के 50% वाले ब्लॉक को डिस्टर्ब नहीं करता है।

**27 सितंबर को फैसला सुरक्षित रखा था :** बेंच ने मामले की साढ़े छह दिन तक सुनवाई के बाद 27 सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। चीफ जस्टिस ललित 8 नवंबर यानी मंगलवार को रिटायर हो रहे हैं। इसके पहले 5 अगस्त 2020 को तत्कालीन चीफ जस्टिस एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच ने मामला संविधान पीठ को सौंपा था। चीफ जस्टिस यूयू ललित की अध्यक्षता वाली बेंच ने कुछ अन्य अहम मामलों के साथ इस केस की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने कहा था कि ये बराबरी के संवैधानिक मूल्य का उल्लंघन करता है और संविधान में आर्थिक आधार पर आरक्षण की कभी चर्चा नहीं की गई है। वहीं ईडब्ल्यूएस के समर्थन में दलील देनेवालों के मुताबिक ये आरक्षण काफी समय से अपेक्षित था और इसका स्वागत किया जाना चाहिए।

### भाड़े पर लोग जुटा...

**20 सालों तक भाजपा ने जम कर लूटा :** श्री सोरेन ने कहा कि दिशोम गुरु की अगुवाई में हम लोगों ने लड़के झारखंड लिया पर कतिपय कारणों से राज्य में पहली सरकार उस पार्टी की बनी जिसने शुरू से ही झारखंड अलग राज्य के गठन का विरोध किया था। सत्ता हथिया कर 20 वर्षों के दौरान झारखंड को लूटने का काम किया। राज्य को खोखला बना दिया। उन्हें गरीब -गुरबों की चिंता नहीं थी। अब झामुमो की अगुवाई में दिसुम गुरु का बेटा कमान संभाल रहा है। हमारी सरकार, झारखंड को सवारने और गरीब गुरबों को ऊपर उठाने का काम कर रही है तो यह विपक्ष को हजम नहीं हो रहा है। कुप्रचार के जरिए सरकार को बदनाम करने का काम कर रहा है।

20 साल तक भाजपावालों ने शासन किया। खूब भ्रष्टाचार हुआ है उसका ठीकरा आप मेरी सरकार पर फोड़ना चाहते हैं? यह कहां का न्याय है? उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि राज्य को मजबूत करना है तो गांव को मजबूत बनाना होगा। गांव मजबूत होंगे तो शहर मजबूत होंगे और शहर मजबूत होंगे तो पूरा राज्य मजबूत होगा।

**भाजपा के पास अब कोई मुद्दा नहीं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के झूठ को सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने बेनकाब कर दिया है। अब विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं रहा। राज्य में पीआईएल करने के नाम पर कुछ गिरोह सक्रिय हैं। यह गिरोह मानता है कि आदिवासी राज्य को नहीं चला सकते हैं। उनकी यह गलतफहमी मैंने दूर कर दी। आज झारखंड में जिस तरह की लोक कल्याणकारी योजनाओं की सराहना देशभर में हो रही है। इससे विपक्ष के पेट में दर्द हो रहा है। अब 1932 के खतियान के साथ भी यही हरकत वे लोग कर रहे हैं मेरी सरकार जल्दी ओबीसी को 27% आरक्षण देने जा रही है। अगले चुनाव में विपक्षी दल मुंह दिखाने लायक नहीं रहेंगे। उनकी करतूतें जनता देख रही है।

# जम्मू कश्मीर में सफेद चादर से ढंके पहाड़



जम्मू कश्मीर। अगर आप जम्मू कश्मीर में घूमने का मन बना रहे हैं तो ये सही समय है। प्रदेश के पहाड़ों ने इस समय में बर्फ की चादर ओढ़ ली है और मैदानी इलाकों में मौसम सुहावना बना हुआ है। हालांकि बदले मौसम की अपनी चुनौतियां भी होती हैं। बर्फबारी के चलते पुंछ और राजोरी को दक्षिण कश्मीर के शोपियां से जोड़ने वाला मुगल रोड बंद है। बिगड़े मौसम के चलते श्रीनगर-सोनमर्ग-गुमरी (एसएसजी) रोड पर भी आवाजाही नहीं हो रही है। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामबन के मेहर में पहाड़ी से रुक-रुक कर पत्थर गिर रहे हैं।

## आरक्षण पर कोर्ट के फैसले को लेकर दलों ने दी राय

# मिशन मोदी की जीत : भाजपा

# यूपीए ने की थी पहल : कांग्रेस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** गरीब सवर्णों को शिक्षा व सरकारी नौकरियों में 10 फीसदी आरक्षण के केंद्र सरकार के फैसले पर 'सुप्रीम' मुहर लग गई है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए भाजपा ने इसे पीएम नरेंद्र मोदी की जीत बताया है। उधर, कांग्रेस नेता व पूर्व नौकरशाह उदित राज ने इसकी आलोचना की है।

उन्होंने कहा कि वे सुप्रीम कोर्ट की उच्च जाति समर्थक मानसिकता को चुनौती देते हैं। इडब्ल्यूएस आरक्षण की वैधता को बरकरार रखने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले की भाजपा ने सराहना की है।

**इडब्ल्यूएस का नहीं, सुप्रीम कोर्ट की मानसिकता का विरोध : उदित**

कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि वे ईडब्ल्यूएस आरक्षण का विरोध नहीं कर रहे है, बल्कि सुप्रीम कोर्ट की उच्च जाति समर्थक मानसिकता का विरोध कर रहे हैं। जब अजा-जजा को आरक्षण की बात आती है तो वह इंदिरा साहनी मामले की दुहाई देकर अजा-जजा-ओबीसी को 50 फीसदी आरक्षण की सीमा का हवाला दिया जाता है। आज संविधान का हवाला देकर कहा जा रहा है कि नहीं, आरक्षण की कोई सीमा नहीं है।





**कांग्रेस ने किया इडब्ल्यूएस आरक्षण का समर्थन**

कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि अजा-जजा व ओबीसी के अलावा अन्य वर्गों के गरीबों को 10 फीसदी आरक्षण के लिए 103 वां संविधान संशोधन 2005-06 में तत्कालीन पीएम डॉ मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस नीत संप्रग सरकार द्वारा शुरू की गई पहल का नतीजा है। मनमोहन सरकार ने सिन्हो समिति गठित की थी, जिसने जुलाई 2010 में अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। उसके बाद व्यापक विचार विमर्श का सिलसिला शुरू हुआ और 2014 तक एक विधेयक तैयार किया गया।

### पीएम मोदी की जीत

इस विचार पर सहमति व्यक्त करते हुए भाजपा महासचिव सी. टी. रवि ने कहा कि यह फैसला भारत के गरीबों को सामाजिक न्याय प्रदान करने के अपने मिशन में पीएम मोदी की एक और जीत है। भाजपा के महासचिव (संगठन) बी एल संतोष ने कहा कि शीर्ष न्यायालय ने अनारक्षित वर्गों के लिए इडब्ल्यूएस आरक्षण की वैधता को बरकरार रखा है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरीबों की भलाई की नीति पर मुहर और सामाजिक न्याय की दिशा में एक ओर कदम बताया।

### सामाजिक न्याय के संघर्ष को आघात : स्टालिन

तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने भी फैसले की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि आज के फैसले से करीब आधी सदी से जारी सामाजिक न्याय के संघर्ष को आघात पहुंचा है।

## स्पीड न्यूज

### बीबी जागीर कौर अकाली दल से निष्कासित

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल की अनुशासन समिति ने सोमवार को वरिष्ठ नेता बीबी जागीर कौर को पार्टी से निष्कासित कर दिया। जागीर कौर ने पार्टी के फैसले को अनदेखा करते हुए एसजीपीसी के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने का ऐलान किया था।

### अब्दुल्ला आजम को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं

**नयी दिल्ली।** आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम को सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली। कोर्ट ने अब्दुल्ला की याचिका खारिज कर दी। उन्होंने विधायकी को हाईकोर्ट द्वारा निरस्त किए जाने के फैसले को चुनौती दी थी।

### सेंसेक्स 61 हजार के पार

**मुंबई।** सोमवार को सेंसेक्स 61 हजार अंक के पार पहुंच गया। सेंसेक्स 234.79 अंक की छलांग लगाकर 61 हजार अंक के ऊपर 61185.15 अंक और निफ्टी 85.65 अंक चढ़कर 18202.80 अंक पर रहा।

### रामबन में अलकायदा का आतंकी गिरफ्तार

**रामबन।** जम्मू के जिला रामबन में पुलिस ने सूचना पर आतंकी अमीरुद्दीन खान को पकड़ा है। वह आतंकी संगठन अलकायदा से जुड़ा हुआ है और पश्चिम बंगाल के मशीता हाओरा का रहने वाला है। पुलिस को उसके पास से एक चीनी ग्रेनेड भी बरामद हुआ है।

## साल का आखिरी चंद्रग्रहण आज

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आज को साल का आखिरी चंद्र ग्रहण लगेगा। यह साल का दूसरा चंद्रग्रहण होगा, जो देश के पूर्वोत्तर हिस्से में पूर्ण रूप से दिखाई देगा। बाकी हिस्सो में आंशिक चंद्र ग्रहण देखने को मिलेगा। वैज्ञानिकों का कहना है कि देश में सबसे पहले अरुणाचल प्रदेश में पूर्ण चंद्र ग्रहण देखने को मिलेगा, इसके बाद यह अन्य हिस्सों में दिखाई देगा।

**भारत में सबसे पहले कहां देखा जा सकेगा चंद्र ग्रहण**

भारत में सबसे पहले अरुणालच प्रदेश में चंद्र ग्रहण देखा जा सकेगा। इसके बाद यह गुवाहाटी, रांची, पटना, सिलीगुड़ी, कोलकाता में भी दिखेगा। दिल्ली में भी चंद्रग्रहण को देखा जा सकेगा। वैज्ञानिकों का कहना है कि पूर्वोत्तर भारत के हिस्सों में पूर्ण चंद्रग्रहण देखने को मिलेगा, वहीं अन्य हिस्सों में यह आंशिक रूप से दिखाई देगा।

**देश में चंद्र ग्रहण का समय?**

भारत में चंद्र ग्रहण चंद्रोदय के साथ ही शुरू हो जाएगा। आठ नंवबर को शाम 4 बजकर 23 मिनट से 6 बजकर 19 मिनट तक चंद्रग्रहण रहेगा। चंद्रोदय का समय 5 बजकर 28 मिनट है। भातर के अलावा, एशिया, ऑस्ट्रेलिया, प्रशांत महासागर, हिंद महासागर, उत्तरी पूर्वी यूरोप, उत्तरी अमेरिका और दक्षिणी अमेरिका के अधिकांश हिस्से में साल का आखिरी चंद्र ग्रहण का नजारा दिखाई देगा।

## कांग्रेस में घुटन महसूस करते हैं लोग : शाह

**अहमदाबाद।** गुजरात विधानसभा चुनाव को लेकर गृहमंत्री अमित शाह ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि 2022 के चुनाव में भाजपा सारे रिकॉर्ड तोड़ देगी और भारी बहुमत से सरकार बनाएगी। वोट प्रतिशत में भी बढ़ोतरी होगी। 2017 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने जातिवादी आंदोलन किया था, लेकिन फिर भी भाजपा जीती। गृहमंत्री ने कहा कि कांग्रेस का आरोप निराधार है। कोरोना में सरकार का काम बहुत अच्छा रहा है। लोग कांग्रेस में घुटन महसूस करते हैं, इसलिए लोग बीजेपी में आते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस के सहारे नहीं जीतती भाजपा।

## छावला केस : सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा का फैसला पलटा, तीन दोषियों को किया बरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** साल 2012 में छावला दुष्कर्म मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने इस मामले में सजायाफ्ता तीनों आरोपी रवि, राहुल व विनोद को बरी कर दिया है। मालूम हो कि 2012 में दिल्ली के छावला इलाके में एक 19 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। इस मामले में दिल्ली की एक अदालत ने फरवरी, 2014 में तीनों अभियुक्तों को मौत की सुजा सुनाई थी। बाद में हाईकोर्ट ने भी इस सजा को बरकरार रखा। इसके बाद तीनों इस इस आदेश को



सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। यह घटना उस वक्त हुई थी, जब 2012 में युवती अपने दफ्तर से लौट रही थी। इस दौरान तीनों आरोपियों ने उसका अपहरण कर लिया और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद तीनों ने अमानवीयता की भी सारी हदों को पार कर दिया। पीड़ित की क्षत-विक्षत लाश एक खेत में पड़ी मिली थी और उस पर कार के औजारों से लेकर मिट्टी के बर्तनों तक से हमले के कारण कई गंभीर चोटों के निशान थे। आरोपियों ने इस सजा को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इसके बाद 26 अगस्त 2014 को दिल्ली हाईकोर्ट ने भी मौत की सजा को बरकरार रखते हुए कहा था कि वे 'शिकारी' थे जो सड़कों पर घूम रहे थे और 'शिकार की तलाश में थे'। तीन लोगों, रवि कुमार, राहुल और विनोद को अपहरण, बलात्कार और हत्या से संबंधित विभिन्न आरोपों के तहत दोषी ठहराया गया था। इसके बाद दोषियों की तरफ से सजा के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की गई थी।

## बिहार के कटिहार में भाजपा नेता की गोली मार कर हत्या

**कटिहार।** बिहार के कटिहार जिले में सोमवार को स्थानीय भाजपा नेता संजीव मिश्रा की गोली मार कर हत्या कर दी गई। इसके विरोध में गांव के लोगों ने चक्काजाम कर दिया। क्षेत्र में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार दो बाइक सवार टेल्टा थाना क्षेत्र में स्थित मिश्रा के घर पहुंचे और उन्हें गोली मार दी। बताया गया है कि पुरानी रंजिश को लेकर वारदात को अंजाम दिया गया। हत्या के विरोध में स्थानीय लोगों ने चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

## पीडीएम प्रमुख ने कसा तंज 'शाहरुख और सलमान से भी अच्छी एक्टिंग कर लेते हैं इमरान'

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने इमरान खान पर जोरदार हमला बोला है। फजलुर ने कहा कि इमरान खान पर हमला महज एक नाटक था। उन्होंने कहा कि इमरान खान ने अभिनय कौशल में शाहरुख खान और सलमान खान को भी पीछे छोड़ दिया है। बता दें कि एक जनसभा के दौरान इमरान खान को पैर में एक शख्स ने गोली मार दी थी।

## सैन्य कमांडरों का सम्मेलन शुरू

**नयी दिल्ली।** सेना के शीर्ष कमांडरों का सम्मेलन सोमवार से शुरू हो गया, जिसमें पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सैन्य गतिरोध सहित विभिन्न सुरक्षा चुनौतियों और उनसे निपटने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। पांच दिन के इस सम्मेलन में सेना को भविष्य की जरूरतों को देखते हुए सशक्त और सक्षम बनाने के बारे में भी गहन विचार विमर्श किया जाएगा।

## कांग्रेस और भारत जोड़ो यात्रा के ट्विटर हैंडल ब्लॉक करने का आदेश

एजेंसी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की एक अदालत ने म्यूजिक कॉपीराइट मामले में कार्रवाई करते हुए कांग्रेस और उसके आंदोलन 'भारत जोड़ो यात्रा' के ट्विटर हैंडल को अस्थायी रूप से ब्लॉक करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने यह आदेश एमआरटी म्यूजिक द्वारा दायर की गई याचिका पर दिया है। आदेश देते हुए अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया पेश किए गए सबूतों के बाद भी अगर साउंड रिकॉर्ड के कथित अवैध उपयोग को प्रोत्साहित किया गया, तो वादी को नुकसान उठाना पड़ेगा। इससे बड़े पैमाने पर कॉपीराइट उल्लंघन को बढ़ावा मिलेगा। दरअसल, राहुल गांधी के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। राहुल इन दिनों अपनी भारत जोड़ो यात्रा पर हैं। इस यात्रा के प्रचार के लिए सोशल मीडिया पर शेयर करने के लिए कई वीडियोज बनाए गए। इनमें कांग्रेस ने सुपरस्टार यश की फिल्म 'केजीएफ' के म्यूजिक का इस्तेमाल किया है, जिसकी वजह से केजीएफ चैप्टर 2 फेम एमआरटी म्यूजिक ने कॉपीराइट एक्ट के तहत शिकायत दर्ज करवाई थी। एमआरटी म्यूजिक की शिकायत के आधार पर पुलिस स्टेशन में दर्ज इस एफआईआर में राहुल गांधी, जयराम रमेश और सुप्रिया श्रीनेत का नाम है।

## अमेरिका के बाद ब्रिटेन के मंत्री पहुंचे ताइवान, नाराज चीन ने कहा- वन चाइना पॉलिसी का उल्लंघन कर रहा ब्रिटेन

**बीजिंग।** चीन ने ब्रिटेन के व्यापार मंत्री ग्रेग हैंड्स के ताइवान दौरे पर पलटवार किया है। चीन ने कहा कि ब्रिटेन वन चाइना पॉलिसी का उल्लंघन कर रहा है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन ने वन चाइना पॉलिसी पर अपनी प्रतिबद्धता जताई थी, अब वह इससे पीछे हट रहा है। चीन ने कहा कि ब्रिटेन ताइपे के साथ आधिकारिक संपर्क नहीं करने की बीजिंग की चेतावनियों की अवहेलना कर रहा है। गौरतलब है कि ब्रिटिश व्यापार मंत्री ग्रेग हैंड्स दो दिवसीय दौरे पर आज यानी सोमवार को ताइपे पहुंचे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियन ने सोमवार को बीजिंग में कहा कि दुनिया में केवल एक-चीन है और ताइवान चीन के क्षेत्र का एक अविभाज्य हिस्सा है। चीन किसी भी देश के ताइवान के साथ राजनयिक संबंध या किसी भी आधिकारिक बातचीत को खारिज करता है। एक चीन का सिद्धांत ब्रिटेन-चीन संबंधों का राजनीतिक आधार है। झाओ ने कहा कि ब्रिटेन को चीन की स्थिति का सम्मान करना चाहिए और ताइवान के साथ आधिकारिक बातचीत बंद करनी चाहिए।

## शाहरुख की जवान में नजर आयेंगी टीवी एक्ट्रेस रिद्धि डोगरा

एटली कुमार के निर्देशन में बन रही शाहरुख खान स्टारर फिल्म 'जवान' अपनी घोषणा के बाद से ही सुर्खियों में बनी हुई है। दर्शक 'जवान' में शाहरुख खान को अभिनय करते देखने के लिए बेकरार हैं। उनको स्क्रीन पर वापसी करते देखना उनके फैंस के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं है। 'जवान' में खतरनाक लुक में नजर आने वाले शाहरुख के साथ इस फिल्म में साउथ की लेडी सुपरस्टार नयनतारा और विजय सेतुपति नजर आने वाले हैं। ऐसे में अब इस फिल्म को लेकर एक और बड़ा अपडेट सामने आ रही है, जिसे सुन टीवी कलाकारों के फैंस खुशी से झूम उठेंगे। दरअसल, दावा किया जा रहा है कि फिल्म टीवी एक्ट्रेस रिद्धि डोगरा को साइन किया गया है। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि रिद्धि डोगरा शाहरुख खान की 'जवान' में दिखाई देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो एक पैन इंडिया फिल्म है। भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के बड़े-बड़े अभिनेताओं जैसे विजय सेतुपति, नयनतारा से सजी इस फिल्म में अब रिधि डोगरा भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती नजर आने वाली हैं। 'मैरिड वुमन' और 'असुर' जैसी ओटीटी सीरीज में अपने काम के लिए मशहूर रिद्धि डोगरा के रोल के बारे में इससे ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।






## टी20 वर्ल्ड कप 2024 : भारत-पाक समेत 12 देशों ने किया क्वालीफाई

एजेंसी

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया में टी20 वर्ल्ड कप अपने अंजाम तक पहुंचने जा रहा है। नौ नवंबर से सेमीफाइनल राउंड की शुरूआत होगी। वहीं, 13 नवंबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इसी के साथ 2024 में यूएसए-वेस्टइंडीज में खेले जाने वाले अगले टी20 विश्व कप की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं।

यूएसए में खेला जाने वाला यह पहला आइसीसी वर्ल्ड कप होगा। इसके लिए अब तक 12 टीमों ने सीधे क्वालिफाई कर लिया है। वेस्टइंडीज और यूएसए मेजबान होने की वजह से पहले ही क्वालिफाई कर चुका है। इसके अलावा टेस्ट खेलने वाले सभी अहम देशों ने क्वालिफाई कर लिया है। रविवार को नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका जैसी मजबूत टीम को हराकर बड़ा उलटफेर किया। इसका उन्हें काफी फायदा हुआ है और टीम 2024 के मेन स्टेज राउंड के लिए सीधे क्वालिफाई कर गई। हालांकि, इसके लिए पाकिस्तान को बांग्लादेश को हराना जरूरी था और वैसा ही हुआ। पाकिस्तान के जीतते ही नीदरलैंड ने अगले टी20 विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर लिया।



2024 टी20 विश्व कप के लिए अब तक डायरेक्ट क्वालिफाई करने वाली टीमें- वेस्टइंडीज, यूएसए, भारत, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, अफगानिस्तान, श्रीलंका, नीदरलैंड, बांग्लादेश। इनके अलावा आठ और टीमों को क्वालिफाई करना है। अगला टी20 विश्व कप 20 टीमों के बीच खेला जाएगा। इस विश्व कप से टी20 वर्ल्ड कप में सुपर-8 राउंड की वापसी होगी। पहले 20 टीमों को पांच-पांच के चार ग्रुप में बांटा जाएगा।

हर ग्रुप की टॉप दो टीमें सुपर-8 राउंड के लिए क्वालिफाई करेंगी। सुपर-8 राउंड में आठ टीमों को चार-चार के दो ग्रुप में बांटा जाएगा। दोनों ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुचेंगी। इसके बाद फाइनल खेला जाएगा।

## आइसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बने कोहली

**दुबई।** आइसीसी ने अक्तूबर महीने के प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड की घोषणा कर दी है। पुरुषों में भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को और महिलाओं में पाकिस्तान की दिग्गज ऑलराउंडर निदा डार को यह अवॉर्ड दिया गया है। उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज और टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए यह अवॉर्ड दिया गया है। कोहली की टक्कर जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा और दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर से थी, लेकिन कोहली को सबसे ज्यादा वोट मिले। प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीतने के बाद कोहली ने कहा- मेरे लिए यह बहुत सम्मान की बात है। दुनिया भर के प्रशंसकों और पैनल द्वारा स्टैंडआउट खिलाड़ी के रूप में चुने जाने से यह सम्मान मेरे लिए और भी खास हो जाता है।



मैं अन्य नामित खिलाड़ियों को भी बधाई देना चाहूंगा, जिन्होंने महीने के दौरान इतना अच्छा प्रदर्शन किया। साथ ही मैं अपने साथियों को भी धन्यवाद देना चाहूंगा, जो मुझे हमेशा अपना बेस्ट करने के लिए समर्थन करते हैं।

### जाखड़ ने विश्व चैंपियनशिप में भारत का खाता खोला

**अल ऐन।** भारतीय पैरा-शूटर राहुल जाखड़ ने पैरा शूटिंग विश्व चैंपियनशिप में सोमवार को कांस्य पदक हासिल किया। जाखड़ ने टूर्नामेंट में भारत का खाता खोलने के लिये पी3 मिश्रित 25 मीटर पिस्टल एसएच1 प्रतियोगिता में 21 के स्कोर के साथ अपने हमवतन निहाल सिंह को शिकस्त दी। निहाल 20 पॉइंट के साथ चौथे स्थान पर रहे, जबकि दो बार के पैरा ओलंपिक मेडलिस्ट सिंहराज अधाना ने 13 अंकों के साथ छठा स्थान हासिल किया।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| Mathematics Practical | ₹ 60 | Hindi Vyakaran- I | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 60 | English Grammar- I | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | Sanskrit Vyakaran- I | ₹ 50 |
| Hindi Vyakaran- I | ₹ 60 | | |
| English Grammar- I | ₹ 60 | | |
| Sanskrit Vyakaran- I | ₹ 50 | | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!